संसेक्स 72,748.42 ▲ +104.99
डॉलर 82.936 ▲ +0.047

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 28.0 | 16.0 | 21.0 |
| धनबाद | 31.0 | 20.0 | 24.0 |
| जमशेदपुर | 32.0 | 19.0 | 25.0 |
| पलामू | 31.0 | 18.0 | 22.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, फाल्गुन शुक्ल पक्ष 10, विक्रम संवत 2080 | रांची, मंगलवार, 19 मार्च 2024, वर्ष-25, अंक-49, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय ▶ डोनेशन लेना हर राजनीतिक पार्टी का हक ... 08
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
जिस शक्ति के बारे में मैंने कहा, वह अधर्म ...12 ◀ देश-विदेश


## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,100

चांदी (1 किलो) 80,300

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।






श्री श्याम मित्र मंडल रांची के स्थापना दिवस पर पांच दिवसीय रंग रंगीलो श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को निकाली गई शोभायात्रा के दौरान श्री श्याम के रंग में रंगे श्रद्धालु।

# चुनाव आयोग ने झारखंड के गृह सचिव को हटाया

### गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के गृह सचिव सहित बंगाल के डीजीपी भी बदले गए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए छह राज्यों गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के गृह सचिवों को हटाने का निर्देश दिया है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक को भी हटाने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार इसके अलावा बृहन्मुंबई नगर आयुक्त इकबाल सिंह चहल, अतिरिक्त आयुक्त और उपायुक्त को भी पद से हटाया गया है। इसी तरह मिजोरम और हिमाचल प्रदेश के सामान्य प्रशासन विभाग के सचिवों को भी पद से हटाया गया है। आयोग का मानना है कि कुछ अधिकारी मुख्यमंत्री कार्यालय में पदभार संभाल रहे थे। इसके चलते चुनावी प्रक्रिया के दौरान उनसे अपेक्षित आवश्यक निष्पक्षता और तटस्थता खासकर कानून और व्यवस्था, बल तैनाती से संबंधित मामलों में समझौता हो सकता है।

## महज 13 दिन पहले गृह सचिव बनाए गए अरवा राजकमल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में मात्र 13 दिन पहले गृह सचिव बनाए गए अरवा राजकमल को चुनाव आयोग ने हटा दिया है। अरवा राजकमल 2008 बैच के आईएएस हैं। उन्हें 27 फरवरी को कल्याण विभाग से स्थानांतरित करते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री का प्रभारी सचिव बनाया गया था। सके बाद 5 मार्च को उन्हें गृह, आपदा प्रबंधन एवं कारा विभाग के सचिव का भी अतिरिक्त कार्यभार सौंप दिया गया था। राज्य में कई सीनियर आईएएस अफसरों की वरीयता की अनदेखी कर राजमकल को गृह सचिव बनाने के सरकार के फैसले पर तभी से सवाल उठ रहे थे। विपक्ष ने भी राजकमल को गृह सचिव का प्रभार सौंपे जाने पर सवाल उठाए थे। झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस फैसले पर सवाल उठाते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था, झारखंड को अजायबघर बना दिया गया है। समझ में नहीं आ रहा ये सरकार है या सर्कस? 2008 बैच के आईएएस अरवा राजकमल को गृह विभाग का प्रभार दिया गया है। झारखंड में डीजीपी 1989 बैच के हैं। इतने (बीस साल) जूनियर अफसर को जो सचिव/कमिश्नर रैंक में भी नहीं हैं, उसे गृह विभाग का सचिव बना देना हास्यास्पद है। इतने सीनियर आईपीएस अपने से इतने जूनियर आईएएस को रिपोर्ट करेंगे?

### ममाला इलेक्टोरल बॉन्ड का

# 21 तक बॉन्ड संबंधी सभी जानकारी दे एसबीआई



### यूनिक अल्फान्यूमरिक नंबर पर संविधान पीठ का ऐतिहासिक फैसला

### बॉन्ड के नंबर बताएं, चेयरमैन हलफनामा दें कि कोई जानकारी छिपाई नहीं

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय की भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली जस्टिस संजीव खन्ना, बीआर गवई, जेबी पारदीवाला व मनोज मिश्रा की संवैधानिक पीठ ने इलेक्टोरल बॉन्ड के यूनिक नंबर को लेकर सोमवार 8 मार्च को हुई सुनवाई में एसबीआई को कहा कि वह इलेक्टोरल बॉन्ड से संबंधी हर जानकारी 21 मार्च तक दे। सर्वोच्च न्यायालय ने नए आदेश में उन यूनिक बॉन्ड नंबर्स के खुलासे का भी आदेश दिया, जिनके जरिए बॉन्ड खरीदने वाले और फंड पाने वाली राजनीतिक पार्टी का लिंक पता चलता है। यह नहीं होने पाए इसके लिए सरकार के वकील सॉलिसिटर जनरल व ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

### सर्वोच्च न्यायालय में जो हुआ उसका लाइव विवरण

**मुकुल रोहतगी :** मैं फिक्की व एसोचैम की तरफ से आया हूं। हमने एप्लीकेशन फाइल की है।

**सीजेआई :** ऐसी कोई एप्लीकेशन मेरे सामने नहीं है।

**रोहतगी :** यह इलेक्टोरल बॉन्ड नंबर्स के संबंध में है।

**सीजेआई :** जब हमने इस पर फैसला दे दिया, उसके बाद आप आ रहे हैं। अभी हम आपको नहीं सुन सकते हैं।

**जस्टिस गवई :** पूरी दुनिया जानती है कि इस मामले की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

**सीजेआई :** हम आपके लिए कोई अलग व्यवस्था नहीं कर सकते हैं। जैसी व्यवस्था सबके लिए है, वैसी ही आपके लिए भी है।

मैथ्यूज नेंदुमपारा: जनता की पीठ पीछे पूरा जजमेंट दे दिया गया है।

**सीजेआई :** मुझसे चिल्लाकर मत बोले। अगर एप्लीकेशन फाइल करनी है तो करो। हम आपको नहीं सुन रहे।

**जस्टिस गवई :** (नेंदुमपारा से) आपको कंटेम्प्ट नोटिस चाहिए?

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष आदिश अग्रवाल ने रिव्यू के लिए दायर की गई याचिका का ध्यान बेंच को दिलाया।

**सीजेआई :** आप एक वरिष्ठ वकील होने के अलावा सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं। आपको प्रक्रिया पता है। आपने मुझे एक चिट्ठी भी लिखी। यह सब पब्लिसिटी के लिए है। इसे यहीं छोड़ते हैं और ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहता हूं।

**सीजेआई :** हमने पिछली बार एसबीआई को नोटिस भेजा था।

**हरीश साल्वे :** एसबीआई की ओर से मैं आया हूं।

**सीजेआई :** हमने कहा था कि सारी डिटेल्स सामने लाइए। इसमें बॉन्ड नंबरों की भी बात थी। इन जानकारियों का खुलासा करने में एसबीआई सिलेक्टिव ना रहे। हमारे आदेशों का इंतजार ना करें, हमें उम्मीद है कि सीबीआई कोर्ट के साथ ईमानदार रहेगा। आपके पास इलेक्टोरल बॉन्ड की जो भी जानकारी हो, उसे सामने लाइए।

**सीजेआई :** एसबीआई चाहती है कि हम उसे बताएं कि किन जानकारियों का खुलासा करना है और वो जानकारी दे देंगे। एसबीआई के रवैये से तो यही लग रहा है। ये उचित नहीं है।

**सीजेआई :** जब हमने कहा सारी डिटेल्स तो इसमें सभी डेटा शामिल है।

**हरीश साल्वे:** क्या मैं बता सकता हूं कि एसबीआई ने ऑर्डर को किस तरह समझा है। हम आपको सब कुछ देंगे।

**सीजेआई :** हम इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ी हर वो जानकारी चाहते हैं, जो आपके पास है।

**हरीश साल्वे :** 2019 में भी आपने इलेक्शन कमीशन से कहा था कि राजनीतिक दलों से जुड़ी जानकारी बंद लिफाफे में दी जाए।

**सीजेआई :** हम यह मान रहे हैं कि आप किसी राजनीतिक दल की तरफ से जिरह नहीं कर रहे हैं।

**हरीश साल्वे:** अगर बॉन्ड में नंबर्स हैं तो हम वो भी देंगे।

**सीजेआई :** हमें बताइए एसबीआई ने खरीद के वक्त किस फॉर्मेट में इलेक्टोरल बॉन्ड का डेटा जमा किया था?

**हरीश साल्वे:** उस वक्त हम पर गोपनीयता का दबाव था।

**सीजेआई :** किस फॉर्मेट में सेव किया था?

**हरीश साल्वे:** दो फाइल्स में डेटा सेव किया था। बॉन्ड नंबर सिर्फ बॉन्ड पर था। ये केवल यूवी लाइट में दिखता है।

**सीजेआई :** ये सिर्फ सिक्योरिटी फीचर है या इससे ऑडिट भी किया जा सकता है?

**हरीश साल्वे:** ये सिक्योरिटी फीचर है। ऑडिट ट्रेल अलग है।

**सीजेआई :** आपकी कोई ब्रांच नंबर का मिलान करते वक्त यह कैसे तय करेगी कि ये फर्जी बॉन्ड नहीं है?

**हरीश साल्वे:** ये एक नोट की तरह है।

**सीजेआई :** जब आप अल्फान्यूमेरिक को स्कैन करते हैं तो आप को कौन सी जानकारी मिलती है?

**हरीश साल्वे:** इनका आपस में संबंध नहीं दिया गया है।

**सीजेआई :** एसबीआई बॉन्ड नंबर की जानकारी भी सबके सामने रखे। आप एक एफिडेविट भी दाखिल कीजिए कि आपने कोई जानकारी छिपाई नहीं है।

**हरीश साल्वे:** हम ऐसा कर देंगे। हम हर वो जानकारी देंगे, जो हमारे पास है। हम कोई जानकारी छिपाएंगे नहीं। हम बॉन्ड नंबर भी देंगे। वोटर्स की जानकारी में ये बात हो, ये अलग मसला है। अगर फिर याचिकाएं दाखिल की जाती हैं कि इसकी जांच करो, उसकी जांच करो तो मुझे लगता है कि अदालत के आदेश का ये मकसद नहीं है। मीडिया हमेशा हमारे पीछे लगा रहता है। पेटीशनर्स भी हैं। इन पर कंटेंप्ट ऑफ कोर्ट लगाया जाए।

**सुप्रीम कोर्ट : एसबीआई चेयरमैन को जानकारी देने के लिए शाम 5 बजे तक का दिया समय**

## पश्चिम सिंहभूम में पीएलएफआई समर्थक की गोली मारकर हत्या

**पश्चिम सिंहभूम।** जिले के अति नक्सल प्रभावित आनंदपुर में पीएलएफआई उग्रवादी समर्थक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। उसकी पहचान मतियस उर्फ मंगरा के रूप में की गयी है। वह गुदड़ी थाना क्षेत्र के बरकेल का रहने वाला था। घटना रविवार देर शाम की है। पुलिस ने सोमवार को घटनास्थल पहुंच कर मतियस के शव को घटना स्थल से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए चक्रधरपुर भेज दिया है। पुलिस ने घटनास्थल से तीन खोखे भी बरामद किये हैं। मतियस की हत्या करने वाले कौन थे और मतियस की हत्या के पीछे का कारण क्या है यह अब तक पता नहीं चल पाया है लेकिन जिस क्षेत्र में उसकी हत्या हुई है वह पीएलएफआई उग्रवादी क्षेत्र है।

## तेज हवाओं के साथ बारिश ने मचायी तबाही, कई जगहों पर पेड़ गिरे

### अगले 3 दिन ऑरेंज अलर्ट, कई जिलों में 50 किमी की रफ्तार से चलेगी हवा

### आज से रांची समेत कई जिलों में भारी बारिश, वज्रपात व ओलावृष्टि की भी जताई आशंका

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में सोमवार को मौसम का मिजाज दोपहर बाद अचानक बदल गया और बारिश होने लगी। राज्य के के अलग-अलग हिस्सों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। बिजली कड़की. तेज हवाओं की वजह से राजधानी की सड़कों पर कई पेड़ गिर गये। बारिश शुरू होने के थोड़ी ही देर बाद रांची में बिजली गुल हो गयी। दिन में ही मौसम ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर



राज्य में 19 और 20 मार्च को अधिकांश हिस्सों में बारिश होने का अनुमान है। जबकि, अगले 24 घंटों के दौरान रांची समेत राज्य के कुछ जिलों में 40-50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी और गरज के साथ बारिश हो सकती है।

**अभिषेक आनंद, वैज्ञानिक, मौसम विभाग, रांची**

### पेपर लीक को लेकर एक्शन में आयोग

## परीक्षार्थियों के खिलाफ होगी बड़ी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जेपीएससी पेपर लीक जामताड़ा, धनबाद तथा चतरा में जेपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के पेपर लीक का अफवाह फैलाने वाले परीक्षार्थियों या अन्य लोगों के विरुद्ध कार्रवाई होगी। झारखंड लोक सेवा आयोग ने ऐसे लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध झारखंड प्रतियोगिता परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) अधिनियम, 2023 के तहत कार्रवाई करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध राज्य के मुख्य सचिव से किया है।

**अफवाह व तथ्यहीन सूचना फैलाना दंडनीय अपराध :** इसे लेकर आयोग द्वारा मुख्य सचिव को पत्र लिखा जा रहा है। इस अधिनियम के तहत किसी प्रकार के अफवाह व तथ्यहीन सूचना फैलाना दंडनीय अपराध है। इसमें कारावास के साथ-साथ




अधिकतम 10 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का भी प्रविधान है। आयोग के सचिव अक्षय कुमार के अनुसार, आयोग को जामताड़ा, धनबाद, चतरा सहित सभी जिलों से परीक्षा के आयोजन को लेकर रिपोर्ट मिल गई है। जामताड़ा, धनबाद तथा चतरा के किसी भी केंद्र में प्रश्नपत्र के लिफाफे के सील टूटे होने की पुष्टि नहीं हुई है। दो-तीन केंद्रों पर अभ्यर्थियों के हंगामा के बाद भी वहां परीक्षा संपन्न हुई। अन्य जगहों पर परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण संपन्न हुई है।

**अफवाह फैलाने की घटना पर आयोग गंभीर :** उनके अनुसार, पेपर लीक के अफवाह फैलाने की घटना को आयोग ने गंभीरता से लिया है। आयोग ने संबंधित जिलों के उपायुक्तों को भी ऐसे लोगों को चिह्नित कर निर्धारित कानून के प्रविधानों के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं, क्योंकि इस तरह की झूठी और भ्रामक खबर फैलाने से गंभीर परीक्षार्थियों का मनोबल टूटता है। बता दें कि तीनों जिलों के एक-एक केंद्रों पर परीक्षार्थियों ने प्रश्नपत्र के लिफाफे का सील टूटे होने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। जामताड़ा में पेपर लीक होने का एक वीडियो भी वायरल किया गया था।

## एक नजर

### सिविल सेवक पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को अपनाएं : राष्ट्रपति मुर्मू

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सिविल सेवकों से कहा कि दुनिया ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के खतरों का सामना कर रही है, इसलिए यह आवश्यक है कि वे पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को अपनाने और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए नवीन उपाय करें। एलबीएसएनएए में 125वें इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम में भाग लेने वाले राज्य सिविल सेवा अधिकारियों ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

### आजकल




## इंडिया

# बेमौसम बारिश और बरसात में सूखा बड़ी चेतावनी



सुनील बादल

**जाड़े** में गर्मी, गर्मी में बरसात और बरसात में पानी को तरसते किसान झारखंड ही नहीं अपने देश के साथ दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन भीषण असर दिखाने लगा है। यह वैश्विक स्तर पर बड़ी चर्चा का विषय है कि आने वाले समय में यह कई तरह के संकटों को जन्म देगा। अब यह महज वैश्विक मुद्दा नहीं रहा, बल्कि स्थानीय स्तर पर भी इसके बड़े असर दिखाई दे रहे हैं। उदाहरण के लिए, अगर अपने देश में ही देख लें, तो 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, देश के सभी हिस्सों में किसी न किसी रूप में चरम मौसमी घटनाएं हुई हैं और लगभग हर राज्य इनकी चपेट में आया है। भारी बारिश, बादल फटना, आकाशीय बिजली गिरना, सूखा और शीत लहर जैसी चरम मौसमी घटनाओं की आवृत्ति में वृद्धि हुई है।भारत में लगभग 3,287 नागरिकों की मौतें असामान्य मौसम के कारण हुईं। इसके अलावा, 1,24,000 जानवरों को भी किसी न किसी मौसमी घटना का शिकार होना पड़ा। देश में करीब 20 लाख हेक्टेयर भूमि सूखे या अतिवृष्टि के कारण बाढ़ की चपेट में आई। पिछले वर्ष हिमालयी राज्य उत्तराखंड में मौसम की घटनाओं के कारण हालात काफी बिगड़ गए। उत्तराखंड में करीब 150 दिन ऐसे निकले, जब किसी न किसी बुरी स्थिति का न सामना करना पड़ा हो। ऐसे ही मध्य प्रदेश में 141 दिन और उत्तर प्रदेश एवं केरल में 119 दिन खराब थे। मौसम की इस असामान्यता का सबसे बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन है। पूरे देश में जून और सितंबर के बीच करीब 123 दिन ऐसे रहे, जिन्हें असामान्य कहा जा सकता है। पर हम अब भी इन आंकड़ों से यह नहीं सीख पाए हैं कि हमारे चारों तरफ की परिस्थितियां बिगड़ चुकी हैं और आने वाले समय में हमें और भी घातक दुष्परिणामों का सामना करना होगा। पूरे देश में करीब आठ राज्य ऐसे रहे, जहां 100 से ज्यादा असामान्य घटनाएं हुईं और 208 दिनों में भारी बारिश, बाढ़, भूस्खलन की घटनाएं सामने आईं। इतना ही नहीं, बिजली और तूफान की घटनाएं 202 दिन और 50 दिन शीत लहर, 29 दिन बादल फटने, नौ दिन बर्फबारी और पांच दिन चक्रवात की घटनाएं देखने को मिलीं। इन घटनाओं से यह साफ हो गया है कि जलवायु परिवर्तन का घातक असर अब स्पष्ट दिखने लगा है। वर्ष 2024 में जनवरी से ही मौसम में वह सामान्यता नहीं दिख रही है, जो अक्सर होती थी। वैज्ञानिकों का मानना है कि लगातार नौ महीनों से तापक्रम वह नहीं रहा, जो पिछले दशकों में था। मतलब औसतन तापक्रम में वृद्धि देखी गई। वर्ष 2023 में जुलाई को सबसे गर्म महीना बताया गया था, लेकिन आशंका है कि इस वर्ष भी दुनिया को गर्मी के बड़े संकटों का सामना करना पड़ेगा।



वैसे वैज्ञानिकों का मानना है कि अल नीनो जून-जुलाई तक शांत हो जाएगा। लेकिन उसके तत्काल बाद अल नीना दूसरी तरह की मौसमी विषमताओं को खड़ा करेगा, जिसमें शीतकालीन स्थितियां और भी गंभीर होंगी। और यह सब सिर्फ अपने ही देश में नहीं, बल्कि सारी दुनिया में होगा। जलवायु परिवर्तन के चलते पूरी दुनिया में इस बार वसंत समय से पहले ही आ गया। समय से पहले ही गर्मी ने दस्तक दे दी। जापान और मैक्सिको में समय से पहले ही फूल खिल गए। यूरोप में बर्फ तेजी से पिघलने लगी। टेक्सास, जहां अत्यधिक गर्मी पड़ती है, वहां अभी से ही तापमान काफी बढ़ गया है। ये आंकड़े बड़े डरावने हैं, अगर हम इन्हें गंभीरता से नहीं लेंगे, तो आने वाले समय में शायद हवा-मिट्टी-पानी की कमी तो झेलेंगे ही, हमारी सेहत पर भी इसका बुरा असर पड़ेगा। अमेरिका के नेशनल ओशनिक ऐंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन ने पर्यावरण के शुरूआती रुझानों के बारे में बताया कि आंकड़ों के लक्षण ठीक नहीं दिखाई देते। जल्दी ही यह संस्थान एक रिपोर्ट पेश करेगा, जिसमें दुनिया के पर्यावरणीय हालात के बारे में बताया जाएगा। वैज्ञानिकों का मानना है कि 2024 के मध्य तक अल नीनो खत्म होने से थोड़ी राहत मिलेगी। पर पुराने अनुभव बताते हैं कि जब सब कुछ भटक जाता है, तो सटीक स्थिति का पता नहीं चलता। अपने देश में पश्चिमी विक्षोभ ही आगे सरक गया। जो वर्षा दिसंबर में होनी थी, वह मार्च में हो रही है। अब तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर माना जाने लगा कि 2024 सबसे गर्म होगा, और यह अब तक के पांच सबसे गर्म वर्षों में शामिल हो जाएगा। इस बात की 99 फीसदी आशंका है कि हम आने वाले समय में बहुत ज्यादा गर्मी झेलेंगे। हमने पिछले दो-तीन दशकों से इसी तरह का रुझान देखा है और इसमें कोई सुधार नहीं दिखा। हमने ऐसा कुछ नहीं किया, जो आने वाले समय में हमें इससे राहत दे सके। सबसे बड़ी बात यह है कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को देखने के बावजूद हमारी गतिविधियां, चाहे वह ढांचागत विकास हो और या फिर अन्य विकास गतिविधियां, उन पर कोई अंकुश नहीं लगा है, बल्कि वे बदस्तूर जारी हैं। खास तौर से निर्माण कार्य, आवाजाही, औद्योगिकीकरण आदि पर कोई नियंत्रण नहीं दिखता। इसके अलावा, जिस तरह से ऊर्जा खपाती जीवन-शैली लगातार बढ़ती चली जा रही है, वह घातक सिद्ध होने वाली है। इसके अलावा, हिमालय की चोटियों पर अब एरोसोल का दबाव बढ़ गया है। इसरो द्वारा जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार, हिमालय के ऊपरी इलाकों में जिस तरह से एरोसोल का घनत्व बढ़ता जा रहा है, इसकी बढ़ती ऑप्टिकल डेंसिटी स्थानीय तापक्रम को बढ़ाएगी, जिसका सीधा असर हिमखंडों पर पड़ेगा, जो झील के रूप में परिवर्तित हो जाएंगे। इस तरह की झीलों के दो-तीन बड़े असर होंगे। सबसे पहले, तो आने वाले समय में पानी का संकट बढ़ेगा। यही समय है कि हम अपनी नीतियों का, खासतौर से परिस्थितिकी दृष्टिकोण से अवलोकन कर लें। वरना बाद में प्राकृतिक आपदाएं ज्यादा सोचने का अवसर नहीं देंगी और सब कुछ बर्बाद हो जाएगा। प्रकृति के संकेतों को समझने में ही भलाई है।

### ईडी की कार्रवाई

## हेमंत के प्रेस सलाहकार रहे पिंटू से जमीन व माइनिंग घोटाले में पूछताछ





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बहुचर्चित माइनिंग और जमीन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू से पूछताछ कर रही है। एजेंसी ने उन्हें हाजिर होने के लिए समन भेजा था। जमीन घोटाला और अवैध खनन मामले में ईडी ने 3 जनवरी, 2024 की सुबह अभिषेक प्रसाद पिंटू समेत कई अन्य लोगों के ठिकाने पर छापेमारी की थी। इस मामले में ईडी ने उन्हें इसके पहले 16 जनवरी को ईडी ऑफिस में हाजिर होने को कहा था, लेकिन उन्होंने तब पत्नी की बीमारी का हवाला देते हुए बाद में पूछताछ का आग्रह किया था। इसके बाद ईडी ने उन्हें समन भेजकर 18 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया था। अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू के घर से ईडी ने डिजिटल उपकरण व दस्तावेज जब्त किए थे। जांच के क्रम में मिले अन्य दस्तावेजों के आधार पर एजेंसी अपनी कार्रवाई आगे बढ़ा रही है। इसके पहले वर्ष 2022 के अगस्त महीने में भी अभिषेक प्रसाद से साहिबगंज जिले के अवैध माइनिंग स्कैम में ईडी पूछताछ कर चुकी है। ईडी ने इन दोनों घोटालों के सिलसिले में पूछताछ के लिए झारखंड के एक आईएएस अविनाश कुमार की पत्नी प्रीति कुमार को 20 मार्च को और रांची के हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्रा को 19 मार्च को उपस्थित होने का समन भेजा है।

## एक नजर

### शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी की हिरासत अवधि बढ़ी

**रांची।** शराब घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोपित योगेंद्र तिवारी की न्यायिक हिरासत अवधि अदालत ने बढ़ा दी है। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आरोपित को पेश किया गया। अदालत ने आरोपित की न्यायिक हिरासत की अवधि एक अप्रैल तक बढ़ा दी है। ईडी ने योगेंद्र तिवारी को बीते 19 अक्तूबर को गिरफ्तार किया था। तब से वह न्यायिक हिरासत में है। योगेंद्र तिवारी की ओर से बालू की तस्करी और अवैध तरीके से जमीन की खरीद बिक्री कर अर्जित आय को शराब के कारोबार में लगाने की खुलासा ईडी की जांच में हुई है।

### रांची लोकसभा क्षेत्र में 28 मतदान केंद्रों के स्थान बदले

**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र के कुल 28 मतदान केंद्रों के स्थान बदल दिए गए हैं। इसकी जानकारी सोमवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने दी।

### रांची लोस क्षेत्र में 85 की उम्र के 28 हजार वोटर

**रांची।** लोकसभा चुनाव में 85 साल से अधिक उम्र वाले बुजुर्गों और दिव्यांग वोटरों को घर से भी वोट करने की सुविधा है। रांची लोकसभा क्षेत्र में 85 उम्र वाले मतदाताओं की संख्या 28 हजार 333 है, जिसमें 15,309 पुरुष और 13,023 महिलाएं और एक अन्य शामिल हैं। सबसे अधिक हटिया विधानसभा क्षेत्र में 7,810 मतदाता 85 के हैं। रांची लोकसभा क्षेत्र में 23,626 दिव्यांग मतदाता हैं। कांके विधानसभा में सबसे अधिक 5,526 दिव्यांग मतदाता हैं। चुनाव आयोग ने इसके लिए विशेष तैयारियां की है। जिला प्रशासन ने कहा कि उन सबके पास हम फॉर्म पहुंचाएंगे। यदि वे बूथ पर नहीं आएंगे तो हम उनके घर वोट लेने जाएंगे, जो बूथ पर जाना चाहते हैं उनके लिए भी सुविधाएं दी जाएंगी।

### गुप्त सूचना के आधार पर उड़न दस्ता दल ने की कार्रवाई

**रामगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत से आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा उड़न दस्ता दलों, स्टेटिक सर्विलांस दलों सहित निर्वाचन संबंधित कार्यों में लगे अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का रामगढ़ जिले में सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में रविवार रात को गुप्त सूचना प्राप्त होने के उपरांत नियंत्रण कक्ष द्वारा उड़न दस्ता दल को तत्काल रूप से इसकी जानकारी दी गई। जिसके उपरांत उड़न दस्ता दल द्वारा मांडू थाना क्षेत्र में जांच अभियान चलाकर सफेद स्विफ्ट कार वाहन संख्या जेएच01सीटी 7247 से 29 कार्टूनों में ले जाये जा रहे 348 बोतल शराब जब्त किया गया।

---

**घघारी बाबा धाम प्रबंधन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष बने राजधन शेखर सिंह**

# घघारी बाबा धाम को आध्यात्मिक व नैसर्गिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा



**नवीन मेन संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम में घघारी बाबा धाम प्रबंधन समिति की नई कमेटी के अध्यक्ष राजकमल गोप की देखरेख में नई कमेटी का विस्तार किया गया। सर्वसम्मति से घघारी बाबा धाम प्रबंधन समिति का कार्यकारी अध्यक्ष राजधन शेखर सिंह को बनाया गया। वहीं समिति के पूर्व अध्यक्ष गंगाधर साहु व पूर्व सचिव देवेन्द्र वर्मा को सर्व सम्मति से मुख्य संरक्षक की जिम्मेवारी दी गई। पूर्व कीर्तन प्रभारी विनय कुमार पांडे को नई कमेटी में महासचिव तथा हीरालाल शेखर सिंह को सह सचिव का दायित्व सौंपा गया। तत्पश्चात कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया जिसमें पदाधिकारी के अलावे मुख्य रुप से पुजारी राजकुमार पाठक, रामशंकर पाठक, पूर्व मुखिया संतोष तिर्की, वर्तमान मुखिया दुर्गा उरांव, समाजसेवी दशरथ तिर्की, मनोज उरांव, चम्पाडीह के ऋषिराज सिंह, सुनील उरांव, बुधराम लोहरा, विकास नारायण सिंह, मनबोध सिंह, रंजीत महतो, राधेश्याम सिंह, अरविंद तिवारी, फगुआ भगत, रुपनाथ सिंह, केशव गोप, कृष्णा गोप,बडाईक खुदीराम सिंह, युगल किशोर सिंह, महावीर गोप, एतवा उरांव, पंचू हजाम, कामेश्वर गोप समेत पच्चीस सक्रिय सदस्यों का चयन किया गया। उल्लेखनीय है कि घघारी बाबा धाम प्रबंधन का 14 वर्षों के बाद पुनर्गठन किया गया था जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद की जिम्मेवारी राजकमल गोप, सचिव की जिम्मेवारी संजय महतो व कोषाध्यक्ष के रूप में सेवक सिंह का चयन किया गया था। नई कमेटी के विस्तार के बाद बेड़ो के बैंक ऑफ इंडिया शाखा में कमेटि के नाम पर अध्यक्ष सचिव एवं कोषाध्यक्ष के संयुक्त संचालक में खाता खोलने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर शिवरात्रि महोत्सव पर हुए आय व्यय का लेखा जोखा किया गया। बैठक के दौरान तीर्थनाथ शेखर सिंह,गोबरा उरांव सहित दर्जनों लोग मौके पर मौजूद थे।

# आईएनडीआईए की एकजुटता से भाजपा तिलमिलाई : सुप्रियो भट्टाचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के बाद रांची पहुंचने पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि न्याय मिशन को जन-जन तक पहुंचाया, कश्मीर से कन्याकुमारी और मिजोरम से असम तक के दिल की बात सामने आया। राहुल गांधी ने न्याय यात्रा के दिन अंतिम दिन अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस का एक बड़ा नेता सोनिया गांधी से कहा कि जेल जाने के डर के कारण वह भाजपा ज्वाइन कर रहे हैं। लेकिन हम डरने और झुकने वालों में से नहीं है। भट्टाचार्य सोमवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हम समझौता विहीन लड़ाई लड़ रहे है। हम जल ,जंगल और जमीन को कॉरपोरेट के हाथों में नहीं दे सकते हैं। झारखंड नहीं झुका है और आईएनडीआईए भी नहीं झुकेगा। भाजपा मुद्दा विहीन हो गई है। साथ हो आईएनडीआईए गठबंधन की एकजुटता से भाजपा तिलमिलय गयी है। मैंने तीन दशक के राजनीतिक जीवन में ऐसी स्थिति कभी नहीं देखी थी। भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं वह सिर्फ जनता को धोखा और वरगलाने का काम कर रही है। मगर भाजपा को यह मालूम होना चाहिए जनता अब इन लोंगों के बातों में नहीं आने वाली है यह लोग सिफ लोगों को बेवकूफ बना रही है।



**रांची में सोमवार की शाम को झमाझम बारिश हुई। इस कारण कई इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया। इससे आमलोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हुई।**

## न्यूज बॉक्स

### जंगली हाथियों ने ध्वस्त की चारदीवारी, एक लाख से अधिक रुपये की हुई क्षति




**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड में इन दिनों जंगली हाथियों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले कई दिनों से आसपास के जंगलों में 40 से अधिक संख्या में जंगली हाथी पश्चिम बंगाल से प्रवेश कर गए हैं जो रात होते ही अपना कहर बरपा रहे हैं। वीते रात को लोटा चापाटाण्ड शिव मंदिर समीप सिल्ली मंजीत साहू के एक एकड़ से अधिक जमीन पर किए गए चहर दीवारियो को कई जगह ध्वस्त कर अंदर प्रवेश कर गए एवं अंदर लगे हरी फसलों को नुकसान पहुंचाया। भुक्त भोगी ने बताया कि जंगली हाथियों के द्वारा लगभग 1 लाख से अधिक रुपए की क्षति पहुंचाई गई है। जिसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दे दी गई है।

### जेपीएससी प्रश्नपत्र लीक व परीक्षा में हुई धांधली की उच्चस्तरीय जांच हो : राजू महतो

**सिल्ली।** बीते रविवार को हुई जेपीएससी सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा में जामताड़ा तथा चतरा में पेपर लीक होने एवम् धाँधली के मामलें में खतियानी झारखंडी पार्टी के वरिष्ठ छात्र नेता राजू महतो ने कहा है की हर परीक्षा में पेपर लीक होना दुर्भाग्य है। कही ना कही राज्य के सरकारी तंत्र व सरकार की विफलता को दशार्ता है । विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में विद्यार्थी बहुत उम्मीद के साथ तैयारी करते है और परीक्षा में शामिल होते है लेकिन पेपर लीक का मामला जो आया है वह चिंता का विषय है । छात्रों का समय तो बर्बाद होता ही है साथ ही उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जाता है। राजू महतो ने कहा कि इस मामले को सरकार गंभीरता से ले और मामले की उच्चस्तरीय जांच कराए साथ ही दोषियों पर ठोस व अविलंब उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित हो।

### तेरह दिवसीय कॉस्टयूम ज्वेलरी प्रशिक्षण कार्यक्रम की हुई शुरुआत



**सिल्ली।** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली के द्वारा 13 दिवसीय कॉस्ट्यूम ज्वैलरी प्रशिक्षण कार्यक्रम सुगम टिका गांव के बरलंगा पंचायत में शूरू किया गया है । मुख्य अतिथि श्रीमति कांति देवी बरलांगा पंचायत के मुखिया और त्रिलोचन प्रजापति, समाजसेवी नंदलाल बेदिया, जी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर उदघाटन समारोह किया गया । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 34 प्रशिक्षणाथीयों ने भाग लिया अथिति ने प्रशिक्षण लेने आए सभी प्रशिक्षणार्थियों को यह संदेश दिया की शादी विवाह के मौके पर कॉस्ट्यूम ज्वैलरी का बहुत मांग है प्रशिक्षण के बाद आप सभी आत्म विश्वास के साथ अपना रोजगार शुरू करे जिस से परिवार का आय बढ़ेगा । रुडसेट संस्थान के वरिष्ट संकाय अनिल कुमार ने अथिति का धन्यवाद दिया। मौके पर डी एस टी अमन कुमार उपस्थिति रहे।

### तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू का किया गया स्वागत



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के कुल्ही चौक पर सोमवार 'ङ्क तिलेश्वर साहू सेना के केन्द्रीय अध्यक्ष अरुण साहू का रांची से बोकारो जाने के क्रम दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कुल्ही चौंक पर स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने अरुण साहू के साथ राजनितिक व सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की । इस दौरान तिलेश्वर साहू सेवा के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण ने कहा कि पूरे झारखंड में युवाओं को एकजुट करने का कार्य किया जा रहा है ताकि युवा अपना अधिकार को पहचान सकें और अपने अधिकार के लिए संघर्ष करें। क्षेत्र के सभी युवाओं को रोजगार कैसे मिले। इसको लेकर कार्य किया जा रहा है ताकि झारखंड के सभी युवा दूसरे प्रदेशों में जाकर किसी गुलामी ना करें। मौके पर सतीश कुमार, विद्युत कुमार, प्रताप कुमार,रोशन कुमार,शुभम कुमार,बबलू कुमार, दिनेश कुमार,प्रभात कुमार,अर्जुन कुमार आदि उपस्थित थे।

### बाबूलाल मरांडी ने मुख्य सचिव एल खियांग्ते को लिखा पत्र



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने जेपीएससी पीटी और जेएसएससी परीक्षा में गड़बड़ी की शिकायत करते मुख्य सचिव एल खियांग्ते को पत्र लिखा है। साथ ही इसकी सीबीआई जांच की मांग की है। मरांडी ने पत्र लेटर में कहा है कि 17 मार्च को जेपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन हुआ था। इसमें पेपर लीक की तमाम खबरें सामने आई हैं। कुछ छात्रों द्वारा उन्हें गए मेल में पेपर बुकलेट संख्या और ओएमआर उत्तर पुस्तिका संख्या असमान पाई गई है एवं इस सम्बन्ध में सभी प्रमुख समाचार पत्रों एवं विजुअल मीडिया में प्रकाशित हुआ है। बार-बार परीक्षा रद्द करने एवं पेपरलीक की घटना होने से जेएसएससी एवं जेपीएससी की निष्पक्षता पर सवाल खड़े होते हैं, जिसका खामियाजा सभी प्रतिभागियों को भुगतना पड़ रहा है। बाबूलाल ने कहा है कि विगत चार वर्षों में झारखंड के गरीब और आदिवासी बच्चों के सपनों का मजाक बनाकर रख दिया गया है। सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग जनता के लिए नहीं, स्वहित को साधने में लगे हुए हैं।

---

### अवैध कोयला लदे 6 हाइवा जब्त, प्राथमिकी दर्ज

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया है। इसी क्रम में 17 मार्च 2024 को रात्रि गश्ती के दौरान रांची रोड से नई सराय रामगढ़ के बीच चलाए गए छापेमारी अभियान के दौरान 6 हाईवा, जेएच24एल 2412(35 एमटी कोयला), वाहन संख्या जेएच01डीपी 6866 (लगभग 25 एमटी कोयला), वाहन संख्या जेएच02एयू 4910 (लगभग 20 एमटी कोयला), जेएच 24 जे 2280 (लगभग 20 एमटी कोयला) जेएच 24 एच 211 2 ( लगभग 20 एमटी कोयला) एवं वाहन संख्या जेएच24 जे 6029 (लगभग 20 एमटी कोयला) को जब्त कर वाहन एवं खनिज को रामगढ़ थाना में रखा गया। जिसके उपरांत संबंधित वाहनों के वाहन मालिक, चालक व अन्य संलिपतों आदि के विरुद्ध रामगढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

**विशाल सांस्कृतिक समारोह का हुआ आयोजन**

# हमारी भाषा हमारी संस्कृति की पहचान है : राजाराम महतो



**कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा समय के साथ यह हो रही विलुप्त, इसे बचाए रखना हम सभी का उतरदायित्व**

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
पश्चिम बंगाल झालदा भकुवाडीह गांव के स्कूल मंच में विशाल सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय पुस्तकालय सांस्कृतिक मंत्रालय भारत सरकार के सलाहकार समिति सदस्य सह कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजाराम महतो उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारी भाषा हमारी संस्कृति की पहचान है। समय के साथ साथ यह विलुप्त होते जा रही है। गांव के युवाओं का सोच काफी अच्छा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम से निश्चित ही हमारे पूर्वजों द्वारा बनाए गए संस्कृति, परंपरा है। ग्रामीण क्षेत्रों में पर्व त्योहार में हमारे पूर्वजों की पारम्परिक गीत संगीत हर गांव घर में गाया जाता है। जो हमारे संस्कृति की पहचान है। इस संस्कृति को बचाए रखना सभी का उतरदायित्व है।दहेज प्रथा को खत्म करना होगा। दहेज प्रथा को भी समाप्त करने पर बल दिया। इससे आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति और भाषा का ज्ञान तो मिलेगा ही साथ ही समाज को मजबूती भी मिलेगी। सांस्कृतिक समारोह का संचालन अशोक महतो ने किया। समारोह में बी एन प्रमाणिक, बिजराज महतो, ,फुलेकेश्वर महतो, देवेंद्र नाथ महतो, कवि मुक्तिपद महतो, एवम झारखण्ड सिल्ली की हेमली कुमारी के द्वारा एक से बढ़कर एक लोकगीत कुरमाली लोकगीत झूमर प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वही देर रात पाता नाच, छउ नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वही कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों का गांव के मुख्य द्वार से गाजे बाजे के साथ कार्यक्रम स्थल तक लाया गया जहां उन्हें पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर समीर महतो, उमेश महतो, लक्ष्मण महतो, जितेंद्र महतो ,जग मोहन महतो, प्रो नीलू महतो, चंचला महतो, नीरज महतो, ऋषिकेश महतो समेत यंग स्टार क्लब के कई सदस्य उपस्थित रहेंगे।

# निष्पक्ष चुनाव को लेकर झारखंड समेत पांच राज्यों के आला पुलिस अधिकारियों ने की बैठक




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
डीजीपी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को पुलिस मुख्यालय में अंतर्राज्यीय समन्वय समिति की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड के सीमावर्ती राज्य छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशकों एवं वरीय पुलिस अधिकारी शामिल हुए। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश पर एक बैठक की गई। हमने उन बिंदुओं पर चर्चा की, जो लोकसभा चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं। बिहार और पश्चिम बंगाल और हमने आपसी सहयोग और आगे क्या होगा, इसके लिए रोडमैप बनाया। डीजीपी ने कहा कि उन बिंदुओं पर विमर्श किया गया, जो लोकसभा चुनावों को प्रभावित कर सकते है। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रोड मैप बनाया गया। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव के लिए रणनीति बनाई गई ।इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि के हर पहलू पर विचार विमर्श किया गया। नक्सली, अपराधी, वारंटी, चेकनाका पर सुरक्षा सहित बॉर्डर पर सख्ती को लेकर मंथन किया गया।

**जामटोली डैम में रौनियार समाज का होली मिलन समारोह आयोजित**

# पिछड़े वर्ग के उत्थान को लेकर सकारात्मक विचारधारा के साथ काम करने की जरूरत : मुन्ना



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
रौनियार संघ बेड़ो इकाई का होली मिलन समारोह बेड़ो के हरिहरपुर जामटोली डैम के समीप रंगारंग और गीत गोविंद के साथ मनाया गया। जिसमें बतौर मुख्य झामुमो के जिला उपाध्यक्ष मुन्ना बड़ाईक, भाजपा नेता चंदकिशोर भगत और बेड़ो इकाई के सदस्यगण उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के दौरान रौनियार समाज को मजबूत और इसे आगे बढ़ाने को लेकर बहुत सारे मुद्दों पर बात की गयी, जिसमें सभी लोगों ने अपने अपने विचारों को रखा लोगों ने अपने-अपने विचारों को साझा किया । बतौर मुख्य अतिथि मुन्ना बडाईक ने कहा कि समाज के पिछड़े व अभिवंचित वर्ग के उत्थान को लेकर बेहतर एवं सकारात्मक विचारधारा के साथ काम करने की जरूरत है। इस मौके पर बेड़ो रौनियार समाज के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने कहा कि समाज को सुदृढ़ बनाने तथा समाज एवं परिवार को मजबूत एवं सुशिक्षित बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। वहीं सचिव मोतीलाल गुप्ता ने कहा कि रौनियार समाज को राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक रूप में व्यापकता प्रदान करना हमारी सामुहिक जिम्मेवारी है। कार्यक्रम के दौरान, शत्रुधन गुप्ता, बेड़ो इकाई के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता, सचिव मोतीलाल गुप्ता, शशिभूषण गुप्ता, मनोज गुप्ता, शशिभूषण उर्फ गुडू गुप्ता, धीरज गुप्ता, रवि गुप्ता, मिडिया प्रभारी प्रवीण कुमार गुप्ता तथा भाजपा नेता रामनारायण भगत सहित कई लोग उपस्थित थे।

**सरकारी संपत्ति से बैनर-पोस्टर-झंडा हटा लें आज**

# राजनीतिक दलों को दी गई आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी



**कोई भी व्यक्ति सरकारी वाहन का दुरुपयोग नहीं करेगा, चुनाव कार्य में लगे वाहनों को छोड़कर अन्य वाहनों पर झंडा, स्टीकर लगाना वर्जित है**

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
लोक सभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू कराने के लिए खलारी के राजनीतिक दलों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसे लेकर खलारी प्रखंड सभागार में एक बैठक की गई। अध्यक्षता सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी, 65-कांके विधानसभा क्षेत्र सह प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी संतोष कुमार ने की। बैठक में अंचल अधिकारी, खलारी प्रणव अम्बस्ट भी उपस्थित थे। राजनीतिक दलों को बताया गया कि लोक सभा आम चुनाव का उद्घोषणा 16.03.2024 को कर दिया गया है। इसे लेकर आदर्श चुनाव संहिता सुनिश्चित करना हे। राजनीतिक दलों के खलारी प्रखंड के अध्यक्ष, सचिवों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा दिए गए निर्देश की जानकारी दी गई। कहा गया कि 17 मार्च अपराह्न 4 बजे के बाद सरकारी संपत्ति से दीवार लेखन, पोस्टर, कटआउट, होर्डिंग, बैनर, झंडा हटा लेने की चेतावनी दी गयी है। उम्मीदवार, राजनीतिक पार्टी या उससे जुड़े किसी भी व्यक्ति द्वारा सरकारी वाहन का दुरूपयोग नहीं करना है। चुनाव कार्य में लगे वाहनों को छेड़कर अन्य व्यवसायिक वाहनों पर झंडा, स्टीकर लगाना वर्जित है। निजी वाहनों में लगा झंडा, स्टीकर किसी विशेष पार्टी के उद्देश्य से हुआ तो मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत होगा। 18 मार्च के अपराह्न 4 बजे के बाद सरकारी जगह यथा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, एयरपोर्ट, रेलवे ब्रिज, रोडवेज, सरकारी बस, बिजली व टेलिफोन पोल आदि से दीवार लेखन, पोस्टर, कटआउट, होर्डिंग, बैनर, झंडा हटा लेना है। 19 मार्च के अपराह्न 4 बजे के बाद किसी भी प्रकार से सरकारी संपत्ति को बिगाड़ना आचार संहिता उलंघन माना जाएगा। बैठक में बीडीओ, सीओ के अलावा भाजपा खलारी मंडल के अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा, कार्तिक पांडेय, दिलीप पासवान, झारखंड मुक्ति मोर्चा से प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष साबीर अंसारी, विक्की सिंह, रोषनलाल, रिशु कुमारी आदि उपस्थित थे।

# मास्टर ट्रेनर्स ने दी पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों को ट्रेनिंग



**नवीन मेल संवाददाता**
रांची। लोकसभा चुनाव 2024 के सफल संपादन को लेकर प्रशिक्षण कोषांग के तत्वावधान में सोमवार को प्रतिनियुक्त पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। राजकीय +2 उच्च विद्यालय कांके में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा तीन पालियों में कुल 2278 पीठासीन/मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया, जबकि 122 अनुपस्थित रहे। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं से सभी को अवगत कराया गया। मौके पर ईवीएम-वीवीपैट का प्रदर्शन किया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा ईवीएम-वीवीपैट की संपूर्ण जानकारी दी गई। इस दौरान बूथों का संचालन एवं मतदान प्रक्रिया पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया। चुनाव से पूर्व और चुनाव के दौरान के विशिष्ट कार्यों को विस्तार से समझाया गया एवं मतदान से संबंधित विभिन्न प्रपत्रों को भरने के संबंध में पीठासीन पदाधिकारियों को जानकारी दी गई। पीठासीन पदाधिकारियों को उनके अधिकार एवं दायित्वों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान वरीय-सह-नोडल पदाधिकारी, प्रशिक्षण कोषांग राम नारायण सिंह कार्यक्रम स्थल पहुंचे। व्यवस्था का जायजा लेते हुए उन्होंने कोषांग के पदाधिकारी और मास्टर ट्रेनर्स को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# 1008 निशान के साथ निकाली गई खाटू नरेश की भव्य शोभायात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्याम प्यारे के जयकारों के साथ भक्ति के सैलाब के रूप में सोमवार को निकली खाटू नरेश के पवित्र निशान की शोभायात्रा अद्भुत थी। अवसर था श्री श्याम मित्र मंडल रांची के स्थापना दिवस पर पांच दिवसीय रंग रंगीलो श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव के दूसरे दिन श्याम प्रभु को नगर भ्रमण के लिए निकाली गई शोभायात्रा का। मारवाड़ी भवन हरमू रोड से 1008 श्याम भक्तों ने नंगे पैर पवित्र निशान को हाथों में थामे नगर भ्रमण शुरू किया।







शोभायात्रा दिन में 2:00 बजे शुरू हुई। रथ पर विराजमान खाटू नरेश के शीश का विभिन्न सुगंधित एवं आकर्षक फूलों से श्रृंगार किया गया। शोभायात्रा गोरखनाथ लेन, महावीर चौक, गांधी चौक, शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक, कोतवाली रोड, कार्ट सराय रोड से होते हुए हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंची। मुख्य रथ पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी, पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया एवं राजीव रंजन मित्तल खाटू नरेश की सेवा कर रहे थे।

भक्तिमय भजनों से निशान शोभायात्रा बढ़ती जा रही थी। आगे आगे बादल ग्रुप की ताशा पार्टी उसके बाद झुंझुनू से आई 51 सदस्यों की डफ पार्टी सुमधुर भजन पेश कर रहे थे। मंदिरा सिंह ग्रुप की नृत्य मंडली मनोहारी नृत्य पेश कर रही थी। धनबाद से आए गायक पंकज सांवरिया एवं पंकज मोदी भजनों की गंगा प्रवाहित कर रहे थे। 'मेरे श्याम की दीवानगी सिर चढ़कर बोले', 'थान देख कोनी पाई बाबा श्याम घुंघटियो आड़े आओ जी', 'म्हारा प्यारा है गजानंद आइजो', 'कन्हैया जमुना में डर लागे रे', 'सांवरिया थारो खूब सज्यो दरबार', 'दुनिया चले ना श्री राम के बिना' आदि भक्ति गायन निशान यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। पवन शर्मा मदन सोनी रवि जोशी विनोद डागा सलज अग्रवाल तनय काठपाल ने भजनों की गंगा बहाई।

निशान धारकों का उत्साह एवं भक्ति दर्शनीय थी। सूरज संगम महावीर चौक, जन कल्याण समिति प्यादा टोली सहित कई संस्थाओं ने शोभायात्रा का स्वागत किया। भक्तों ने विभिन्न स्थानों पर श्याम प्रभु की आरती उतारी। 11,000 बुंदिया प्रसाद के पैकेट मार्ग में वितरित किए गए। देर शाम शोभायात्रा गंतव्य पर श्री श्याम मंदिर पहुंची। गौरव अग्रवाल मोनू, पवन गाड़ोदिया, आदित्य लोहिया ने संचालन किया।

प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन प्रातः 5:30 बजे मंगला आरती के साथ विभिन्न धार्मिक आयोजन शुरू हुए। श्रृंगार पंच आरती के बाद 4:00 बजे से दर्शन शुरू हुए। रात्रि 7:00 बजे ग्वाल भोग एवं पंच आरती, 8:30 बजे शयन आरती हुई। अभिषेक जैन के जन्मोत्सव पर मंदिर में निर्मित विशेष प्रसाद एवं केक का भोग लगाया गया। उन्होंने बताया कि 19 मार्च को 94वां श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ होगा। पंकज मोदी एवं पंकज सांवरिया सामूहिक संगीतमय पाठ कराएंगे। विनोद अग्रवाल, राजकुमारी अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल और सौम्या अग्रवाल हनुमान जी की अखंड ज्योति प्रज्वलित करेंगे।

निशान शोभायात्रा में श्रवण ढांढनिया, अनिल नारनोली, रौनक पोद्दार, अरविंद सोमानी, रोशन खेमका, कौशल चौधरी, संजय सराफ, अमित सरावगी, पंकज सरावगी, श्याम सुंदर जोशी, किशन शर्मा, मुकेश बरनवाल, दिनेश अग्रवाल, अभिषेक सरावगी, अंकित मोदी, लोकेश जालान, यश सुरेखा, सिद्धार्थ पोद्दार, निखिल नारनोली स्नेहा पोद्दार, विशाल पोद्दार, आशुतोष खेतान, अर्जुन अग्रवाल, आशीष डालमिया सहित बड़ी संख्या में भक्तों ने सहयोग किया।

## एक नजर

### बीएयू के वीसी के नाम छात्र आजसू के प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन




**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) रांची के कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें विश्वविद्यालय के सेमेस्टर 7 के छात्र रूपेश कुमार ओझा की अचानक हार्ट अटैक से मौत का जिक्र करते हुए कहा गया है कि विवि में मूलभूत सुविधाएं बहाल की जाएं एवं हॉस्टल मेस में गुणवत्ता युक्त भोजन उपलब्ध कराया जाए। विद्यार्थियों के लिए मेडिकल एवं एंबुलेंस की सुविधा 24 घंटा मिले। साथ ही, रूपेश ओझा के परिजन को उचित मुआवजा दिया जाए। इन मुद्दों पर अविलंब कार्य हो, अन्यथा छात्र आजसू बाध्य हो कर चरणबद्ध तरीके से छात्र हित में आंदोलन करेगी। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, दीपक दुबे, आशुतोष सिन्हा, राजेश कुमार, सूर्य प्रकाश शुक्ला, आनंद यादव, कृष्णा पंडित आदि उपस्थित थे।

### कोषाध्यक्ष पद पर जीते प्रमोद सारस्वत



**रांची।** श्री महावीर मंडल रांची के चुनाव में कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार प्रमोद सारस्वत ने श्री महावीर मंडल, रांची के सभी राम भक्तों को आभार जनित धन्यवाद प्रेषित किया है। श्री सारस्वत ने कोषाध्यक्ष पद के लिए भारी मतों से विजयी बनाए जाने पर कहा कि आप सभी राम के भक्तों के स्नेह और प्यार ने मुझे हमेशा अपने से जुड़ा रखा है। गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी कोषाध्यक्ष पद पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करूंगा। आप सभी श्री राम के भक्तों की यह जीत हुई है। सारस्वत ने चुनाव समिति के मुख्य चुनाव पदाधिकारी कैलाश यादव व उनके अन्य सभी सहयोगियों का भी बहुत-बहुत धन्यवाद दिया, जिन्होंने बहुत ही शांतिपूर्ण ढंग से निष्पक्ष चुनाव कराने में अपनी सहभागिता दी है।

# कालाजार कम करने में लाभदायक रही है पीएमएवाई-जी : डॉ अभिषेक पॉल

## पीएमएवाई-जी के प्रभाव मूल्यांकन पर एकदिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न

- **योजना ने लाभार्थियों की सामाजिक-आर्थिक शक्ति को बढ़ाया है : सुचरिता**
- **ग्रामीणों द्वारा पक्के घर का लाभ उठाने में शिक्षा और जागरूकता की कमी सबसे बड़ी बाधा रही है : मुखिया**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अर्थशास्त्र और विकास अध्ययन विभाग ने पीएमएवाई-जी के प्रभाव मूल्यांकन पर सोमवार को एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला आईसीएसएसआर प्रायोजित अल्पकालिक अनुभवजन्य अनुसंधान परियोजना के परिणामों का प्रसार करने के लिए आयोजित की गई थी। इसका शीर्षक था 'गरीबी और असमानता उन्मूलन में सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम की प्रभावशीलता को मापना : ग्रामीण झारखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का एक अध्ययन' यह झारखंड के तीन जिलों, पाकुड़, गिरिडीह और चतरा से संबंधित था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अभिषेक पॉल, राज्य समन्वयक, डब्ल्यूएचओ थे। उन्होंने गांवों से कालाजार को कम करने में पीएमएवाई-जी योजना कैसे फायदेमंद रही है, इस पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से दर्शकों से बातचीत भी की और पक्का घर कालाजार को कैसे रोकता है, इस बारे में उनके प्रश्नों का समाधान किया।

परियोजना समन्वयक और कार्यशाला की संयोजक डॉ संहिता सुचरिता ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पीएमएवाई-जी कार्यक्रम ने अपने लाभार्थियों की सामाजिक-आर्थिक शक्ति को बढ़ाया है, और महिला सशक्तिकरण का एक प्रमुख चालक रहा है। क्योंकि, पक्के घर ने महिलाओं की सुरक्षा और विनम्रता में सुधार किया है। गांवों में बच्चों के बीच शिक्षा को भी बढ़ाया है। आईएसआई गिरिडीह के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ हरि चरण बेहरा ने प्रतिभागियों को उन मानदंडों के बारे में बताया, जिनके अनुसार लाभार्थियों की पहचान की जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि पीएमएवाई-जी ने महिला सशक्तीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, क्योंकि 69 प्रतिशत पीएमएवाई-जी घरों का स्वामित्व महिलाओं के पास है। सांख्यिकी विभाग के प्रोफेसर कुंज बिहारी पांडा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे पीएमएवाई-जी के माध्यम से पक्के घर का लाभ उठाने से जाति और वर्ग की बाधाएं दूर हो गई हैं। एनआईटी राउरकेला के प्रोफेसर डॉ नारायण सेठी ने बताया कि कैसे पीएमएवाई-जी कार्यक्रम समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आवास की कमी को संबोधित किया है। उन्होंने पीएमएवाई कार्यक्रम के सामने आने वाली चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला, जैसे-डाटा पारदर्शिता की कमी, खराब निगरानी और कमजोर मूल्यांकन ढांचा। उन्होंने पीएमएवाई-जी योजना को एक ऐसी योजना के रूप में संक्षेपित किया, जो सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा देती है और आवास असमानताओं को कम करती है। कार्यशाला में एक पैनल चर्चा भी हुई। इस पैनल चर्चा में लिट्टीपाड़ा ब्लॉक के गांवों के मुखियाओं और गिरिडीह के जिला समन्वयक के साथ डॉ संहिता सुचरिता (परियोजना समन्वयक), डॉ रश्मि वर्मा (सहायक प्रोफेसर, जनसंचार विभाग), डॉ प्रज्ञान पुष्पांजिल (सहायक प्रोफेसर, बिजनेस एडिमिनस्ट्रेशन विभाग) शामिल हुए। मुखियाओं ने यह भी बताया कि कच्चे घर में रहना आर्थिक से ज्यादा व्यावहारिक पहलू है। कार्यक्रम के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए मुखियाओं ने समय-समय पर नुक्कड़-नाटकों का आयोजन कर पक्का मकान, कालाजार के वाहक और इसकी रोकथाम के फायदे बताए। अनिल कुमार, जिला समन्वयक, गिरिडीह से पूछताछ की गई कि उन मामलों में सरकार क्या कदम उठाती है, जहां छूटे हुए आवेदकों को आवास स्वीकृत किया गया है और किस्त का पैसा लाभार्थी को जमा किया गया है। जवाब में अग्रवाल ने कहा कि वे ऐसे मामलों वाले सभी लाभार्थियों की एक सूची तैयार करते हैं और उन्हें पैसे वापस करने के लिए मनाते हैं। हालांकि, उन्होंने बताया कि यह एक थकाऊ प्रक्रिया है, लेकिन आम तौर पर लाभार्थी जमा की गई राशि वापस कर देते हैं। पैनल चर्चा में आमंत्रित मुखियाओं के लिए कुछ उपयोगी सुझाव थे। कार्यशाला में विभिन्न हितधारकों जैसे तीन जिलों - चतरा, गिरिडीह और पाकुड़ - के जिला समन्वयकों ने भाग लिया। लिट्टीपाड़ा, गांडेय और गिद्धौर जैसे विभिन्न ब्लॉकों से ब्लॉक समन्वयक, आमंत्रित अतिथि एवं प्रतिभागी के रूप में लट्टीपाड़ा, जंगी, दुरियो, करमाटांड़ के मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य एवं अन्य ग्रामीण भी उपस्थित थे। कार्यशाला में झारखंड केंद्रीय विश्विवद्यालय के विभिन्न संकाय सदस्य, अनुसंधान विद्वान और दो सौ से अधिक छात्र भी शामिल थे।

## हमें अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें : डॉ मनोज कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**मारवाड़ी महाविद्यालय में एकदिवसीय मतदाता जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन**

मारवाड़ी महाविद्यालय में एनएसएस इकाइयों ने एकदिवसीय मतदाता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें मुख्य वक्ता मारवाड़ी महाविद्यालय के प्रचार्य डॉ मनोज कुमार थे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि भारत एकमात्र ऐसा देश है, जहां सबसे बड़ा लोकतंत्र का पर्व होता है। उन्होंने फर्स्ट टाइम मतदाताओं से कहा, आपका एक-एक वोट महत्वपूर्ण है। हम लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जहां इतनी बड़ी जनसंख्या होने के बावजूद सत्ता का हस्तांतरण बिना ब्लड रिलेशन के सफलतापूर्वक होता है। इस कार्यक्रम में फर्स्ट टाइम मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर कर भाग लिया और अपनी बातों को सबके सामने रखा कि किस तरह से अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए। कुछ लोगों ने कहा कि जात-पात छोड़कर बिना किसी प्रलोभन के मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी अनुभव चक्रवर्ती ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिवम, कामिनी, शीतल एवं श्रवण का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## 'शब्दकार' ने 'कथा के कहन' पर आयोजित की परिचर्चा

**रांची।** 'शब्दकार' के तत्वावधान में रश्मि शर्मा के आवास पर एनडीटीवी में कार्यरत प्रसिद्ध साहित्यकार एवं पत्रकार प्रियदर्शन तथा प्रतिष्ठित कहानीकार व आकाशवाणी रांची में कार्यरत पंकज मित्र के साथ 'कथा के कहन' पर परिचर्चा हुई। इसमें रांची के रचनाकारों ने कहानी एवं रचना शिल्प के विषय में दोनों अतिथियों से तरह-तरह के प्रश्न पूछे। उन्होंने कहानी कला का आरंभ, इतिहास एवं उसके शिल्प पर तरह-तरह के आख्यानों एवं उदाहरणों द्वारा उपस्थित रचनाकारों की जिज्ञासाओं को शांत करने की कोशिश की। प्रियदर्शन ने इस विषय में अनेक देसी एवं विदेशी कहानीकारों एवं कवियों के बारे में चर्चा करते हुए उपस्थित लोगों से एक सार्थक संवाद स्थापित किया। उन्होंने बताया कि कहानी कला एक तरह से झूठ का आख्यान है, जिसे सच की तरह कहा जाता है।

## ईंट लदा डंपर रेलिंग तोड़ पुल के नीचे गिरा, चालक घायल



**नवीन मेल संवाददाता रांची/खूटी**

खूंटी-रांची मुख्य मार्ग स्थित तजना नदी में सोमवार की सुबह रामगढ से ईंट लेकर खूंटी आ रही एक डंपर का अगला टायर फट गया, जिससे डंफर अनियंत्रित होकर पुल का रेलिंग तोड़ते 20 फीट नीचे गिर गया। इससे डंपर के परखच्चे उड़ गये।

दुर्घटना में डंपर चालक सुनील प्रधान भी डंपर के अंदर फंस गया, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से डंपर के केबिन से बाहर निकाला गया। दुर्घटना में चालक के हाथ पर गंभीर चोट लगी है। उसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में चालक सुनील प्रधान ने बताया कि वह सोमवार सुबह डंपर (जेएच 02 एसी 0912) पर रामगढ़ से ईंट लेकर खूंटी की ओर आ रहा था। तभी तजना नदी में डंपर का आगला एक टायर फट गया, जिससे डंपर अनियंत्रित हो गया और पुल की रेलिंग को तोड़कर पुल के नीचे गिर गया। चालक ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों ने मदद की और उसे डंपर से बाहर निकाला।

## न्यूज बॉक्स

### आयशा फातिमा ने रोशन किया राज्य का नाम : आशुतोष द्विवेदी



**रांची।** रांची महानगर भाजयुमो कला और खेल प्रकोष्ठ के रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने पांचवीं राष्ट्रीय युवा संसद में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाली एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) की स्वयंसेवक आयशा फातिमा को सोमवार को सम्मानित किया। फातिमा रांची वीमेंस कॉलेज में राजनीतिक शास्त्र सेमेस्टर छह की छात्रा है। मौके पर आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि आयशा फातिमा ने झारखंड का नाम पूरे देश में रोशन किया है। फातिमा जैसे कई प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं की वजह से झारखंड काफी गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने इनकी सफलता के लिए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। बता दें कि इस कार्यक्रम की शुरुआत रांची वीमेंस कॉलेज से हुई थी, जिसमें आयशा फातिमा को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था। इसके बाद उन्होंने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया था। फिर इन्होंने पांचवीं राष्ट्रीय युवा सांसद कार्यक्रम में झारखंड का नाम पूरे देश में रोशन किया। उन्होंने संविधान सदन में विकसित भारत पर अपनी बात रखी थी। इस अवसर पर फातिमा को लोकसभा के स्पीकर ओम बिड़ला और युवा मामले के मंत्री अनुराग ठाकुर ने सम्मानित किया था।

### स्वामी सदानंद महाराज ने कहा, अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है होली



**रांची।** संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति के तत्वावधान में सोमवार को होली मिलन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। होली मिलन कार्यक्रम में संत श्री ने प्रवचन के दौरान कहा कि हिंदुओं के महापर्व होली का पर्व अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है। होली मिलन कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए गुरु जी ने कहा कि अधर्म पर हर समय धर्म ही जीतता है। धर्म भले थोड़ा परेशान होता है, लेकिन अंत में धर्म की जीत होती है। गुरु जी ने कहा कि हमारी संस्कृति पश्चिम सभ्यता की ओर जा रही है। आज के हमारे बच्चे विदेशी रहन-सहन की ओर आकर्षित हो रहे हैं। आज के समय में हमें बच्चों के बीच देशभक्ति का अलख जगाना चाहिए। गुरुजी ने अंत में शिष्यों के साथ फूलों की होली खेली एवं आशीर्वाद दिया। गुरु जी ने कहा कि होली का महत्व भक्त प्रहलाद के भक्ति के ऊपर आधारित है। गुरुजी स्वामी सदानंद जी महाराज सुबह रायगढ़ से चलकर 10 सुंदरगढ़ ओडिशा पहुंचे। फिर सुंदरगढ़ से सड़क मार्ग द्वारा परमहंस भागवत भास्कर संत शिरोमणि डॉ श्री श्री 108 श्री सदानंद जी महाराज जी एवं गीता प्रवचन कर्ता शास्त्री रविकांत राय भी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एव नंदकिशोर चौधरी के साथ सुंदरगढ़ से चलकर संध्या 4:00 बजे रांची में संस्था निमार्णाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम के प्रांगण में पहुंचे। गुरुजी सदानंद जी महाराज के रांची पहुंचने पर उनके शिष्यों द्वारा उनका चंदन वंदन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात गुरुजी एवं गीता प्रवचन कर्ता रविकांत राय भी गुरु महाराज के साथ रेलमार्ग द्वारा पटना के लिए प्रस्थान किए। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, नंद किशोर पाटोदिया समेत संस्था के बहुत से महिला-पुरुष सदस्य उपस्थित थे। यह सभी जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने दी।

### जेसीआई यूथ ने स्कूल में कराई शुद्ध पेयजल के साथ मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था



**रांची।** जेसीआई यूथ के सौजन्य से बर्धमान कंपाउंड स्थित डीएवी बुद्धा स्कूल में उपलब्ध कराई गई मूलभूत सुविधा का उद्घाटन जेसीआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ईशान अग्रवाल ने किया। जेसीआई यूथ की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने कहा कि स्कूल एक ऐसी जगह है, जहां बच्चों का सामाजिक विकास तेजी से होता है। हमउम्र बच्चों के साथ वे घुलमिलकर चीजों को बेहतर तरीके से समझते हैं। वैसे तो समाजीकरण के मामले में घर को सबसे बड़ा स्कूल माना जाता है, और पिछले कई वर्षों से हमारी संस्था के सदस्यों द्वारा स्कूल का देखभाल बहुत तन मन और धन से कर रही हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल के बच्चों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई है। स्कूल में लगभग 100 बच्चे पढ़ाई करते हैं। स्कूल में विद्यार्थियों के बीच कापी-पेंसिल और जरूरत की अन्य वस्तुएं भी बांटी गईं। स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम के साथ तरह तरह के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चे बहुत उत्साहित दिख रहे थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल, सचिव ऋचा जालान, मीडिया प्रभारी मोनिका गोयनका, पूर्व अध्यक्ष प्रतीक बदानी, सदस्य प्रवीण कुमार, हर्ष सिंघानिया, गुणीत सिंह जेसीआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ईशान अग्रवाल, जोन अध्यक्ष वसुंधरा सिंह, जोन उपाध्यक्ष देवेश नागौरी, जोन डायरेक्टर मैनेजमेंट विशाल धोना उपस्थित थे।


## मशीन गन, पिस्टल, रॉकेट के साथ स्टेन गन पिचकारी की अधिक मांग

# राजनेताओं के मुखौटे अबतक नहीं पहुंचे बाजार में



**अमित कुमार। रांची**

होली का बाजार सज-धज कर तैयार है। इन दिनों बाजार में कई तरह की पिचकरियां लोगों को भा रही हैं। साथ ही, बाजार में बच्चों के लिए मिकी माउस से लेकर स्पाइडर-मैन बैटमैन तथा डेविल का मुखौटा की मांग अधिक है। वहीं, पिचकारी में मशीन गन, पिस्टल, रॉकेट पिचकारी के साथ कई बड़ी कंपनियों ने अपने स्टेनगन पिचकारी भी मार्केट में उतारी है। पिचकारियों की शुरुआती कीमत 200 रुपये है। बाजार में सिलेंडर गुलाल, मुखौटा गुलाल, गन गुलाल, झाड़ बैलून, कलर पगड़ी और तलवार पिचकारी की बिक्री खूब हो रही है।



होली और ईद एक ही समय में होने से बाजार में उछाल रहने की संभावना अधिक है। साथ ही, करोना के बाद बाजार दिन प्रतिदिन बढ़ता रहा है। यह व्यापार के लिए अच्छा है। होली और ईद में कपड़ा से लेकर रंग-गुलाल, पिचकारी तथा खाने पीने के सामानों की बिक्री अधिक रहेगी। संभवतः 200 करोड़ रुपये का बाजार होने की उममीद जताई जा रही है।
**आदित्य मल्होत्रा, उपाध्यक्ष एफजेसीसीआई**

होली के रंग से लेकर पिचकारी मुखौटा, बैलून पगड़ी आदि वस्तुओं में 4 से 6 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। दुकानदार बताते हैं कि रंग और अबीर में लगभग 4 प्रतिशत तथा प्लास्टिक से बनी वस्तुओं जैसे मुखौटा पिचकारी पिट्ठू आदि की कीमत में लगभग 6 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। दुकानदारों ने बताया कि जेब पर पड़ने वाले बोझ के अनुसार छोटी तथा बड़ी पिचकारी की डिमांड है।
**अभिषेक यादव, थोक विक्रेता**

### इस बार कम रहेंगे मुखौटे बाजार में

होली के बाजार में होलसेल की दुकान से लेकर रिटेल की दुकान में इस साल नरेंद्र मोदी, राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल और योगी आदित्यनाथ जैसे नेताओं के मुखोटे नहीं दिखाई दे रहे हैं। दुकानदार बताते हैं कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए इस साल राजनीतिक मुखोटे बाजार में सबसे अधिक मांग होगी, लेकिन बाजार में अब तक ऐसा कुछ भी नजर नहीं आ रहा है। इससे बिक्री पर भी इसका असर पड़ रहा है। लोगों की सबसे पहले डिमांड राजनीतिक मुखोटे की है। इसमें भी मोदी की सबसे अधिक डिमांड है।

| होलसेल बाजार | | (कीमत रुपये में) |
|---|---|---|
| पिचकारी | → | 50 से 700 |
| स्टैंडगन | → | 400 से 2000 |
| मुखौटा | → | 30 से 200 |
| रंगीन बाल | → | 80 से 200 |
| मलिंगा का बाल | → | 200 से 500 |
| गुलालगन | → | 200 से 800 |
| पुड़िया रंग की पैकेट | → | 25 से 100 |

# गठबंधन में सीटों शेयरिंग पर अब तक नहीं बनी बात, एक-दो सीटों पर जीच

**जेएमएम और कांग्रेस सहमति का दावा जरूर कर रहे लेकिन छोटे दलों की दावेदारी पर फैसला नहीं हुआ**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में इंडिया गठबंधन की पार्टियों की कई दौर की बैठकों के बाद भी सीटों के बंटवारे पर सर्वसम्मत फॉमूर्ला अब तक नहीं बन पाया है। राज्य में गठबंधन के दो बड़े दल जेएमएम और कांग्रेस के नेता सहमति का दावा जरूर कर रहे हैं, लेकिन बाकी घटक दलों की दावेदारी को लेकर फैसला नहीं हो पा रहा है। झारखंड में लोकसभा की कुल 14 सीटें हैं। प्रदेश कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम का कहना है कि कांग्रेस के हिस्से में सात, जेएमएम के लिए पांच और राजद एवं भापका के लिए एक-एक सीट के फॉमूर्ले का आधिकारिक तौर पर जल्द ही ऐलान कर दिया जाएगा। उनके मुताबिक रांची, हजारीबाग, गोड्डा, खूंटी, धनबाद, जमशेदपुर और लोहरदगा की सीटों पर कांग्रेस अपने प्रत्याशी देगी, जबकि सिंहभूम, दुमका, राजमहल, गिरिडीह और चतरा सीट पर जेएमएम के प्रत्याशी होंगे। राजद को पलामू और सीपीआई (एमएल) को कोडरमा सीट देने पर सहमति बनी है। दूसरी तरफ, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विनोद कुमार पांडेय कहते हैं कि गठबंधन में सहमति को लेकर किसी तरह की दिक्कत नहीं है। लेकिन, सीट शेयरिंग पर अब तक अंतिम तौर पर मुहर नहीं लगी है। कौन सी सीट किसके हिस्से में जाएगी, इस पर विचार के लिए बनी कमेटी ने अपनी रिपोर्ट नेतृत्व को सौंप दी है और आखिरी फैसला इंडिया गठबंधन के शीर्ष नेता ही करेंगे।

कांग्रेस: रांची, हजारीबाग, गोड्डा, खूंटी, धनबाद, जमशेदपुर व लोहरदगा

झामुमो: सिंहभूम, दुमका, राजमहल, गिरिडीह और चतरा

RJD: पलामू

CPI (ML): कोडरमा

**सहमति पर किसी तरह की दिक्कत नहीं, शीघ्र लगेगी मुहर : झामुमो**

### राजद का पलामू, चतरा पर दावा तो भाकपा का हजारीबाग पर

दरअसल, कांग्रेस और जेएमएम दोनों भले सहमति बन जाने का राग अलाप रहे हैं, लेकिन उनके प्रस्तावित फॉमूर्ले पर राजद और सीपीआई जैसे घटक दलों ने अब तक हामी नहीं भरी है। राजद दो सीटों पलामू और चतरा पर दावेदारी कर रहा है, जबकि कांग्रेस-झामुमो उसे सिर्फ एक सीट देना चाहती हैं। 2019 के चुनाव में भी राजद को सिर्फ पलामू सीट दी गई थी, लेकिन उसने इससे इनकार करते हुए चतरा सीट पर भी प्रत्याशी उतार दिया था। नतीजतन, चतरा में कांग्रेस और राजद दोनों के प्रत्याशी मैदान में थे। भाकपा अपने लिए हजारीबाग सीट पर अड़ी है, जबकि गठबंधन की दोनों बड़ी पार्टियां कांग्रेस-झामुमो इसके लिए तैयार नहीं हैं। भाकपा के पूर्व राज्य महासचिव और हजारीबाग सीट से दो दफा सांसद रह चुके भुवनेश्वर प्रसाद मेहता कहते हैं कि अगर हमें गठबंधन में इस बार यह सीट नहीं दी गई तो हमारी पार्टी पांच से सात सीटों पर अपने प्रत्याशी उतार देगी। दूसरी तरफ भाजपा ने राज्य की 14 में 11 सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम 2 मार्च को ही घोषित कर दिए हैं। एक सीट गिरिडीह भाजपा ने सहयोगी पार्टी आजसू के लिए छोड़ी है। दो अन्य सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों के नाम जल्द सामने आ सकते हैं।

## इंडी गठबंधन मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरेगा : कल्पना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि हमारी लड़ाई लंबी है और हमें अभी बहुत ताकत की जरूरत है। हेमंत सोरेन हमारे साथ नहीं हैं। गठबंधन मजबूती के साथ चुनावी मैदान में उतरेगा। इसकी शुरूआत मंगलवार से हम लोग कर रहे हैं। कल्पना सोरेन भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होकर मुंबई से लौटने के बाद सोमवार को रांची एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। वह गठबंधन के तहत झामुमो की ओर से भाग लेने गई थीं। उन्होंने कहा कि गांडेय विधानसभा से अभी हमारी उम्मीदवारी तय नहीं हुई है। पार्टी जो तय करेगी उसपर काम किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव के साथ ही देश की 26 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनावों के तारीखों का ऐलान किया है। इसके तहत झारखंड की गांडेय विधानसभा सीट पर लोकसभा के पांचवें चरण के दौरान 20 मई को उपचुनाव होगा।

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गई सुविधा पोर्टल और वीवीपैट की कार्यप्रणाली की जानकारी

**खूंटी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफल संचालन के निमित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के लिए समाहरणालय के सभागार में सोमवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सुविधा पोर्टल का उपयोग करने के तरीके एवं वीवीपैट के संयोजन एवं कार्यप्रणाली की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी द्वारा पीपीटी के माध्यम से राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सुविधा पोर्टल का उपयोग कर किस तरह नामांकन प्रपत्र, शपथ पत्र को अपलोड किया जा सकता है। इसकी जानकारी दी गई। चुनाव के दौरान विभिन्न तरह की अनुमति प्राप्त करने के लिए सुविधा पोर्टल की कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया।

## न्यूज बॉक्स

### झारखंड हाई कोर्ट ने सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर लगाई रोक




**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने गोवंश तस्करी से जुड़े एक मामले में सांसद निशिकांत दुबे को तत्काल राहत दी है। जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने मामले में सोमवार को निशिकांत दुबे की याचिका पर सुनवाई करते हुए उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के समय की मांग की गई। कोर्ट ने दो सप्ताह का समय राज्य सरकार को दिया है। आरोप है कि निशिकांत दुबे ने एक व्यक्ति को गोवंश की तस्करी मामले में पकड़ा और उसकी पिटाई की। बाद में उसे पुलिस को सौंप दिया था। मामले में उस व्यक्ति का कहना था कि उसके पास लाइसेंस है। इसलिए वह गोवंश ले जा रहा था। वह गोवंश तस्कर नहीं है लेकिन निशिकांत दुबे ने उसे धमकी दी और उसे मारपीट कर पुलिस को सौंप दिया था। मामले को लेकर देवघर के मोहनपुर थाना में निशिकांत दुबे के खिलाफ देवघर के मोहनपुर थाना में दर्ज किया गया था।

### केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा : राजेश ठाकुर



**रांची।** प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कांग्रेस के भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन पर देश की जनता के प्रति यात्रा और राहुल गांधी के प्रति दिखाई गई प्रतिबद्धता के लिए आभार प्रकट किया है। ठाकुर ने कहा कि हम जनता के आभारी हैं, जिन्होंने इस यात्रा के लिए अपने समर्थन को मजबूती से बनाए रखा और देश में जारी लूट- खसोट,भ्रष्टाचार, अन्याय के खिलाफ मुखर होकर आगे आकर संघर्ष करने का हौसला दिखाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जिस तरह से कहा कि एक राजा की जान तोते में बसी थी। उसी तरह इस राजा की जान भी ईवीएम में बसी है,अगर ईवीएम और वीवीपैट की पर्ची का मिलान हो जाए तो शायद इस राजा की जान भी चली जाएगी। यह पूरी तरह सत्य है और इस सच के लिए कांग्रेस लड़ाई लड़ती रहेगी। ठाकुर ने कहा कि देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने का यह चुनाव आखिरी मौका साबित हो सकता है अगर हम इस बार चुके तो इस चुक की भरपाई नहीं हो सकती।

### आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न करें अन्यथा की जाएगी कानूनी कार्रवाई : उपायुक्त

**खूंटी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभा कक्ष में सोमवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 11-खूंटी( अजजा) के निर्वाचन के लिए निर्गत अधिसूचना के संबंध में प्रतिनिधियों को विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही निर्देश दिया गया कि किसी भी स्थिति में एमसीसी का उल्लंघन नहीं किया जाना चाहिए, अन्यथा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मतदान केंद्र भवन का परिवर्तित नाम एवं जर्जर मतदान केंद्र भवन के परिवर्तित स्थान के नाम की जानकारी दी गई। उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि नाम निर्देशन करने की अंतिम तारीख 25 अप्रैल है। नाम निर्देशन की संवीक्षा 26 अप्रैल और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल है। मतदान की तिथि 13 मई एवं मतगणना की तारीख चार जून 2024 निधार्रित की गई है।

### जानलेवा हमला करने के दोषी को सात साल की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने सोमवार को जानलेवा हमला करने के दोषी अमित राम को सात साल की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने पांच हजार का जुमार्ना लगाया है। अमित राम पर रातू रोड निवासी सूरज राम से जबरदस्ती पैसे की मांग करने का आरोप है। जब सूरज राम ने पैसे देने से मना किया तो उसके पेट में चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। रिम्स में इलाज के दौरान उसके पेट में 21 टांके लगाकर उसकी जान बचाई गई थी।

### गांडेय विधानसभा के राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों का कार्यशाला संपन्न

**रांची ।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि राज्य में पहली बार लोक सभा आम चुनाव के साथ -साथ गांडेय में विधानसभा का उप चुनाव एक साथ कराया जा रहा है। सभी राजनैतिक दलों से अपेक्षा है कि वे इन चुनावों के स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं त्रुटिरहित संचालन में अपनी महती भूमिका निभाकर लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाएँ। उन्होंने निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधानों को रेखांकित करते हुए कहा कि वे इनसे अपने हरेक कार्यकर्ता को अनिवार्यरूपेण भारत निर्वाचन आयोग के तत्संबंधी प्रावधानों से अवगत करा दें ताकि जानकारी की कमी के कारण उनके द्वारा अनजाने में भी भारत निर्वाचन आयोग के संबंधित प्रावधानों का उल्लंघन नहीं होने पाए। वे आज अपने कार्यालय के सभाकक्ष में सभी लोक सभा आम चुनाव 2024 एवं 31-गांडेय विधानसभा उप-चुनाव के बाबत मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के लिए आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग के स्तर से जारी ₹राजनैतिक दलों के लिए हस्तक₹ की प्रतियां उपलब्ध कराते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव से संबंधित राजनैतिक दलों से संबंधित जारी सभी दिशा निर्देशों को इसमें संकलित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस मैनुअल का गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया जाना चाहिए ताकि स्वच्छ एवं निष्पक्ष चुनाव के संचालन में सभी राजनैतिक दलों का सक्रिय सहयोग मिल सके।

### 20 से 30 मार्च तक शहरी क्षेत्र में चलेगा मतदाता जागरूकता विशेष अभियान

**रांची ।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को आगामी 20 से 30 मार्च 2024 तक सभी शहरी क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है । सीईओ ने कहा कि वोटर अवेयरनेस फोरम के माध्यम से मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रयोग एवं नैतिक मतदान के प्रति जागरूक करें । चुनाव के प्रति उदासीनता के कारणों से अवगत होकर उन्हें प्रेरित करें । यदि मतदाता किसी खास असुविधावश अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हों तो वैसे कारणों का तत्काल निवारण कराकर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 135 बी के तहत अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए सभी सरकारी/गैर सरकारी/व्यवसायिक संस्थानों के कर्मियों के लिए सवैतनिक अवकाश का प्रावधान किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता जागरूकता के लिए हरेक संस्थान में मतदाता जागरूकता के लिए वोटर अवेयरनेस फोरम गठित करने का प्रावधान किया है। यदि किसी भी सरकारी/गैरसरकारी/ निजी अथवा व्यवसायिक संस्थान में वोटर अवेयरनेस फोरम गठित कराकर उसे त्वरित क्रियाशील कराएं। यदि पिछले चुनावों में किसी खास स्थान पर मतदान का प्रतिशत कम रहा हो, तो निकट के मतदाता वोटर अवेयरनेस फोरम के नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उनसे फीडबैक प्राप्त करें एवं प्राप्त फीडबैक के आधार पर उस क्षेत्र के मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रयोग में यदि कोई भी असुविधा संभावित हो तो उसका तत्काल निराकरण सुनिश्चित करवाएं। वे आज अपने कार्यालय से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सूबे के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियो के साथ विभिन्न जिलों में लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

# निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने में मीडिया की है बेहद भूमिका महत्वपूर्ण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**राज्य निर्वाचन आयोग के सीईओ के रविकुमार ने सोमवार को आयोग के रांची मुख्यालय में आयोजित मीडिया वर्कशॉप में कहा कि निष्पक्ष, शातिपूर्ण और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मीडिया की नजर हर किसी पर होती है, राजनीतिक दलों की गतिविधियों से लेकर प्रत्याशी और अधिकारियों के कार्य पर मीडिया अपनी नजर रखता है, लेकिन मीडिया की भी कुछ जिम्मेवारियां और सीमाएं है, जिसका उन्हें पालन जरूर करना चाहिए। सीईओ ने मीडिया कर्मियों से सहयोग की भी पील की। इस वर्कशॉप में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा भी मौजूद रहे। दोनों ने अपने-अपने प्रेजेंटेशन भी दिए।**




### चुनाव ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोक सभा चुनाव 2024 के मद्देनजर सभी मतदान केंद्रों पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निदेर्शों के अनुरूप न्यूनतम सुविधा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी अपने क्षेत्राधीन सभी मतदान केंद्रों में इन उपलब्ध सुविधाओं का भौतिक निरीक्षण भी करें साथ ही निर्वाचन के कार्य में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करें। वे आज सभी जिलों के निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मतदान केंद्रों पर उपलब्ध भौतिक सुविधाओं से संबंधित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) के अध्यक्ष आदित्य रंजन, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे, सभी जिलों के निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारियों सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### 95 लाख रुपये तक खर्च कर सकते हैं प्रत्याशी : नेहा अरोड़ा



मीडिया वर्कशॉप को संबोधित करते हुए नेहा अरोड़ा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में धनबल और बाहुबलियों को रोकने के लिए की कई टीम बनायी गई है। वहीं प्रत्याशियों के खर्च के लिए 95 लाख रुपये की सीमा निर्धारित है। प्रत्याशी अपनी चुनावी व्यय राशि का ब्यौरा जिला कमेटी को समय-समय पर देंगे । साथ ही एक नया बैंक खाता खोलना होगा, तीन रजिस्टर में खर्च का बयौरा रखना होगा। चुनावी ब्यौरा नहीं देने पर प्रत्याशी को अयोग्य ठहराया जा सकता है। चुनाव के दौरान प्रत्याशियों के द्वारा मतदाताओं के बीच कैश, उपहार, शराब वितरण करने की शिकायत पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उड़न दस्ता के साथ वीडियो सर्विलांस, उत्पाद विभाग की टीम पर कड़ी नजर खेगी। नेहा अरोड़ा ने कहा कि जिला मुख्यालय में 24 घंटे कंट्रोल रूम काम करेगा, जिस पर कोई भी शिकायत कर सूचना दे सकता है। हेलीकॉप्टर या विमान के लिए 24 घंटा पहले आरओ को सूचना देनी होगी। अपर सीईओ नेहा ने कहा कि कुछ लोग निर्दलीय के रूप में डमी प्रत्याशी भी उतारते है, जो अपने प्रत्याशी के पक्ष में झंडा-बैनर वितरण के साथ प्रचार भी करते है, इसकी शिकायत मिलने पर दोनो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी । यदि किसी शराब दुकान से अधिक शराब और किसी पेट्रोल पंप से अधिक तेल की बिक्री प्रत्याशी विशेष के लिए होती है, तो इसकी जांच गठित टीम करेगी और कार्रवाई करेगी।

### खबर में किसी प्रत्याशी की प्रमोट करना पेड न्यूज : संजय कुमार



मीडिया वर्कशॉप में सबसे महत्वपूर्ण विषय पर चुनाव अधिकारी संजय ने मीडिया के समक्ष रखी । उन्होंने कहा कि प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में खबरें ऐसे प्रकाशित होती है, जो पूरी तरह पेड न्यूज की श्रेणी में आता है। ऐसे खबरों पर मीडिया को खास ध्यान रखना है। किसी प्रत्याशी के बारे खबरें ऐसी नहीं होनी चाहिए, जिससे यह प्रतीत हो कि से प्रमोट किया जा रहा है, उसका महिमामंडित किया जा रहा हो । किसी प्रत्याशी का साक्षात्कार जरूर दिखाएं या लिखें, लेकिन दूसरे पक्ष को भी प्राथमिकता देनी चाहिए। पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर किसी के बारे में खबरें नहीं प्रस्तुत करें। कई बार एक ही खबर और फोटो कई अखबार में एक साथ प्रकाशित होता है, वह भी पेड न्यूज की श्रेणी में आता है,ऐसी खबरों के बारे में अचछी तरह जांचने और परखने के बाद ही प्रकाशित करें। संजय कुमार ने कहा कि मीडिया के लोगों को नामांकन, मतदान और मतगणना के समय जाने की अनुमति है। चुनाव कवरेज कर रहे पत्रकारों को पोस्टल वोट देने का मिलेगा अवसर अपर चुनाव पदाधिकारी संदीप सिंह ने कहा कि स बार चुनाव संपन्न कराने वाले मतदान कर्मियों और कवरेज करने वाले मीडिया कर्मियों को भी पोस्टल के माध्यम से मतदान करने का अवसर मिलेगा ।

### सभी प्रत्याशी और राजनीतिक दल को कोड ऑफ कंडक्ट मानना अनिवार्य : संदीप सिंह

अपर निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह ने कहा कि हर राजनीतिक दल और उनके प्रत्याशी को चुनाव आयोग के मॉडल कोड ऑफ कंटक्ट को मानना अनिवार्य है। वोटरों को किसी भी तरह से प्रभावित करने का मामला आने पर ना सिर्फ एफआईआर दर्ज होगी, बल्कि कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन माना जाएगा और कार्रवाई होगी । चुनाव में धार्मिक



उन्माद भड़काने वाले नारे, पोस्टर, स्पीच भी पूरी रोक है। अपर निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह ने कहा कि सभी प्रत्याशी को बैठक,सभा ,जनसंपर्क की अनुमति आरो से लेनी होगी। सरकार के मंत्रियों के बारे में कहा कि की भी चुनावी सभा, बैठक, जनसंपर्क के दौरान सरकारी वाहनों का प्रयोग नहीं करेंगे और ना ही किसी योजना शिलांयास-उद्घाटन करेंगे। यह आदर्श चुनाव संहिता के अंतर्गत है।

### विट्रियो-रेटिना के क्षेत्र में एफएआईसीओ की मानद उपाधि से सम्मानित

# डॉ. बीपी कश्यप फिर बने झारखंड के गौरव

**अखिल भारतीय नेत्र सोसाइटी के 82वें वार्षिक सम्मेलन में दिया गया सम्मान**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/कोलकाता।** कोलकाता में आयोजित अखिल भारतीय नेत्र सोसाइटी के 82वें वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन सम्मारोह में रांची के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ बीपी कश्यप को विट्रियो-रेटिना के क्षेत्र में एफएआईसीओ की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें रामकृष्ण मिशन सेवा प्रतिष्ठान के सेक्रेटरी स्वामी नित्याकामानंदा ने प्रदान किया। यह मानद उपाधि देश के गिने-चुने विट्रियो-रेटिना सर्जन को उनके रेटिना के क्षेत्र में किए गए कामों के सम्मान के लिए दी जाती है। गौरतलब है कि वर्ष 1984 में डॉ बीपी कश्यप ने झारखंड (तब बिहार) में पहली बार रेटिना रोगों के ट्रीटमेंट की शुरुआत की थी। उस समय वह समूचे बिहार के इकलौते रेटिना सर्जन थे। वर्ष 1984 से लेकर वर्ष 2004 तक, वे झारखंड और बिहार के इकलौते रेटिना सर्जन रहे। आज झारखंड में रेटिना के क्षेत्र में जितनी भी नई तकनीकें, मशीनें, ट्रीटमेंट पद्धति, रिसर्च, प्रशिक्षण इत्यादि मौजूद हैं, झारखंड में सबको लाने का श्रेय सिर्फ डॉ बीपी कश्यप को जाता है। इनमें, वर्ष 2003 में प्रीमैच्योर बच्चों की आंखों के रेटिना का इलाज शुरू करना, वर्ष 2009 में रेटिना के सर्जरी की दुनिया की सबसे आधुनिक कांस्टेलेशन मशीन को लाना, रेटिना के इलाज के लिए इंट्राविट्रियल इंजेक्शन की वर्ष 2006 में शुरुआत करना, रेटिना के इलाज की सबसे आधुनिक मशीन, और अभी तक की झारखंड की एकमात्र इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी मशीन वर्ष 2018 में लाना, वर्ष 2021 में रेटिना के दवाओं का झारखंड में पहला और अब तक का पहला क्लिनिकल ट्रायल शुरू करना, वर्ष 2022 में झारखंड का पहला और एकमात्र रेटिना का राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण सुविधा की शुरुआत करना आदि शामिल है। डॉ कश्यप के राष्ट्रीय स्तर पर इस मानद उपाधि से सम्मानित किए जाने पर हिंदुस्तान के नेत्र स्वास्थ्य के नक्शे पर झारखंड का नाम स्वर्णिम अक्षरों में उभर कर सामने आया है।




**डॉ बीपी कश्यप को विट्रियो - रेटिना के क्षेत्र में एफएआईसीओ की मानक उपाधि से सम्मानित करते रामकृष्ण मिशन सेवा प्रतिष्ठान के सेक्रेटरी स्वामी नित्याकामानंदा महाराज एवं समिति के प्रेसिडेंट डॉ हरबंस लाल।**

# विकास के लिए सिर्फ सुरक्षा ही नहीं आर्थिक प्रगति भी महत्वपूर्ण : सीपी राधाकृष्णन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि विकास के लिए सुरक्षा और आर्थिक सुरक्षा दोनों महत्वपूर्ण है। वर्तमान में हमारा देश विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा, मैं विभिन्न देशों का भ्रमण कर चुका हूं। कहा कि राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय, नई दिल्ली का गौरवशाली इतिहास रहा है। राज्य में स्थापित झारखंड रक्षा विश्वविद्यालय को सैनिक विश्वविद्यालय के रूप में गठन करने के लिए इच्छुक हैं। सोमवार को राजभवन में राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय, नई दिल्ली के फैकल्टी एंड कोर्स मेंबर्स की ओर से 'नेशनल सिक्योरिटी एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज कोर्स' के तहत झारखंड राज्य में इकोनॉमिक सिक्योरिटी पर अध्ययन के लिए आई टीम के सदस्यों के साथ संवाद करते हुए राज्यपाल ने कहा कि झारखंड राज्य का गठन बिहार से अलग होकर 15 नवंबर, 2000 को हुआ था। जब संसद में यह विधेयक रखा गया था, तब वे लोकसभा सदस्य थे और उन्हें इस पर अपना मत देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। राज्यपाल ने कहा कि यहां पर्यटन के विकास की असीम संभावनाएं हैं। यहां के कई पर्यटन स्थल सैलानियों को आकर्षित करते हैं। झारखंड राज्य में खेल के क्षेत्र में कई प्रतिभा हैं। महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में भारत ने 2011 में विश्व कप जीता, यहीं के रहने वाले हैं। झारखंड को 'तीरंदाजी की भूमि' कहा जाता है। यहां की कई बेटियां हॉकी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर देश और झारखंड को गौरवान्वित कर रही हैं। इस अवसर पर उपस्थित कोर्स मेंबर्स की टीम के सदस्यों ने भी अपने विचार प्रकट किए।

## एक नजर

### मिशन हॉस्पिटल में तीन दिवसीय स्वास्थ्य मेला आज से

**हजारीबाग।** रवींद्र पथ अवस्थित श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के तत्वावधान में संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में तीन दिवसीय स्वास्थ्य मेला 19 मार्च से 21 मार्च 2024 तक लगेगा। इसमें मरीजों को निशुल्क ओपीडी परामर्श प्रदान किया जाएगा। जिसमें अस्पताल के सामान्य चिकित्सा विभाग, जनरल सर्जरी विभाग, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, बाल रोग विभाग हड्डी रोग विभाग, नेत्र विभाग, ईएनटी विभाग एवं मैक्सिलोफेशियल विभाग के अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। निशुल्क ओपीडी परामर्श में मुफ्त दवाई, बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर, आरबीएस एवं ईसीजी जांच मुफ्त होगा। श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि वर्तमान दौर में चिकित्सा के क्षेत्र में मरीजों की परेशानी एवं आर्थिक बोझ को कम करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है।

### मायल निवासी युवक अनीश की सड़क हादसे में मौत

**रामगढ़ / रजरप्पा।** रामगढ़ कोर्ट चौक के समीप शनिवार देर शाम सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की अस्पताल ले जाने के क्रम में मौत हो गई। मृतक चितरपुर के मायल गांवा देवती टोला निवासी सेवधर महतो के छोटे पुत्र 22 वर्षीय अनीश कुमार पटेल है। किसी मरीज को देखने के लिए सदर अस्पताल गया हुआ था। अस्पताल से वापस अपने घर लौटने के दौरान करीब 10 बजे रात्रि को रामगढ़ कोर्ट चौक के समीप अनियंत्रित होकर गिर गया। इससे वह घायल हो गया, घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गई। युवक का शव जैसे ही गांवादेवती टोला पहुंचा तो मातम का माहौल छा गया। उनके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### जंगल में आग लगाने पर देना होगा जुर्माना

**गोला।** जंगल में आग लगाने या पेड़ काटते पकड़े जाने पर संबंधित व्यक्ति को जुर्माना देना होगा। साथ ही ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह फैसला रविवार को गोला प्रखंड रथ मेला टांड़ बीचगढ़ा सुतरी गांव में ग्राम वन प्रबंधन व सुरक्षा समिति की बैठक में लिया गया। सुतरी वन क्षेत्र के सैकड़ों एकड़ भूमि पर घने जंगल का फैला है। गर्मी के मौसम में विशेष कर महुआ चुनने को लेकर स्थानीय लोग जंगल में आग लगा देते हैं। जिससे सैकड़ों पेड़ पौधे झुलस कर मर जाते हैं। वन समिति ने इसकी देखभाल व सुरक्षा के लिए यह निर्णय लिया है। बताया जाता है कि वन क्षेत्र की देखभाल के लिए वन विभाग ने ग्राम वन सुरक्षा एवं प्रबंधन समिति का गठन किया है। यह समिति वन संपदाओं की सुरक्षा के साथ प्रबंधन का भी कार्य करती है। अब सुतरी वन समिति जंगल में होने वाली गतिविधियों पर पैनी नजर रखेगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे वन समिति के अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया शंकर बेदिया ने बताया कि सुतरी वन क्षेत्र में कई तरह के किमती पेड़ पौधे हैं।

---

### सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

# विषय विशेषज्ञ गोपाल मिस्त्री ने अपने अनुभव को विद्यार्थियों के संग किया साझा




◆ प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षण पद्धतियों में सृजनात्मकता और नवाचार को शामिल करने के लिए प्रेरित करना

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में सीबीएसई के नियमों के अनुसार एक दिवसीय इन हाउस प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। जिसका का विषय लैंगिक संवेदनशीलता (जेंडर सेंसिटिविटी) था। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों में विद्यालय में होनी वाली लैंगिक असमानताओं को कैसे समाप्त किया जाए तथा सभी छात्र-छात्राओं के प्रति किस प्रकार समान दृष्टिकोण रखा जाए और उनकी शिक्षण पद्धतियों में नवाचार और सृजनात्मकता को शामिल करने के लिए प्रेरित करना था। प्रशिक्षण सत्र में विषय विशेषज्ञ गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा ने शिक्षकों को छात्र-छात्राओं के बीच के सीखने की प्रक्रिया को अधिक रोचक और प्रभावी बनाने के लिए अपने अनुभव और ज्ञान साझा किया। इसके अलावा, शिक्षकों को छात्रों की विभिन्न शैक्षिक जरूरतों को समझने और उनके अनुसार शिक्षण योजना बनाने के तरीके भी बताए गए। विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने इस प्रशिक्षण को शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन बताया और कहा कि इससे विद्यालय की शिक्षण प्रणाली में गुणात्मक सुधार होगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी इस तरह के प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन करता रहेगा। इस प्रशिक्षण में एसटीएन सी राकेश सहाय, मिथलेश खन्ना, डॉ गायत्री पाठक, अमरदीप शाहदेव, अनिल कुमार,दुर्गा प्रसाद, ललिता गिरि, शुक्ला चौधरी, शशिकान्त सहित सभी आचार्य एवं दीदी जी उपस्थित थे।

---

# स्वर्णकार व्यवसायी संघ ने मनाया होली मिलन समारोह



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
स्वर्णकार व्यवसायी संघ ने सोमवार को स्थानीय स्वर्णकार भवन में धूम धाम से होली मिलन समारोह मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष बिक्रम प्रसाद ने किया । होली मिलन के मौके पर सभी स्वर्ण व्यवसायी बंधुओं ने एक जुट हो कर काम करने का संदेश दिया । कार्यक्रम में मंडई इचाक के अलावे हजारीबाग के प्रखंडों से भी लोग जुटे थे । सभी ने एक सुर में संघ की एकता और संघ को मजबूत बनाने का संकल्प लिया । मौके पर नशा मुक्ति पर भी चर्चा हुई और नशा मुक्त होली मनाने और दूसरो को प्रेरित करने की भी बात कही गई । कार्यक्रम को सफल बनाने में रिंकु वर्मा, सावन शुभम, रणजीत सोनी, निशु सोनी , राजकुमार सोनी , राकेश कश्यप, अमित आनंद डॉन , भास्कर वर्मा , मोनू सोनी , संजय सोनी और तारकेश्वर सोनी की अहम भूमिका रही ।

---

## न्यूज बॉक्स

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला महासचिव राजीव रंजन की माता का निधन



**रामगढ़।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला महासचिव राजीव रंजन प्रसाद की माता इंदिरा प्रसाद 84 वर्ष का रविवार को शाम 5:00 बजे रांची स्थित रिम्स में इलाज के क्रम में देहांत हो गया। स्वर्गीय इंदिरा प्रसाद का अंतिम संस्कार सोमवार को रांची में किया गया। उन्हें मुखाग्नि उनके पुत्र अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला महासचिव राजीव रंजन प्रसाद ने दी। उनके अंतिम संस्कार में समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, राजीव रंजन प्रसाद की माता इंदिरा प्रसाद के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा ने कहा कि उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। जिसकी भरपाई संभव नही है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा दुख की इस घड़ी में स्वर्गीय इंदिरा प्रसाद के परिजनों के साथ है। कहा कि हम ईश्वर से कामना करते हैं कि वे स्वर्गीय इंदिरा प्रसाद को अपने श्री चरणों में स्थान दें । स्वर्गीय इंदिरा प्रसाद के निधन पर बिनोद श्रीवास्तव, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, सूर्यवंश श्रीवास्तव, राजेश सिन्हा, आनंद सिन्हा,पंकज कृष्ण जमुआर, मनोज सिन्हा, विश्वरंजन सिन्हा, डॉ उदय श्रीवास्तव, डॉ स्वराज, डॉ के चंद्रा, डॉ संजीव कृष्ण जमुआर, संजय लाला, डॉ रोहित वर्मा, अनिल अस्थाना, अतुल्य कुमार वर्मा, नितेश रंजन, मधुसूदन प्रसाद आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### कच्चे मकान में आग लगने से लाखों की क्षति, प्रशासन से आवास की मांग




**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत बेडोकला के ग्राम केंदुवा 1 में मिट्टी का मकान में आग लगने से हजारों की संपत्ति जलकर खाक हो गई। मकान देवी लाल सिंह व दूसरा भाई छोटेलाल सिंह दोनों के पिता रामधारी सिंह की बताई जा रही है। ग्रामीणों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया। तब तक घर जलकर राख हो गया। वही पीड़ित ने बताया कि घर में खाने पीने का सामान समेत नगदी जल गया। कहा है कि हमलोग अत्यंत गरीब परिवार हैं। खाने और सर छुपाने के लिए कोई जगह नहीं है। वही घटना की सूचना मिलते ही पंचायत समिति सदस्य युसूफ अंसारी ने प्रशासन से अतिशीघ्र आवास और मुआवजा की मांग की है। मौके पर समाजसेवी मुमताज अंसारी, नकुल ठाकुर, इस्माइल मियां, मुंशी मियां, वीरेंद्र शर्मा समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### 5.94 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक धराया, भेजा गया जेल



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनो ब्राउन शुगर का धंधा फलने फूलने लगा है।इस क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार सुबह में छापामारी कर ग्राम सलैया टोला बेलाटांड स्थित सरकारी अस्पताल के भवन से सोनू कुमार पिता लालधारी महतो ग्राम घसकोडीह, थाना बरकट्ठा, जिला हजारीबाग को अवैध रूप से करीब 5.94 ग्राम ब्रॉउन शुगर के साथ पकड़ा गया । इस संदर्भ में बरकट्ठा थाना कांड संख्या- 45/24 एनडीपीएस एक्ट अंकित कर प्राथमिकी अभियुक्त-सोनू कुमार पिता लालधारी महतो ग्राम घसकोडीह, थाना बरकट्ठा, जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### राष्ट्रीय स्टूडेंट फिल्म फेस्टिवल 2024 में लखी माई को मिला सम्मान, बधाई




**बरही।** राष्ट्रीय कला मंच द्वारा मुंबई में आयोजित नेशनल स्टूडेंट फिल्म फेस्टिवल 2024 में बेस्ट डॉक्यूमेंट्री पर आधारित लखी माई को भी चयनित किया गया. बेस्ट डॉक्यूमेंट्री के लिए निदेशक नितेश कुमार को चेक और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया. ज्ञातव्य हो कि यह होनहार युवक बरही प्रखंड के रसोईयाधमना पंचायत के पुरहरा गांव निवासी स्व होरिल यादव के पुत्र है. इस डॉक्यूमेंट्री में किसानों की व्यथा, उसके परिश्रम और उससे मिलने वाले लाभ का मार्मिक चित्रण किया है. पूरा डॉक्यूमेंट्री ग्रामीण परिवेश पर आधारित है. इस डॉक्यूमेंट्री में बीज की बुआई से से लेकर कटाई तक के सभी कार्यों को बड़े ही बेहतर तरीको से प्रदर्शित कर किसान के लालसा और मेहनत को दशार्ने का काम किया गया है. जिसमे निदेशक ने गीतों को भी ग्रामीण परिवेश में अपनी नानी के साथ फिल्माने का काम किया है. विदित हो कि इस डॉक्यूमेंट्री को अब तक झारखंड सहित विभिन्न राज्यों में कई मौकों पर सम्मानित किया जा चुका है. इस सम्मान के लिए स्थानीय लोग सहित यहां के जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन आदि ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है.

### जनता के विश्वास और पार्टी के भरोसे पर उतरूंगा खरा : मनीष जायसवाल

**हजारीबाग।** भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बताया कि भाजपा कार्यकताओं और हजारीबाग की जनता के विश्वास पर पार्टी ने भरोसा जताया है। पार्टी कार्यकर्ता, जनता और पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूर्ण प्रयास करूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि जनसेवा और विकास हमारी प्राथमिकता रही है और भविष्य में भी इसी प्राथमिकता के आधार पर कार्य करूंगा।

---

### चुनाव को लेकर उपायुक्त ने विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ की बैठक, कहा

# आदर्श आचार संहिता का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए



**लोकसभा चुनाव के तहत रामगढ़ जिले के कुल 455 भवनों में 858 मतदान केंद्र बनाए गए हैं**

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ विमल कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय एनआईसी कक्ष में विभिन्न राजनीतिक दालों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी को जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत से आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। मौके पर उनके द्वारा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़ जिले में 22 बड़कागांव, 23 रामगढ़ एवं 24 मांडू विधानसभा अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों की जानकारी दी गयी। उपायुक्त द्वारा बताया गया कि लोकसभा आम निर्वाचन के तहत रामगढ़ जिले के कुल 455 भवनों में 858 मतदान केंद्र बनाए गए हैं वहीं इस बार के निर्वाचन में कुल 728632, 374759 पुरुष व 353852 महिलाएं अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगी। लोकसभा आम निर्वाचन से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण तिथियों की जानकारी देते हुए उपायुक्त ने बताया कि 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन के लिए 26 अप्रैल 2023 को अधिसूचना जारी की जाएगी, जिसके उपरांत नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तिथि 3 मई 2024, स्क्रुटनी 4 मई 2024 एवं मतदान 20 मई 2024 को होगा वही मतगणना 4 जून 2024 को होगी। बैठक के दौरान प्रतिनिधियों को जानकारी दी गयी की 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए निवार्ची पदाधिकारी उपायुक्त हजारीबाग होंगी वहीं 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए सहायक निवार्ची पदाधिकारी अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ एवं बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के लिए भूमि सुधार उप समाहर्ता सहायक निवार्ची पदाधिकारी होंगे। मौके पर उपायुक्त ने सभी प्रतिनिधियों को पेड़ न्यूज मॉनिटरिंग, एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग आदि के तहत किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी वहीं उन्होंने आदर्श आचार्य संहिता का शख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने की बात कही।

### चारदीवारी निर्माण के डीपीआर पर उठ रहा सवाल

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा रिवर साईड स्थित राजकीय मध्य विद्यालय सौंदा में डीएमएफटी मद से हो रहे चहारदीवारी निर्माण का स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं। इसकी वजह सार्वजनिक स्थल व सड़क है, जिसका वजूद चहारदीवारी निर्माण के बाद पूरी तरह मिट जाएगा। एक ओर कॉ-ऑपरेटिव दोतल्ला के लोग हैं, जो रास्ते को लेकर आंदोलन की राह पर हैं। वहीं दूसरी ओर शास्त्री पार्क व नेहरू पार्क के निवासी हैं जो सार्वजनिक स्थल का इस्तेमाल शादी-विवाह जैसे आयोजन में करने की योजना बनाए बैठे हैं। वहीं सड़क के मसले पर तो आजसू पार्टी ने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करने का भी आह्वान किया है। सबों का कहना है कि विभाग ने आनन-फानन में चहारदीवारी निर्माण का डीपीआर बनाया है। यदि इससे पूर्व विद्यालय का निरीक्षण किया जाता तो सरकारी मद से बनी सड़क और पुलिया के साथ-साथ विशाल पत्थरों से पटे सार्वजनिक स्थल को सुरक्षित करते हुए चहारदीवारी निर्माण का खाका खींचा गया होता।

---

# इनरव्हील ने बिरहोर बस्ती में मनाया होली मिलन समारोह



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
इनरव्हील क्लब ऑफ युवा ने सोमवार को बिरहोर बस्ती में जरूरतमंद लोगों के बीच जाकर होली मिलन समारोह मनाया।इस बाबत अध्यक्ष सुधा वर्मा ने बताया कि हमारी संस्था प्रत्येक सामाजिक और धार्मिक कार्यों मैं अपनी भागीदारी सुनिश्चित करती है ।कहा कि हमारी संस्था हर वर्ष इस तरीके का आयोजन करती है ।श्रीमती वर्मा ने लोगों से मिलावटी रंगो से दूर रहने का आग्रह किया।कार्यक्रम में सुधा वर्मा,पूजा मुनका,सुधा पसरिचा,रेनू,मीता समेत क्लब के कई सदस्या शामिल हुई।

---

### बिजली बिल वसूली के लिए विभाग चला रहा अभियान

# बिजली बिल जल्द जमा करें उपभोक्ता : अभिषेक आनंद



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र में बिजली बिल बकायदारों से वसूली को लेकर विशेष अभियान चलाई जा रही है। बरही विद्युत एसडीओ सत्यदेव कुमार और बरकट्ठा कनीय अभियंता अभिषेक आनंद के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है। जिसको लेकर विद्युत कर्मी क्षेत्र में घर-घर जाकर बिजली बिल वसूली कर रहे है। जो आगे भी लगातार जारी रहेगा। अभियान में विद्युत कर्मी हेमंत कुमार, संतोष प्रसाद, निखिल कुमार, सूरज कुमार, शाहिद अली समेत अन्य लोग घर घर जाकर लोगों से बिजली बिल ले रहे हैं। कनीय अभियंता अभिषेक आनंद ने बताया की पांच हजार रुपये से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं के बिजली काटे जा रहे है। अब तक कई उपभोक्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज किया जा चुका है। उन्होंने 5 हजार रुपये से ऊपर बकाया राशि रखने वाले उपभोक्ताओ से शीघ्र बिल का भुगतान करने की अपील किया है अन्यथा आगे कार्रवाई की जायेगी।

---

### श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में करियर काउंसलिंग का आयोजन

# विद्यार्थी सही कोर्स का चयन करें और जीवन के लक्ष्य को साथ ले कर चलें : विकास कुमार



**सही मार्गदर्शन व जानकारी के अभाव में लिया गया एक गलत फैसला उनके पूरे भविष्य में अंधकार में धकेल देता है**

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
शहर के श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में सोमवार को कक्षा 9वीं और 10 वीं के छात्रों के लिए कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। जिसमें 9वीं और 10वीं कक्षा के बच्चें अपने अभिभावक के साथ उपस्थित हुए। परामर्शदाता विकाश कुमार कार्यक्रम का मुख्य अतिथि रहे। कैरियर काउंसलर विकास कुमार ने कहा कि विद्यार्थी अच्छे अंक लाकर 9वीं और 10वीं की परीक्षा पास कर लेते हैं। इसके बाद आगे की पढ़ाई के दौरान उन्हें कौन सा विषय चुनना है। भविष्य में क्या करना चाहते हैं, इसका सही तरह से चयन नहीं कर पाते। विद्यार्थियों को अपने पढ़ाई के लक्ष्य को लेकर चलना बहुत ही जरूरी है। वह कई बार गलत विषय का चयन कर उसमें दाखिला ले लेते हैं, जबकि उनकी रुचि उसमें नहीं होती। छात्रों के समक्ष सबसे बड़ी समस्या होती है ऐसे कोर्स का चयन जिससे कि आगे चलकर उनका भविष्य उज्वल हो सके। सही मार्गदर्शन व जानकारी के अभाव के चलते उनके द्वारा लिया गया एक गलत फैसला उनके पूरे भविष्य में अंधकार में धकेल देता है। छात्र ऐसी भूल न करें और बेहतर कैरियर के लिए सही रास्ते का चयन करें इसे ध्यान में रखते हुए विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने काउंसलिंग की व्यवस्था की और बच्चों को सही दिशा की ओर ले जाने का प्रयास किया जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो सके और वह सही राह को चुनें, बेहतर मार्गदर्शन प्राप्त कर अपना भविष्य उज्वल बना सकें। मौके पर स्कूल प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी भी उपस्थित थे।

---

# व्यवसायियों को मिले पुलिस सुरक्षा : शंभू अग्रवाल



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
शहर में बढ़ते अपराध पर नियंत्रण और कालीबाड़ी रोड स्थित गीतांजलि ज्वेलर्स में हुई लूट कांड में शामिल बदमाशों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं व्यवसायियों को पूर्ण पुलिस सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग फेडरेशन आफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने किया है।फेडरेशन के अध्यक्ष शंभू प्रसाद अग्रवाल ने कहा कि पुलिस के चौकस नहीं रहने से शहर में अपराध बढ़ रहा हैं। इससे व्यवसायी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कालीबाड़ी रोड स्थित गीतांजलि ज्वेलर्स' में हुए लूट कांड में शामिल अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए व्यवसायियों को पूर्ण पुलिस सुरक्षा प्रदान किए जाने की बात कही। वहीं सचिव राकेश ठाकुर ने नगर की दुकानें खुलने के बाद तथा विशेष कर रात्रि के समय पुलिस पैदल गश्ती दल द्वारा पेट्रोलिंग की व्यवस्था करने की मांग करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा हजारीबाग नगर में लगाए गए सभी सीसीटीवी कैमरे को दुरुस्त कर अपराधियों पर नजर रखी जाए।साथ हीं उन्होंने कहा कि गीतांजलि ज्वेलर्स में हुई लूट कांड के अभियुक्तों की पन्द्रह दिनों के अंदर गिरफ्तारी की जाए अन्यथा चैंबर आंदोलन शुरू करेगा।

## एक नजर

### राधा कृष्ण मंदिर समिति की हुई बैठक

**बानो।** राधा कृष्ण मंदिर समिति की सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया।19 मार्च से आयोजित मन्दिर स्थापना को लेकर अखण्ड हरिकीर्तन को लेकर सफल संचालन के लिए सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में जानकारी दी गई कि 19 मार्च कलश यात्रा,20को अधिवास तथा 21मार्च को पूणार्हुति कार्यक्रम का आयोजन किया गया । बैठक में कीर्तन मंडली को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। जिसके लिये समिति के सदस्यों को कार्य भार सौपा गया। बैठक में गोपाल सिंह, मंटू लुनिया, श्रवण नायक, महाबीर सिंह, दुर्गा जायसवाल, हुलेस नायक, सन्तोष दिवेदी, राजू राम आदि लोग उपस्थित थे।

### कई युवाओं ने थामा झारखंड पार्टी का दामन



**सिमडेगा।** सोमवार की सुबह कई युवा झापा के केन्द्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का के घर पहुंच कर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने की इच्छा जताई। जिसके बाद एनोस एक्का, संदेश एक्का, जिलाध्यक्ष मतियस बागे आदि ने पार्टी का दुपट्टा पहनाकर सभी युवाओं का पार्टी में स्वागत किया। मौके पर एनोस एक्का ने कहा कि युवाओ का राजनिति के प्रति जागरूक होना अच्छी पहल है। युवाओं के जागरूक होने से समाज में फैली कुरितियों का दुर करने में सफलता जरूर मिलेगी। उन्होने सभी युवाओं से लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान करने की भी अपील की। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में दीपक अग्रवाल बीट्टू, मोर्सफ आलम, अनमोल बाः, विल्सन डुंगडुंग, प्रवीण केरकेट्टा, मोहित डुंगडुंग,नितिश इंदवार, अमृत किड़ो, रोहित कुल्लु, चंदन किड़ो, उजीन सोरेंग, प्रीतम बारला आदि शामिल थे। मौके पर ललन प्रसाद, अभय विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

### छह साल बाद भी नहीं बन पाया मेडिकल कॉलेज : रामधन

**कोडरमा।** राजद जिला कार्यकारिणी की बैठक वशुनपुर रोड स्थित राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव के आवासीय कार्यालय में हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियों समेत कोडरमा की राजनीतिक हालात पर विशेष चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि साल 2018 में पीएम मोदी ने करमा मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास किया था, लेकिन छह साल बाद भी मेडिकल कॉलेज नहीं बन पाया। कोडरमा में जनसरोकार से जुड़ी और भविष्य निर्माण के लिए कोई भी नीति पांच साल में नहीं बन पाई। प्रदेश महासचिव डॉ जावेद अख्तर ने कहा कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में जनता बदलाव के पक्ष में गोलबंद हो रही है। अवधेश प्रसाद यादव ने कहा कि इलेक्ट्रॉल बॉन्ड के जरिए चंदा लेकर अपने कॉरपोरेट मित्रों को फायदा पहुंचाने वाली भाजपा सरकार जनता के सामने बेनकाब हो गयी है।

# सिमडेगा के कटहल का स्वाद यूपी बिहार के लोगों में बढ़ा रहा डिमांड

**विकास साहु, सिमडेगा**

सिमडेगा चारों ओर जंगल पहाड़ नदियों से घिरा हुआ सिमडेगा जिला अपनी प्राकृतिक बनावट के लिए जानी जाती है तो वहीं दूसरी ओर यहां के कटहल का स्वाद लिए भी बिहार यूपी तक मशहूर है। सिमडेगा का कटहल यूपी बिहार के लोगों के जहां में स्वाद के लिए जाना जाता है और इसी को लेकर इसकी डिमांड खूब बड़ी है और यहां से यूपी बिहार जाकर लोगों की मनपसंद बनी हुई है। अच्छी तरह पकने और स्वादिष्ट होने कारण है इसकी मांग है वैसे तो कटहल झारखंड के लगभग हर जिलों में पाया जाता है और खास कर झारखंड का दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल में कटहल बहुतायत पाया जाता है। सिमडेगा में लगभग हरेक किसान के पास चार से दस पेड कटहल के होते हैं। एक पेड से चार से सात क्विंटल कटहल उत्पादन होता है।सिमडेगा के कटहल का



**◆सिमडेगा के कटहल की सबसे बड़ी खासियत है कि यहां अन्य जगहों से पहले कटहल की फसल आती है**

विशेष स्वाद के लिए अधिक डिमांड में रहता है। सिमडेगा का कटहल का सबसे बड़ा खासियत है कि यहां अन्य जगहों से पहले कटहल की फसल आती है। जिसके चलते यहां के कटहल हाथों हाथ बिक जाता है। सिमडेगा भरत फ्रूट्स एंड वेजिटेबल कंपनी के प्रोपराइटर भरत प्रसाद ने बताया कि सिमडेगा से हर दिन औसतन 20 टन कटहल बिहार और यूपी तक भेजे जाते हैं। किसान अपने कटहल की फल तोड कर सीधे व्यापारियों तक पंहुचा देते हैं। उत्पाद अधिक होने पर व्यवसायी सीधे किसान के पेड से हीं फसल खरीद लेते हैं। इसके बाद व्यापारी अलग अलग बॉक्स में पैक कर बिहार और यूपी तक पंहुचाते हैं। सिमडेगा बाजार समिति से भरत प्रसाद हरेक दिन कटहल की पैकिंग करवा बिहार यूपी तक भेज रहे हैं।

# पेपर लीक होना राज्य सरकार की नाकामयाबी व नौजवानों के साथ धोखा : तुलसी कुमार

**सरकार चुनावी फायदा लेने के लिए बेरोजगार युवाओं को बेवकूफ बनाने का काम कर रही है**



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

भाजपा के सिमडेगा जिला मंत्री सह खूंटी लोकसभा के पालक तुलसी कुमार साहू जेपीएससी एग्जाम पेपर लीक प्रकरण पर बयान जारी करते हुए कहा कि पिछले दिनों जेएसएससी की परीक्षा आयोजित की गई थी ,जिसे पेपर लीक होने के कारण परीक्षा रद्द की गई ।लेकिन इससे कोई सबक नही लेते हुए रविवार को जेपीएससी द्वारा आयोजित 17 मार्च के परीक्षा में पुनः पेपर लीक होने का मामला प्रकाश में आना राज्य सरकार की नाकामयाबी दिखाती है, यह राज्य सरकार युवाओं को ठगने का काम कर रही है। युवाओं का भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।जेपीएससी की परीक्षा में फॉर्म भरने के बाद तुरंत एग्जाम लेना बिना तैयारी किए परीक्षा लेना जेपीएससी और राज्य सरकार की विफलता है। यह सरकार चुनावी फायदा लेने के लिए बेरोजगार युवाओं को बेवकूफ बनाने का काम कर रही है । परीक्षा कक्षा के बाहर प्रश्न पत्र लीक होने का आरोप परीक्षार्थियों ने लगाया जिस प्रकार से पेपर लीक हुआ उससे स्पष्ट होता है कि झारखंड सरकार ने जेएसएससी की तरह जेपीएससी को भी पैसे कमाने का जरिया बना दिया है। उन्होंने राज्य सरकार से परीक्षा को रद्द कर फिर से निष्पक्ष रूप परीक्षा आयोजित करने की मांग की।

### गर्मी के दस्तक के साथ ही हुई पेयजल की समस्या

**कोडरमा / मरकच्चो।** गरमी के दस्तक के साथ हीं पेयजल की समस्या भी सामने आने लगी है। प्रखंड के मरकच्चो मध्य पंचायत अंतर्गत पश्चिम मुहल्ला में पेयजल की समस्या को देखते हुए 14वें वित मद से 2019-20 में लगाया गया जलमीनार मरम्मति के अभाव में एक वर्ष से खराब पड़ा है। इससे स्थानीय लोगों को पेयजल की समस्या से रु-ब-रु होना पड़ रहा है। इसे लेकर ग्रामीणों ने बीडीओ को आवेदन देकर उक्त जलमीनार के मरम्मति की मांग की है। दिए आवेदन मे ग्रामीणों ने बताया है कि मरकच्चो पश्चिम मुहल्ला में पेयजल की समस्या को देखते हुए वर्ष 2019-20में 14वें वित्त से जलमीनार का निर्माण कराया गया था। उक्त जलमिनार के बनने के बाद उक्त मुहल्ला के लोग उसी जलमीनार से पीने का पानी लाकर अपना प्यास बुझाते थे, लेकिन लगभग एक वर्ष से उक्त जलमीनार खराब पड़ा है, जिससे यहां के लगभग चार से पांच सौ की आबादी पेयजल की संकट से प्रभावित है। पिछले साल उक्त जलमीनार की खराबी के बाद ही उसकी मरम्मति के लिए प्रखंड कार्यालय मे आवेदन दिया गया था, लेकिन आज तक उक्त जलमीनार का मरम्मत नहीं हो पाया।

**होली व आमचुनाव में पेयजल व विद्युत आपूर्ति की उपायुक्त की समीक्षा**

# खराब पड़ी जलमीनार व चापाकल को शीघ्र ठीक कर व्यवस्था को दुरुस्त करे विभाग

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**



उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्रीष्मकाल, होली एवं आम चुनाव 2024 के मद्देनजर पेयजल आपूर्ति तथा विद्युत आपूर्ति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि ग्रीष्मकाल प्रारंभ हो ही चुका है ग्रीष्मकाल में आम जनता को पेयजल से संबंधित कई समस्याएं उत्पन्न होती है जिसे ध्यान में रखते हुए पेयजल आपूर्ति से संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आमजन को ग्रीष्मकाल में पर्याप्त पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जिले में जल की सप्लाई एवं सभी गांव पंचायत में बने जलमीनार एवं चापाकल से संबंध खराब की समस्याएं प्राप्त है तो उसे ससमय में ठीक कर निर्वाद रूप से जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही उपायुक्त महोदय ने होली की त्यौहार एवं आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान लोगों को किसी प्रकार की पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्याएं ना हो इस दिशा में आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा उपायुक्त ने ग्रीष्मकाल एवं होली त्यौहार के मद्देनजर विद्युत कार्यपालक अभियंता को जिले में विद्युत आपूर्ति करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने त्यौहार के दौरान 24 मार्च संध्या से 26 मार्च तक निर्वाद रूप से विद्युत आपूर्ति करने हेतु निर्देश दिया।बैठक में कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल मुकेश कुमार, नगर परिषद् प्रशासक पदाधिकारी सुमित कुमार महतो, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल विश्वेश्वर मरांडी एवं अन्य उपस्थित थे।

# 10 लाख या उससे अधिक रुपये की लेनदेन करने वालों पर रहेगी पैनी नजर : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की अध्यक्षता में जिले के सभी बैंको के शाखा प्रबंधकों के साथ लोकसभा आम चुनाव, 2024 के तहत संदिग्ध वित्तीय लेन-देन पर निगरानी से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त सिमडेगा द्वारा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव, 2024 की घोषणा कर दी गयी है। इसके साथ ही पूरे देश भर में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। इसलिए यह आवश्यक है कि निर्वाचन अवधि के दौरान जिले में होने वाले संदिग्ध वित्तीय लेन-देन पर निगरानी रखी जाय। उन्होंने सभी को निर्देश दिया कि सभी पार्टी के अभ्यर्थियों का ससमय बैंक खाता खोलने में विलंब ना करें साथ ही चेकबुक निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने किसी व्यक्ति द्वारा बैंक खाते से 10 लाख या उससे अधिक रुपए की संदिग्ध वित्तीय लेन-देन की जाती है तो बैंक इसकी सूचना उपायुक्त, सिमडेगा को यथाशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया गया कि बाहय स्त्रोत एजेसियों, कम्पनियों की नकदी वैन के साथ जाने वाले व्यक्ति अनिवार्य रूप से संबंधित एजेंसियों द्वारा जारी पहचान-पत्र रखेंगे। इसके अलावा उन्होंने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये।बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो सहित अन्य पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

**जलडेगा में नहीं थम रहा है जंगली हाथी का कहर, वन विभाग भी हो गया फेल**

# विभाग व जनप्रतिनिधि समाधान के नाम पर करते हैं खानापूर्ति : ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**




प्रखंड में इन दिनों हाथी द्वारा जारी उत्पात जंगल से सटे ग्रामीण इलाकों के लिए विकराल समस्या बन गई है किन्तु अब आलम ये है की हाथी प्रखंड मुख्यालय से सटे टोलियों को भी अपना निशाना बना रहे हैं। ताजा मामला रविवार रात की है जहां झुंड से बिछड़े हाथी ने पतिअम्बा नायक टोली निवासी दयाल मड़की के आवास को तोड़कर दस बोरा से ज्यादा धान चट कर गया जबकि जलडेगा के निकट बारीब्रिंगा निवासी मनोज सिंह घर को तोड़ते हुए भंडारीत अनाज एवं सामानों को भी नुकसान पहुँचाया, जानकारी मिलते ही मुखिया बालमुनी लुगुन पीड़ित के घर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और विभाग से हरसंभव मदद दिलाने का आश्वाशन दी। हाथी के आतंक से तबाही का मंजर कोलोमडेगा खड़िया टोली में दिखा जहाँ डोमनिक टेटे के आवास एवं एसएचजी कोनमेरला की जन वितरण प्रणाली की दुकान को तोड़ते हुए छह बोरा से ज्यादा चावल एवं गेहूं खा गया, और बगल में एक रसोई घर को भी तोड़ डाला जिससे उसमे रखे घरेलु सामान नस्ट हो गए। हाथी द्वारा नुकसान की सुचना पर कोनमेरला मुखिया अनीमा तोपनो ने मौके पर जाकर जानकरी ली एवं वन विभाग को मामले की सूचना दी। विगत महीनों से प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में जंगली हाथी लगातार घरों पर हमला कर जान माल को नुकसान पहुंचा रहे हैं किन्तु इस विकराल समस्या के समाधान के लिए अब तक ना ही वन विभाग ने कोई ठोस कदम उठाया है।

**उपायुक्त ने विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक**

# आदर्श आचार संहिता के दौरान बैंक खातों में बड़े वित्तीय लेन देन पर नजर रखने का निर्देश दिया



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने समाहरणालय सभागार में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ सोमवार को बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने सम्बंधित बैंक के प्रतिनिधियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव आयोग के द्वारा जारी वित्तीय ट्रांजेक्शन से संबंधित सभी दिशा-निदेशों का पालन सुनिश्चित कराए जाए। उपायुक्त ने सभी बैंकों के प्रतिनिधि से कहा कि किसी भी खाते में 10 लाख या उससे अधिक के लेने देने वाले संदेहास्पद खातों पर विशेष नजर रखे तथा इसकी सूचना उपायुक्त कार्यालय को भी दे। वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी पत्र आदेश के अनुसार कई निर्देश दिए गए है। उपायुक्त ने कहा कि विभिन्न बैंकों के एटीएम मशीन में नगद राशि जमा करने वाले एटीएम वैन में सभी संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज व आईडी कार्ड को वाहन में साथ रखें ताकि किसी प्रकार के जांच के क्रम में स्थिति स्पष्ट हो सके। असामान्य और संदिग्ध नकद निकासी या बैंक खाते में अधिक नकद जमा करना। चुनाव की प्रक्रिया के दौरान एक लाख, पिछले दो महीनों के दौरान जमा या निकासी की ऐसी कोई घटना नहीं हो। चुनाव प्रक्रिया के दौरान एक बैंक खाते से एक जिला निर्वाचन क्षेत्र में कई व्यक्तियों के खातों में आरटीजीएस के जरिये राशि का असामान्य हस्तांतरण की जानकारी देने को कहा। एक लाख रुपये से अधिक नकद जमा करना या नकद निकालना पर भी नजर रखने को कहा।

### बैंको में मतदाता जागरूकता के लिए वोटर अवरनेस फोरम को क्रियाशील करने का निर्देश

उपायुक्त ने सभी बैंक प्रतिनिधियों से अपने अपने बैंक शाखाओं में मतदाता जागरूकता के लिए वीएएफ (वोटर अवरनेस फोरम) का गठन कर बैंको में आने वाले लोगों को मतदाता जागरूकता संबंधी जानकारी देने को कहा। श्अऋहेतु हर बैंक को एक एक नोडल पदाधिकारी नामित करना इसकी सूचना देने को कहा। इस बैठक में अपर समाहर्ता संतोष कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया, सदर एसडीओ शैलेश कुमार एवं विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि मौजुद रहे।

**मैट्रिक व इंटर परिक्षार्थियो के लिए सॉफ्टेक ने लॉन्च किया स्पेशल कोर्स**

# परीक्षा और नामांकन के बीच के समय का परीक्षार्थी करें सदुपयोग : निदेशक

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**



हजारीबाग रोड स्थित राष्ट्रीय कंप्यूटर साक्षरता मिशन की अधिकृत इकाई सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन ने मैट्रिक व इंटर के परीक्षाओं के लिए स्पेशल करियर कोर्स प्रारंभ किया है. जिसके साथ विद्यार्थियों को कंप्यूटर ऑपरेटिंग, ऑफिस ऑपरेटिंग, इंटरनेट हैंडलिंग सहित बेसिक वेब पेज डेवलपमेंट की जानकारी दी जाएगी. उक्त जानकारी केंद्र निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा ने दी. उन्होंने बताया कि कंप्यूटर शिक्षा वर्तमान के लिए लाइफ लाइन है. इसका नजर अंदाज कर कोई भी कार्य नही किया जा सकता है. मैट्रिक और इंटर के विद्यार्थियों को भी एक पेपर कंप्यूटर शिक्षा के रूप में पढ़ने के अवसर मिलते है. ऐसे में परिक्षा से नामांकन के समय तक परीक्षार्थियों के पास तीन महीने का समय शेष होता है. इस समय का सदुपयोग करते हुए परीक्षार्थियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण लेनी चाहिए. उनके केंद्र के द्वारा परीक्षार्थियों के लिए तीन माह का विशेष कोर्स प्रारंभ किया गया है. जिसके दो बैच सोमवार से प्रारंभ हो चुके है. दो और नए बैच के लिए नामांकन जारी है. इच्छुक विद्यार्थी हजारीबाग रोड स्थित हमारे केंद्र से संपर्क कर नामांकन करवा सकते है. प्रशिक्षकों प्रांत विद्यार्थियों को भारत सरकार के द्वारा मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे. उन्होंने बताया कि यह केंद्र बरही अनुमंडल का एकमात्र आईएओ और आईएसओ प्रमाणित केंद्र है, जो पिछले 25 वर्षों से बरही में कंप्यूटर प्रशिक्षण देने का काम कर रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### बानो झामुमो पंचायत समिति का गठन कर जिला समिति को किया सुपुर्द



**बानो।** प्रखंड में झामुमो के सिमडेगा जिला पदाधिकारियों के दिशानिर्देश अनुसार संयोजक मंडली की अध्यक्षता में पूरे बानो प्रखंड के 16 पंचायतों में पंचायत समिति का गठन करना था जिसको लेकर सभी 16 पंचायतों में संयोजक मंडली बानो की अध्यक्षता में झामुमो का पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष का सर्वसहमति से चुनाव किया गया। उसके बाद सोमवार को बानो प्रखंड के 16 पंचायतों से चुने गए पंचायत समिति के सदस्यों की लिस्ट संयोजक मण्डली सदस्य बिरजो कडलूना और तनवीर हुसैन द्वारा झामुमो के जिला पदाधिकारियों को सौंप दिया गया । इस मौके पर सिमडेगा जिला के जेएमएम अध्यक्ष अनिल कंडुलना, जिला सचिव सफीक खान ,उनके सहयोगी साथ में जिला परिषद बानो सह जेएमएम केन्द्रीय कमिटी सदस्य बिरजो कांडूलना संयोजक मंडली सदस्य तनवीर हुसैन मौजूद रहे।

### सिमडेगा जिला प्रशासन ने बस स्टैंड में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला प्रशासन के द्वारा सोमवार को सिमडेगा बस स्टैंड के अंदर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस मौके पर सिमडेगा नगर परिषद की प्रशंसक सुमित कुमार महतो सिमडेगा अंचल अधिकारी इम्तियाज अहमद, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद पासवान ,सिटी मैनेजर आकाश डेविड सिंह मौजूद रहे। मौके पर बस स्टैंड के अंदर दुकानों के द्वारा दुकान के अतिरिक्त बनाए गए सब बोर्ड आदि चीजों को नगर परिषद के द्वारा जप्त करते हुए अपने साथ ले गए इसके अलावे सभी दुकानों को सरकारी भूमि पर दिए गए स्थान के अलावा अतिरिक्त अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी दी। मौके पर अंचल अधिकारी ने कहा कि लगातार बार-बार बस स्टैंड के अंदर दुकानदारों को चेतावनी दी जाती है लेकिन इसके बावजूद लापरवाही करते हैं ऐसे में आगे सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला के उपायुक्त के निर्देश पर बस स्टैंड में आने वाले यात्री एवं बस के ठहराव में किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसे देखते हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। मौके पर पुलिस बल एवं नगर परिषद के कार्यालय कर्मी मौजूद रहे।

### ऑटो पलटने से दो महिला सहित 5 लोग हुए घायल


**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमडेगा रांची मार्ग सरईपानी के पास अनियंत्रित होकर ऑटो पलट गई ,ऑटो पलटने की वजह से ऑटो में सवार दो महिला सहित कुल पांच लोग घायल हो गए। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सिमडेगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी इलाज चल रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोलेबिरा थाना क्षेत्र के कोंनजोबा निवासी मटुकधारी सिह पूरे परिवार के साथ पाकरटांड के खंजालोया गांव शोक कार्यक्रम में गए थे वहीं से लौट रहे थे इसी दौरान अचानक सॉरी पानी के पास अपने ऑटो से नियंत्रण खो बैठे ऑटो पलटने की वजह से ऑटो में सवार लक्ष्मी देवी के माथे में गंभीर चोट लगी, इसके अलावा मटुकधारी सिंह का हाथ टूट गया, वहीं मनीष सिंह के चेहरे पर चोट लगी ,इसके अलावा एक महिला के पैर में चोट लगी, वहीं अन्य महिलाओं को हल्की चोट लगी। इधर घायलों का इलाज सिमडेगा सदर अस्पताल में चल रही है इधर मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस दुर्घटनाग्रस्त ऑटो को लेकर आगे कार्रवाई कर रही है।

### सिमडेगा उपायुक्त ने जनता दरबार आयोजित कर लोगों की सुनी समस्याएं



**सिमडेगा।** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा।इस दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जानता दरबार में पानी की सुविधा हेतु खराब चापाकल को ठीक करने, लंबित मानदेय दिलाने एवं अन्य विषय से संबंधित मामलें आये। उपायुक्त द्वारा जनता दरबार में शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित किया।

### उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने राजनीतिक दल के साथ चुनाव को लेकर की समीक्षा बैठक



**सिमडेगा।** लोकसभा चुनाव 2024 के निमित चुनावी खर्च एवं से संबंधित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के साथ उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने चुनावी खर्च से संबंधित निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रचार-प्रसार, पब्लिक मीटिंग्स, स्टार कैंपेन, रैली, मनी ट्रांसफर, मीडिया एवं सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, सहित कई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उपायुक्त ने कहा कि सभी एक्टिविटी पर अभी से ही नजर रखी जा रही है। उपायुक्त ने सभी राजनीतिक पार्टियों से कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश अनुसार पार्टी अभ्यर्थी का ससमय बैंक अकाउंट खुलवाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अभी से ही इलेक्शन निर्वाचन व्यय बुक करने से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पार्टी के अभ्यर्थी द्वारा फ्लैक्स, पंपलेट, पोस्टर की छपाई करवाते हैं तो नीचे में प्रिंटर्स का नाम ,प्रकाशित सामग्री की संख्याअवश्य अंकित होनी चाहिए।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**घाटशिला।** घाटशिला थाना क्षेत्र के काशिदा रेलवे अंडर पास के समीप सोमवार को किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट आने से 32 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर रेलवे पुलिस जीआरपी एवं समाजसेवी कालीराम शर्मा के साथ घटना स्थल पहुंची। युवक के शव का पांचनामा करने के बाद उसे घाटशिला अनुमंडल अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। युवक की पहचान नहीं हो पाई है। आशंका जताई जा रही है कि सोमवार की सुबह किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने या फिर उससे गिरने के कारण युवक की मौत हुई होगीञ। युवक के सर एवं दोनों पैर में गंभीर चोट लगी थी। इसके कारण ही उसकी मौत मौके पर ही हो गई। युवक की पहचान के लिए पुलिस आसपास के लोगों से पुछताछ की गई, मगर समाचार लिखे जाने तक युवक की पहचान नही हो पायी थी।

### बर्मामाइंस में अधिवक्ता के घर चोरी में नाबालिग समेत चार गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बर्मामाइंस थाना अंतर्गत दुर्गा पूजा मैदान के पास जमशेदपुर कोर्ट के अधिवक्ता सतेंद्र कुमार सिंह के घर हुई लाखों की चोरी का पुलिस ने खुलासा कर लिया है. पुलिस ने इस मामले में नाबालिक समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बमार्माइंस जयप्रकाश आश्रम निवासी राजा मांझी, गहने खरीदने वाला सोनार ओडिशा के मयूरभंज निवासी श्रीकृष्ण परिदा, बहरागोडा निवासी आशीष पैडा और एक नाबालिग शामिल है. पुलिस ने सोनार के पास से कुल 300 ग्राम गला हुआ सोना बरामद किया है जिसमे 89.060 ग्राम सोना सतेंद्र के घर से बरामद किया गया. वहीं घटना में प्रयुक्त रॉड और पेचकस भी बरामद किया गया है जानकारी देते हुए सिटी एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने बताया कि चोरी करने के दौरान घटना स्थल पर राजा मांझी और नाबालिग के अलावा एक और युवक मौजूद था. सभी घर के अंदर घुसा और चोरी कर मौके से फरार हो गए।

### जेपीएससी परीक्षा की उच्चस्तरीय जांच हो : मो मोजीबुल्लाह




**चान्हो।** जेपीएससी (झारखण्ड लोक सेवा आयोग) का पेपर लीक होने से राज्य के लाखों अभ्यर्थियों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। आज से डेढ़ महीने पहले भी जेएसएससी परीक्षा का पेपर लीक हुआ था। मै माननीय मुख्यमंत्री झारखण्ड सरकार से मांग करता हूं कि अभ्यर्थियों के उम्र सीमा में 5 वर्षों का छूट दिया जाय और साथ ही साथ क्षतिपूर्ति राशि भी दिया जाय। बार-बार पेपर लीक होने से राज्य के युवाओं का राज्य सरकार के प्रति भरोसा और उम्मीदें टूट रही है और इसको लेकर युवाओं मे सरकार के प्रति आक्रोश और गुस्सा है और इस आक्रोश का प्रभाव/असर आगामी लोकसभा और विधानसभा के चुनावों मे इण्डिया महागठबंधन पर पड़ सकता है।

### पीएलएफआई उग्रवादी समर्थक मतियास की गोली मारकर हत्या

**चाईबासा।** जिला के आनंदपुर थाना क्षेत्र के गुंडरी गांव में एक पीएलएफआई उग्रवादी समर्थक मतियास उर्फ मंगरा टूटी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मतियास गुदड़ी थाना क्षेत्र के बिरकेल गांव का रहने वाला था। वह नक्सल मामले में पहले जेल जा चुका है। रविवार को वह गुंडरी गांव में लगे हाट में गया था, जहां शाम के समय अज्ञात अपराधियों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। मतियास को तीन गोली मारी गयी है, जिसके खोखे घटनास्थल पर ही पड़े हुए थे। घटना की सूचना मिलने के बाद सोमवार पुलिस ने घटनास्थल से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की जांच में जुटी हुई है।

# लोस चुनाव और गांडेय उपचुनाव को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

## बैठक में आदर्श आचार संहिता के उचित अनुपालन को लेकर किया गया विचार विमर्श

⇉ **पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध**




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव 2024 और गांडेय विधानसभा उप चुनाव के मद्देनजर सभी एआरओ तथा सभी राजनैतिक दलों के साथ एक बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि चुनाव के तारीखों की घोषणा के साथ ही पूरे जिले में आचार संहिता लागू की गई है। साथ ही आचार संहिता के उचित अनुपालन को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मतदान प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी दलों से सहयोग की अपील की गई। बैठक में आदर्श आचार संहिता के उचित अनुपालन को लेकर विस्तृत विचार विमर्श किया गया।

वहीं इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा भी चुनाव के दौरान आयोग से कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कदम उठाए जाने के सुझाव दिए गए। इसके साथ ही उन्होंने सभाओं, जुलूस, मतदान दिवस, मतदान बूथ के संबंध में आयोग द्वारा जारी विस्तृत दिशा निदेशों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी लोग भाग लें तथा एक मजबूत लोकतंत्र का निर्माण करें और मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें। मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की अगर कोई त्रुटि हो तो तुरंत अवगत कराएं।

इसके अलावा बैठक में पुलिस अधीक्षक ने समस्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त कर, उन सभी से आदर्श आचार संहिता के अनुपालन की अपील की। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने में लगे सभी अधिकारियों व पार्टी पदाधिकारियों के बीच आपसी तालमेल व स्वस्थ्य संचार के माध्यम से सभी जानकारियां साझा की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सबकी भागीदारी होती है और सभी के सहयोग से ही हम लोकसभा चुनाव 2024 संपन्न कराने में कामयाब होंगे।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की फेक न्यूज या फेक वीडियो को फॉरवर्ड ना करें। विश्वसनीयता को बनाए रखने के लिए और पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। साथ ही अपील किया कि आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत नियमों का पालन करें। आदर्श आचार संहिता के नियमों के उल्लंघन करने पर सुसंगत धाराओं में विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय बजरंग दल होली मिलन समारोह का करेगा आयोजन

**गिरिडीह।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की तरफ से शहर के बरगंडा स्थित मां तारा मैरिज हॉल में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी. अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल नगर समिति की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में काफी संख्या में सनातन धर्म प्रेमियों ने भाग लिया। मौके पर एक दूसरे को लोगों ने होली बधाइयां दी और खुशियां बांटी. कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रितेश पांडेय, संगठन मंत्री कन्हैया लाल, प्रांत महामंत्री दिलीप वेद, प्रांत उपाध्यक्ष नित्यानंद प्रसाद, विभाग अध्यक्ष रवि शंकर पांडेय, जिला महामंत्री सीताराम हिंदू,डब्लू रवानी, सीटू सिंह, परिचय पांडेय, कुंदन केशरी, दिवाकर साहू, शुभम झा, जगत कुमार, रौनक मिश्रा, रोहन वर्मा, प्रेम यादव, राहुल चंद्रवंशी, आदर्श राज समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### गिरिडीह के स्टील उद्योगपति डॉ गुणवंत मोंगिया की जमीन पर हुआ कब्जे का प्रयास



**गिरिडीह।** जमीन विवाद को लेकर सोमवार को दो पक्षों में हिसंक झड़प हुआ। इस दौरान झड़प में एक पक्ष के तीन लोग जख्मी हो गए। इसमें एक महिला भी शामिल है। घटना की जानकारी मिलते ही गिरिडीह नगर थाना की पुलिस भी घटनास्थल पहुंच कर मामले की जानकरी ली। और दुसरे पक्ष के अशोक भदानी और मनीष भदानी पर जब सख्ती किया। तो दोनों पिता-पुत्र एक पक्ष के प्रेम प्रकाश पासवान की जमीन से हटे। इस दौरान नगर थाना पुलिस ने दुसरे पक्ष के अशोक भदानी और मनीष भदानी को जमकर फटकार भी लगाया। और नसीहत देते हुए कहा कि अगर दुबारा प्लॉट पर निर्माण कार्य कराया तो दोनों के खिलाफ कार्रवाई होगी। इस बीच जानकारी मिलने के बाद कुछ पत्रकार भी घटनास्थल पहुंचे, और मामले में दुसरे पक्ष के अशोक भदानी और मनीष भदानी से उनका राय जानने का प्रयास किया। लेकिन दोनों पिता-पुत्र इस दौरान कुछ मीडिया संस्थान के फोटोग्राफर और एक न्यूज चैनल के कैमरापर्सन से उलझ पड़े। इसके बाद नगर थाना पुलिस ने सख्ती किया। तो दोनों प्रेम प्रकाश पासवान के जमीन से पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहे। हालांकि नगर थाना पुलिस अशोक भदानी और मनीष भदानी को दबोचने के लिए छापेमारी कर रही है। इधर मामले में नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद ने कहा कि दोनों पिता-पुत्र द्वारा प्रेम प्रकाश पासवान समेत तीन लोगो को पीटकर जख्मी कर दिया है। लिहाजा, अब दोनों की गिरफ्तारी को लेकर प्रयास किया जा रहा है।

### आजसू छात्र संघ ने जेकेएस कॉलेज के प्राचार्य का किया घेराव




**जमशेदपुर।** मानगो स्थित जेकेएस कॉलेज में आजसू छात्र संघ ने जमकर हंगामा किया। कॉलेज के छात्रों ने आजसू छात्र संघ जिला अध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में कॉलेज के प्राचार्य का घेराव कर दिया। छात्रों का कहना था की यूजी प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा 30 मार्च से शुरू होने वाला है। इसके अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालय का परीक्षा केंद्र सुनिश्चित कर दिया गया है इसी क्रम में जेकेएस कॉलेज का परीक्षा केंद्र दूसरे जिले में दे दिया गया है। कॉलेज का परीक्षा केंद्र 28 किमी दूर सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया स्थित एक्सआईटीई कॉलेज में दिया गया है। इस कारण कई छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। शहर के अन्य ऐसे भी महाविद्यालय है जिसके आस-पास 5 किलोमीटर के दूरी पर दूसरा महाविद्यालय है उसके बाबजूद होम सेंटर देकर परीक्षा करवाया जा रहा है लेकिन अन्य कुछ महाविद्यालय के छात्रों के साथ भेद भाव किया जा रहा है। कोल्हान प्रभारी हेमंत पाठक ने कहा कि परीक्षा नियंत्रक को छात्रों के भविष्य से कोई सरोकार नहीं है ये अपने घमंड में छात्रों के भविष्य को बिगाड़ने में लगे हुए है। परीक्षा केंद्र परिवर्तित नहीं होता तो आंदोलन के लिए तैयार रहे।

### बांग्ला भाषा में स्टेशनों का नाम लिखने का समिति के सदस्यों ने किया स्वागत

**घाटशिला।** घाटशिला रेलवे स्टेशन का नाम बांग्ला भाषा में लिखे जाने से झारखंड बंगभाषी उन्नयन समिति के सदस्यों खुशी जाहिर की है। साथ ही साथ रेल प्रशासन तथा झारखंड सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए झारखंड बंगभाषी उन्नयन समिति के केंद्रीय सह सचिव तापस चटर्जी ने सोमवार को बताया कि समिति के लगातार




आंदोलन का परिणाम है कि वर्षों पुरानी मांग बंगाली समुदाय के लोगों की पूरी हुई है। समिति के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारी के लगातार प्रयास का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि पिछले दिन 11 मार्च को समिति की ओर से रेलवे प्रशासन को अल्टीमेटम दिया गया था कि जल्द से जल्द 7 रेलवे स्टेशनों पर बांग्ला भाषा में नाम लिखा जाए. रेलवे प्रशासन ने भी तत्परता दिखाते हुए स्टेशनों पर बांग्ला भाषा में नाम लिखने का कार्य शुरू किया है। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से समिति की ओर मांग किया जा रहा था, परंतु रेल प्रशासन के द्वारा सकारात्मक कार्यवाही नहीं की जा रही थी। उन्होंने चेयरमैन बेंगू ठाकुर, केंद्रीय अध्यक्ष अचिंताम गुप्तो, कार्यकारी अध्यक्ष रीना मंडल, महासचिव राजेश राय, संपा सरकार, काबू दत्ता, शिख रक्षित, शिल्पी सरकार, संदीप राय चौधरी, प्रदीप भद्र, एस के कारण, सुमोना गुप्ता, मानसी चटर्जी, भवानी चक्रवर्ती कभी आभार व्यक्त किया है।

# पीएचईडी के बिचौलियों पर घूस मांगने का आरोप लगा जलसहियाओं ने किया प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
बकाए मानदेय के भुगतान को लेकर जनप्रतिनिधी और प्रशासन के उदासीन रवैये से नाराज जलसहियाओं ने सोमवार को गिरिडीह में प्रदर्शन की। इस दौरान जलसहियाओं ने पीएचईडी के दोनों कार्यालय पहुंची। और जमकर हंगामा की, प्रदर्शन का नेतृव कर रही दिव्या, सरिता देवी, सितारा प्रवीण, पूनम पांडेय, नीलम बेबी, माला पांडेय, नीतू देवी, उर्मिला देवी समेत काफी संख्या में जलसहियाओं ने इस दौरान पीएचईडी कार्यालय पहुंची। और दोनों कार्यपालक अभियंता के खिलाफ नारेबाजी किया। हालांकि दोनों कार्यालय में मौजूद कई पदाधिकारी और कर्मी इस दौरान जलसहियाओं के गुस्से को देख कार्यालय छोड़कर फरार हो गए। और जो कर्मी मौजूद रहे, वो अचार सहिंता का हवाला देकर जलसहियाओं को कार्यालय से बाहर जाने की अपील किया।

इधर प्रदर्शन के दौरान जलसहियाओं ने दोनों कार्यपालक अभियंता पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले साल मंत्रीमंडल ने दुर्गा पूजा में बकाया मानदेय के भुगतान की स्वीकृति दे दिया था। जबकि छठ पूजा में पत्राचार भी कर दिया गया। और अब होली को देखते हुए दोनों कार्यपालक अभियंता भुगतान के लिए राजी हुए, तो अचार सहिंता का हवाला देकर भुगतान रोका जा रहा है। यही नही दोनों कार्यालय के बिचौलिए अब भुगतान के बदले प्रति जलसहिया 5 हजार की मांग कर रहे है। लेकिन जब प्रदर्शन हुआ, तो पदाधिकारियों ने भरोषा दिलाया कि 1200 जलसहियाओं का भुगतान जल्द कर दिया जाएगा। जबकि आठ सौ जलसहियाओं के लिए कोषागार में बिल भेजा जाएगा। पदाधिकारियों से मिले आश्वासन के बाद जलसहियाओं का प्रदर्शन खत्म हुआ।

# हेमंत की लोकप्रियता से घबरा कर भाजपा ने भेजा जेल : अंसारी




⇉ **पूर्व विधायक ने कहा भाजपा का दांव पड़ा उल्टा, जेल जाकर हेमंत की और बढ़ी लोकप्रियता**

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी सोमवार को तिसरी दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव, हेमंत सोरेन के जेल जाने और कल्पना सोरेन की राजनीति में इंट्री आदि मुद्दों पर पूरी बेबाकी और साफगोई से बातें की। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गरीब - गुरुबों के लिए बहुत ही अच्छा कार्य कर रहे थे। अपने कार्यों से उनकी साख पूरे देश में बतौर मुख्यमंत्री काफी तेजी से बढ़ती जा रही थी। उनकी इसी बढ़ती लोकप्रियता से डर कर भाजपा ने उन्हें जेल भेजवाने का काम किया है। इससे भाजपा अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सकी। उल्टा हेमंत सोरेन की लोकप्रियता और बढ़ गई है। राज्य के बदलते घटनाक्रम में उनकी पत्नी कल्पना सोरेन का भी राजनीति में आगमन हुआ है।आगामी चुनाव में वह पार्टी की स्टार प्रचारक होंगी।

# पुलिस ने 14 गोवंशीय पशुओं को किया बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। डुमरी**
निमियाघाट पुलिस द्वारा सोमवार की सुबह जीटी रोड हेठनगर के समीप मवेशियों से लदा एक पिकअप वैन पकड़ा गया। वैन से पुलिस ने कुल 14 गौवंशीय पशु जिसमें 11 बैल और 3 गाय को बरामद किया। बाद में पुलिस ने बरामद सभी मवेशियों को मधुबन गौशाला को सुपुर्द कर दिया। जबकि मौके से चालक,खलासी और तस्कर वैन छोड़कर भागने में सफल रहे।

इस संबंध में बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि बिना नंबर प्लेट की एक वैन में मवेशियों को लाद कर तस्करी के लिए बिहार से बंगाल की ओर ले जाया जा रहा है।इसी सूचना पर डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसमें पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार, निमियाघाट थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह, पुअनि सत्येन्द्र कुमार और आरक्षी शामिल थे।

सूचना पर टीम द्वारा जब उक्त वैन को निमियाघाट थाना के समीप रोकने का प्रयास किया तो चालक वैन को तेज गति से भगाने लगा।अपने पीछे पुलिस को आता देख चालक,खलासी और बैठे तस्कर वैन को हेठनगर के समीप सड़क पर खड़ा कर फरार हो गए।

# गिरिडीह सिविल कोर्ट में कानूनी जागरूकता सह साक्षरता शिविर





**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्रीमती वीणा मिश्रा के आदेशानुसार एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्रीमति सोनम बिश्नोई के नेतृत्व में व्यवहार न्यायालय गिरीडीह में कानूनी जागरूकता सह साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नवजीवन नर्सिंग होम के सौजन्य से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। इस कैंप में डॉक्टरों की टीम द्वारा सभी न्यायिक पदाधिकारीगण, अधिवक्ता गण एवं कर्मचारियों की स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी गई ।

कार्यक्रम में सचिव महोदया के द्वारा आयुष्मान योजना अंतर्गत मिलने वाले लाभ के बारे में बताया गया। जिस में प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष 5 लाख तक का निशुल्क उपचार। दूसरा योजना से संबंध देश के किसी भी चिन्हित सरकारी या निजी अस्पताल में मुक्त इलाज की सुविधा भर्ती होने से 7 दिन पहले तक की जांच एवं भारती के दौरान उपचार व भोजन और डिस्चार्ज होने के 10 दिन बाद तक का चेकअप एवं दवाएं निशुल्क दी जाती है ।

# स्वीप कोषांग के सभी पदाधिकारी अपने कार्यों का निर्वहन सही ढंग से करें : स्नेह कश्यप

## स्वीप कोषांग की बैठक में मतदाता जागरूकता को लेकर लिए गए निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता**
**बिरन।** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, स्नेह कश्यप ने स्वीप एक्टिविटी को लेकर अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक आयोजित की। बैठक में मुख्य रूप से लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को सफल बनाने के लिए जिला स्वीप कोषांग के द्वारा वृहत प्रचार-प्रसार करने पर चर्चा हुई। साथ ही लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर स्वीप कोषांग द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्वीप कोर कोषांग के सभी पदाधिकारीगण अपने-अपने कार्यों का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे। स्वीप कोषांग का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची में पंजीकरण बढ़ाकर कोई मतदाता न छूटे, श्लोगन को चरितार्थ करना, शत-प्रतिशत मतदाता द्वारा मतदान प्रक्रिया में भाग लेना सुनिश्चित करना, पीडब्लूडीएस मतदाता पंजीकरण एवं उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करना है।

उन्होंने कहा कि जिला स्वीप प्लान का कार्य मतदाता सूची में पंजीकरण बढ़ाकर मतदान प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ाना, नैतिक एवं गुणवत्तापूर्ण मतदाता सहभागिता सुनिश्चित करना, युवा मतदाताओं विशेषकर 18 से 19 वर्ष का पंजीकरण करना, प्रजातंत्र एवं चुनाव प्रक्रिया पर सतत प्रशिक्षण एवं प्रचार-प्रसार करना, निर्वाचक नामावली में दृष्टिगत जेंडर गैप कम करना तथा वंचित वर्गों का पंजीकरण कराना, दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण एवं मतदान प्रक्रिया में सहभागिता सुनिश्चित करना आदि शामिल है।

इस दौरान जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर यूनिसेफ, कार्यक्रम प्रबंधक, पीरामिल फाउंडेशन, प्रधान लिपिक, स्वीप कोषांग, वरीय लेखा लिपिक, स्वीप कोषांग व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ़।
(निर्वाचन शाखा)

दूरभाष: 06553-261555(O) Email Id : dc-ramgarh@gov.in

– :: मतदान केन्द्रों के नाम में परिवर्तन की आम सूचना ::–

जिला निर्वाचन कार्यालय, रामगढ़ का ज्ञापांक–316 / निर्वा०, दिनांक–09.03.2024 के द्वारा मैनुअल अक्टूबर, 2020 संस्करण–2 के अध्याय–4 के कंडिका–4.5 किसी मतदान केन्द्र के नाम में परिवर्तन के आलोक में रामगढ़ जिलान्तर्गत दोनों विधानसभा यथा 22–बड़कागाँव विधानसभा एवं 23–रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के निम्नांकित मतदान केन्द्रों के (Nomenclature) नाम में संशोधन किया गया है। इस में भवन के स्थान में कोई परिवर्तन नहीं है। संशोधित मतदान केन्द्रों के नाम की विवरणी निम्नवत् है :–

(क) 22–बड़कागाँव विधानसभा क्षेत्र

| क्र०सं० | विधान सभा का सं० एवं नाम | वर्तमान मतदान केन्द्रों सं० एवं नाम | मतदान केन्द्र सं० एवं नयानाम |
|---|---|---|---|
| 1. | 22–बड़कागांव | 29–उ०म०वि० हेवई | 29–उ०म०वि० हेवईम० शेष |
| 2. | 22–बड़कागांव | 69–उ०प्रा०वि० कौलेश्वरीबागी | 69–उ०प्रा०वि० कौलेश्वरी बागी, केरेडारी |
| 3. | 22–बड़कागांव | 172–मध्य विद्यालय नयाटांड नया भवन दक्षिणी भाग | 172–उत्क्रमित मध्य विद्यालय नया टांड नया भवन दक्षिणी भाग |
| 4. | 22–बड़कागांव | 200–उर्दू म० वि० चोपदारबलिया | 200–उर्दू कन्याम०वि०चोपदारबलिया |
| 5. | 22–बड़कागांव | 218–उत्क्रमित उच्च विद्यालय आंगो अम्बाटोला | 218–नव प्राथमिक विद्यालय आंगो अम्बाटोला |

(ख) 23–रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र

| क्र०सं० | विधान सभा कासं० एवं नाम | वर्तमान मतदान केन्द्रों सं० एवं नाम | मतदान केन्द्र सं० एवं नया नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | 23–रामगढ़ | 152–मध्य विद्यालय पोटमदगा कमरा सं0 01 | राजकीयकृत मध्य विद्यालय पोटमदगा कमरा सं0 01 |
| 2. | 23–रामगढ़ | 153–मध्य विद्यालय पोटमदगा कमरा सं0 02 | राजकीयकृत मध्य विद्यालय पोटमदगा कमरा सं0 02 |
| 3. | 23–रामगढ़ | 158–प्राथमिक विद्यालय उर्दू प्रियातु कमरा सं0 01 | राजकीय उर्दूप्राथमिकविद्यालय प्रियातु कमरा सं0 01 |
| 4. | 23–रामगढ़ | 159–प्राथमिक विद्यालय उर्दू प्रियातु कमरा सं0 02 | राजकीय उर्दू प्राथमिक विद्यालय प्रियातु कमरा सं0 02 |

"वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम"

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, रामगढ़।

PR 323057 Election(23-24)D

## रुस- यूक्रेन युद्ध परमाणु धमकी तक

लंबे समय से चल रहा रुस यूक्रेन युद्ध अब दुनिया के लिए चिंता का विषय हो सकता है क्योंकि रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन में युद्ध को बड़े पैमाने पर बढ़ाने की घोषणा की है और कहा कि अगर यूक्रेन में उनकी कार्रवाई को चुनौती दी गई, तो परमाणु हथियारों का इस्तेमाल किया जाएगा। रूस के पास सबसे बड़ा शस्त्रागार है, जो दुनिया को कई बार बर्बाद कर सकता है। इससे अमेरिका, नाटो और यूरोपीय देश चौंक गए। हालांकि वे जानते हैं कि परमाणु हथियारों का इस्तेमाल जल्दबाजी में करने की संभावना नहीं है। ये हथियार अंतिम उपाय हैं। हालांकि पुतिन अपने सभी संचार सुविधाओं वाला ब्रीफकेस साथ लेकर चलते हैं, पर वह जानते हैं कि एक बार जब परमाणु हमला शुरू हो गया, तो फिर पीछे मुड़कर देखना मुश्किल हो जाएगा। परमाणु हथियारों का इस्तेमाल तभी किया जा सकता है, जब अमेरिकी नेतृत्व में नाटो का सैन्य हमला रूस के अस्तित्व के लिए खतरा हो। चूंकि पश्चिमी देशों ने रूस के विफल हमलों को देखा है, वे रूसी सैनिकों और संसाधनों को समाप्त करने के लिए गुप्त रूप से यूक्रेन को हथियार और सैनिकों की आपूर्ति करने की रणनीति जारी रखेंगे और तब तक युद्ध को नहीं बढ़ाएंगे, जब तक कि कीव का पतन न हो जाए। पुतिन की यह धमकी तब आई है, जब कुछ ही दिनों में उन्हें अगले छह साल के लिए नया कार्यकाल मिलने वाला है। पुतिन ने यूक्रेन और पश्चिमी देशों को धमकाते हुए कहा कि नाटो समर्थित यूक्रेन के जवाबी हमलों से कब्जा किये गये यूक्रेनी क्षेत्रों सहित रूस की क्षेत्रीय अखंडता के लिए यदि जरूरी हुआ, तो रूस अपने परमाणु हथियारों का उपयोग करने में संकोच नहीं करेगा। इसके अलावा, उन्होंने रूस के सुरक्षा सिद्धांतों और कानूनों का हवाला दिया, जो उन्हें परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की अनुमति देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में कोई भी रूसी नेता सांविधानिक रूप से उनके नतीजों को पलटने में सक्षम नहीं होगा। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि रूस के पास 'परमाणु सुरक्षा के लिए एक सिद्धांत है, जो कि एक खुला दस्तावेज है। 'एक इंटरव्यू में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि 'वह मानते हैं कि पुतिन झांसा नहीं दे रहे हैं। वह पूरी दुनिया को डराना चाहते हैं। ये उनके परमाणु ब्लैकमेल का पहला कदम है।' उनसे जब यह पूछा गया कि जब तक पुतिन सत्ता में हैं, क्या उन्हें यूरोप में स्थिरता दिख रही है, तो उनका स्पष्ट जवाब था-'नहीं। मेरे पास इस बारे में कहने के लिए और कुछ नहीं है। मेरी राय है कि नहीं। हमने वर्षों से इसे देखा है। हमें स्थिरता दिखाई नहीं देती।' स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के मुताबिक, रूस सबसे बड़े परमाणु शस्त्रागार का दावा करता है, जिसमें करीब 6,000 परमाणु हथियार हैं। उनमें से करीब 1,500 अभी तैनात हैं। आखिर पुतिन यह जोखिम क्यों ले रहे हैं? दरअसल, त्वरित सैन्य लाभ की उम्मीद में पुतिन ने खुद जनता का ध्यान शुरूआती कुछ महीनों में युद्ध की तरफ न जाने देने को प्रोत्साहित किया था। लेकिन अब उनके आक्रमण को रोक दिया गया है, जिससे रूस में असंतोष फैल गया है और इसलिए उन्होंने अपने देशवासियों के गिरते मनोबल को बढ़ाने के लिए अब परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की धमकी दी है। जब दो वर्ष पहले 2022 में रूसी सैनिकों ने कुछ बढ़त हासिल की थी, तो उन्होंने लामबंदी का आदेश दिया था, लेकिन वह जानते थे कि इससे समाज में गंभीर असंतोष पैदा हो सकता है। इसलिए उन्होंने आंशिक लामबंदी का आदेश दिया। हालांकि रूसी सेना न केवल साजो-सामान संबंधी आपातकाल या रणनीतिक समस्या से जूझ रही है, बल्कि उसके मनोबल में भी गिरावट आ रही है। इसी वजह से पुतिन को और अधिक सैनिकों की आवश्यकता है और इसलिए, जैसा कि स्टालिन के समय में था, रूस ने अब स्वैच्छिक आत्मसमर्पण को अपराध घोषित कर दिया है, क्योंकि बड़े पैमाने पर रूसी सैनिकों ने अग्रिम पंक्ति छोड़ दी है। यदि आप डोनेट्स्क या खोरसान में अपनी चौकी छोड़ देते हैं या नागरिकों के कपड़े पहनकर भाग जाते हैं, जैसा कि पिछले कुछ हफ्तों में कुछ रूसी सैनिकों ने किया है, तो रूसी संसद द्वारा पारित कानून के अनुसार, आपको दस वर्षों के लिए जेल भेजा जा सकता है।

इन दिनों

# आम चुनाव में अर्जुन की आंख चाहिये



ललित गर्ग

**लोकसभा** चुनाव का बिगुल बज चुका है और चुनाव का माहौल गरमा रहा है। चुनावों की तारीखें घोषित किये जाने के साथ ही जैसी कि उम्मीद थी, सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बयानबाजी और तेज हो गई। कौरव रूपी विपक्षी दल एवं पाण्डव रूपी भाजपा के बीच इस चुनाव में असली जंग सत्य और असत्य के बीच है। सत्ता पक्ष और विपक्ष की यह नोक-झोंक ही तो लोकतंत्र की खूबसूरती है, यह जितनी शालीन एवं उग्र होगी, लोकतंत्र का यह महापर्व कुंभ उतना ही ऐतिहासिक एवं खास होगा। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है और उदार बहुदलीय राजनैतिक प्रणाली का जीवन्त उदाहरण है जिसकी वजह से चुनावों का समय एवं प्रचार विविधतापूर्ण, आक्रामक व रंग-रंगीला होना ही है मगर इसमें कहीं भी कड़वापन, उच्छृंखलता और आपसी रंजिश का पुट नहीं आना चाहिए। इस बार के चुनाव में जहां भाजपा नेतृत्व अगले 20 वर्षों का विजन पेश कर रहा है, वहीं कांग्रेस नेतृत्व इसे लोकतंत्र बचाने का आखिरी मौका करार दे रहा है। यानी इन चुनावों का फलक पांच साल के काम के आधार पर अगले पांच साल के लिए जनादेश के सामान्य ट्रेंड तक सीमित नहीं रहा। यह चुनाव असल में आजादी के अमृतकाल यानी वर्ष 2047 के लक्ष्य को सुनिश्चित करने वाला है। इस चुनाव में सर्वाधिक चर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनके भावी देश-निर्माण के संकल्प की है। असल में तो इन चुनाव में भाजपा की जीत तो निश्चित मानी जा रही है, लेकिन वह अपने 400 के लक्ष्य को हासिल कर पाती है या नहीं? भाजपा इसके इर्द-गिर्द अपना अभियान चला रही हैं। जबकि विपक्ष जीत का दावा करते हुए भाजपा के इस बड़े लक्ष्य को हास्यास्पद बता रहा है, उनके प्रति अपनी नापसंदगी से परेशान है। भाजपा के पास बड़ा उद्देश्य है, जबकि विपक्ष भाजपा की काट करने के लिये भी प्रभावी मुद्दे नहीं तलाश पा रही है। भाजपा प्रचार में शामिल हैं - आर्थिक विकास, देश और विदेश में सशक्त



राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, सांस्कृतिक पुनरुत्थान, नया भारत-सशक्त भारत, औद्योगिक क्रांति, दुनिया की महाशक्ति बनना, स्थिरता, शांति। विपक्ष इन ही बड़े उद्देश्यों की आलोचना कर रहा है। मोदी इन चुनावों के महानायक है, परिवर्तनकारी व्यक्ति हैं जो स्थिरता का वादा करते हुए वोट मांग रहे हैं। अपने आलोचकों के लिए, वह एक अत्यंत ध्रुवीकरण करने वाले व्यक्ति हैं। इस बार का आम चुनाव रोमांचक होने के साथ देश में बड़े परिवर्तन का कारण बनेगा। इस चुनाव में सभी पार्टियां सरकार बनाने का दावा पेश कर रही हैं और अपने को ही विकल्प बता रही हैं तथा मतदाता सोच रहा है कि देश में नेतृत्व का निर्णय मेरे मत से ही होगा। इस वक्त मतदाता मालिक बन जाता है और मालिक याचक। बस केवल इसी से लोकतंत्र परिलक्षित है। बाकी सभी मर्यादाएं, प्रक्रियाएं हम तोड़ने में लगे हुए हैं। जो नेतृत्व स्वतंत्रता प्राप्ति का शस्त्र बना था, वही नेतृत्व जब तक पुनः प्रतिष्ठित नहीं होगी तब तक मत, मतदाता और मतपेटियां सही परिणाम नहीं दे सकेंगी। आज देश को एक सफल एवं सक्षम नेतृत्व की अपेक्षा है, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि माने। आज देश को एक अर्जुन चाहिए, जो मछली की आंख पर निशाने की भांति भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराध, महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती आबादी, सरकारी खजाने का गलत इस्तेमाल, देश की सीमा-रक्षा आदि समस्याओं पर ही अपनी आंख गडाये रखें। इस दृष्टि से सबकी नजरे मोदी पर ही लगी हैं। मोदी ही अर्जुन की मुद्रा में हैं जो मछली की आंख पर निशाना लगा सके। वे ही युधिष्ठिर है, जो धर्म का पालन करते हुए दिख रहे हैं। जो स्वयं को संस्कारों में ढाल, मजदूरों की तरह श्रम कर रहे हैं। वे आदर्शों एवं मूल्यों के साथ चुनावों में उतरे हैं, राजनीति की चकाचौंध में धृतराष्ट्र बने नेताओं के लिये वे एक चुनौती है। सभी विपक्षी दलों में आंतरिक लोकतंत्र का अभाव है और परिवारवाद तथा व्यक्तिवाद की छाया है। कोई अपने बेटे को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है तो कोई अपने बेटे को मुख्यमंत्री के रूप में। किसी का पूरा परिवार ही राजनीति में है, इसलिए विरासत संभालने की जंग भी जारी है। ऐसे में मोदी ही सबसे प्रभावी नेता बन कर सामने आ रहे हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी जैसे पुराने मुद्दे भी उठाये ही जा रहे हैं, लेकिन वोटर के फैसले में इनकी कितनी भूमिका रहेगी यह अभी स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दो-दो यात्राओं से उपजे प्रभाव की परीक्षा भी इन्हीं चुनावों में होनी है। कुल मिलाकर, विपक्ष और सत्ता पक्ष कुछ भी कहे देशवासियों की जागरूक चेतना को देखते हुए यह तय माना जा सकता है कि आम चुनाव का यह लोकतांत्रिक पर्व एक बार फिर देश में लोकतंत्र की जड़ों को गहरा ही करेगा। विपक्षी दलों ने देश-सेवा के स्थान पर स्व-सेवा में ही एक सुख मान रखा है। आधुनिक युग में नैतिकता जितनी जरूरी मूल्य हो गई है उसके चरितार्थ होने की सम्भावनाओं को इन विपक्षी दलों ने उतना ही कठिन कर दिया गया है। ऐसा लगता है मानो ऐसे तत्व पूरी तरह छा गये हैं। खाओ, पीओ, मौज करो। सब कुछ हमारा है। हम ही सभी चीजों के मापदण्ड हैं। हमें लूटपाट करने का पूरा अधिकार है। हम समाज में, राष्ट्र में, संतुलन व संयम नहीं रहने देंगे। यही आधुनिक चुनावों का घोषणा पत्र है, जिस पर लगता है कि सभी विपक्षी दलों ने हस्ताक्षर किये हैं। भला इन स्थितियों के बीच उन्हें वास्तविक जीत कैसे हासिल हो? आखिर जीत तो हमेशा सत्य की ही होती है और सत्य इन तथाकथित राजनीतिक दलों के पास नहीं है। महाभारत युद्ध में भी तो ऐसा ही परिदृश्य था। कौरवों की तरफ से सेनापति की बागडोर आचार्य द्रोण ने संभाल ली थी। एक दिन दुर्योधन आचार्य पर बड़े क्रोधित होकर बोले- ''गुरुवर कहां गया आपका शौर्य और तेज? अर्जुन तो हमें लगता है समूल नष्ट कर देगा। आप के तीरों में जंग क्यों लग गई। बात क्या है?'' आज लगभग हर राजनीतिक दल और उनके नेतृत्व के सम्मुख यही प्रश्न खड़ा है और इस प्रश्न का उत्तर भी और कहीं नहीं, उन्हीं के पास है। राजनीति की दूषित हवाओं ने हर राजनीतिक दल और उसकी चेतना को दूषित कर दिया है। सत्ता और स्वार्थ ने अपनी आकांक्षी योजनाओं को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। इसकी वजह से लोगों में विपक्षी दलों के प्रति विश्वास इस कदर उठ गया है कि चौराहे पर खड़े आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला भी झूठा-सा लगता है। आंखें उस चेहरे पर सचाई की साक्षी ढूंढती है। यही कारण है कि दुर्योधन की बात पर आचार्य द्रोण को कहना पड़ा, ''दुर्योधन मेरी बात ध्यान से सुनो। हमारा जीवन इधर ऐश्वर्य में गुजरा है। मैंने गुरुकुल के चलते स्वयं 'गुरु' की मर्यादा का हनन किया है। हम सब राग रंग में व्यस्त रहे हैं। सुविधाभोगी हो गये हैं, पर अर्जुन के साथ वह बात नहीं। उसे लाक्षागृह में जलना पड़ा है, उसकी आंखों के सामने द्रौपदी को नग्न करने का दुःसाहस किया गया है, उसे दर-दर भटकना पड़ा है, उसके बेटे को सारे महारथियों ने घेर कर मार डाला है, विराट नगर में उसे नपुंसकों की तरह दिन गुजारने को मजबूर होना पड़ा। अतः उसके वाणों में तेज होगा कि तुम्हारे वाणों में, यह निर्णय तुम स्वयं कर लो। लगभग यही स्थिति आज के राजनीतिक दलों के सम्मुख खड़ी है। किसी भी राजनीतिक दल के पास आदर्श चेहरा नहीं है, कोई पवित्र एजेंडा नहीं है, किसी के पास बांटने को रोशनी के टुकड़े नहीं हैं, जो नया आलोक दे सकें।

## आपकी बात

### बीआरपी-सीआरपी की होली हो गई बदरंग



कृष्णा प्रसाद

बीआरपी सीआरपी की चिर परीक्षित मांग सेवा शर्त नियमावली 16 मार्च की कैबिनेट बैठक में मंत्रीगण एवं माननीय मुख्यमंत्री जी तथा विभागीय सचिव के आश्वासन के बाद भी सेवा शर्त नियमावली कैबिनेट से पास नहीं होना बीआरपी सीआरपी के लिए घोर निराशाजनक एवं हताशा भरा रहा। सभी बीआरपी सीआरपी को सक्षम प्राधिकार द्वारा प्राप्त आश्वासन के बाद उम्मीद बंधी थी की आचार संहिता लगने से पूर्व सेवा शर्त नियमावली लागू हो जायेगा, होली में सभी 2600 बीआरपी सीआरपी के घर के खुशी के रंग होली को मौज से भर देगा किंतु बीआरपी सीआरपी का दुर्भाग्य कहे या विभागीय अधिकारियों की नाकामी 19 साल से सेवारत बीआरपी सीआरपी की होली फीकी हो गई । इतना ही नहीं बीआरपी सीआरपी को जो अत्यंत अल्प मानदेय मिलता है वो भी समय पर नहीं मिलता , मार्च माह की आज 18 तारीख हो गई किंतु अभी तक फरवरी माह का मानदेय भुगतान बीआरपी सीआरपी को नहीं हुआ। बीआरपी सीआरपी के प्रति विभाग की यह उदासीनता एवं दोहरी नीति ,सभी सीआरपी बीआरपी के लिए काफी कष्टप्रद एवम निराशाजनक है। स्वर्गीय जगन्नाथ दा की आत्मा भी आज आहत और रो पड़ी होगी जिन्होंने अंतिम दर्शन से पूर्व प्रतिज्ञाबद्ध शब्द बोले थे की तबीयत ठीक नहीं है इलाज हेतु जा रहा हूं उधर से आते ही सबसे पहले आप सबका काम सेवा शर्त नियमावली वाली फाइल को कैबिनेट से पास करना केवल शेष मात्र रह गया है कर दूंगा शायद उनकी अंतरात्मा हमारे लिए इतना दरिया दिली थी कि हम बीआरपी सीआरपी एस एस संघ वाले सभी साथी इसके चश्मदीद गवाह है समय और अवसर का लाभ नहीं उठाए आज उनकी भी आत्मा रो पड़ी होगी। विभाग /सरकार के समक्ष बीआरपी सीआरपी की सेवा शर्त नियमावली लागू करना क्यों अभी तक टेढ़ी खीर साबित हो रहा है, शायद आचार संहिता के बाद इस यक्ष प्रश्न / अनभूज पहेली का कोई हल हो।

**सभी बीआरपी सीआरपी को सक्षम प्राधिकार द्वारा प्राप्त आश्वासन के बाद उम्मीद बंधी थी की आचार संहिता लगने से पूर्व सेवा शर्त नियमावली लागू हो जायेगा, होली में सभी 2600 बीआरपी सीआरपी के घर के खुशी के रंग होली को मौज से भर देगा किंतु बीआरपी सीआरपी का दुर्भाग्य कहे या विभागीय अधिकारियों की नाकामी 19 साल से सेवारत बीआरपी सीआरपी की होली फीकी हो गई ।**

**(बीआरपी सीआरपी एस एस संघ झारखंड प्रदेश)**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

राजनीति

# डोनेशन लेना हर राजनीतिक पार्टी का हक, फिर विवाद क्यों?



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**देश** भर में इस समय 'इलेक्टरोल बॉन्ड' पर राजनीति हो रही है। भारतीय जनता पार्टी को घेरने के लिए कांग्रेस समेत तमाम राजनीतिक दल इसे चंदे में सबसे बड़ा घोटाला बता रहे हैं। किंतु यह जानकर बड़ा ही आश्चर्य होता है कि जो सत्ता में नहीं हैं, उन्हें सत्ताधारी भाजपा से अधिक संयुक्त राशि मिली है। उसके बाद भी ये राजनीतिक दल पारदर्शिता की बात कर रहे हैं और हल्ला मचा रहे हैं! कांग्रेस पार्टी जो खुद ही 'इलेक्टरोल बॉन्ड' के जरिये करोड़ों रुपये का चंदा प्राप्त करने में सफल रही, वह किस नैतिकता की बात कह रही है? वैसे देखा जाय तो हर राजनीतिक पार्टी का यह हक है कि वह अपने दल को सुचारु रूप से चलाने के लिए चंदा ले सकती है। यहां भी जिन राजनीतिक पार्टियों को कंपनियों से चंदा मिला है, उस पर कानूनी तौर पर कोई कुछ भी प्रश्न नहीं उठा सकता है। क्योंकि यह किसी व्यक्ति, समूह, संगठन और कंपनी का अपना निर्णय है कि वह किसके समर्थन में है और उसके अनुसार किसके माध्यम से देश हित होगा। भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली और भारतीय संविधान यह अनुमति देता है कि वह (कोई भी नागरिक) देश हित के विचार से किसी भी राजनीतिक पार्टी को अपनी स्वैच्छानुसार कितना भी चंदा दे अथवा कितना नहीं । एक तरह से यह अच्छा ही हुआ कि उच्चतम न्यायालय ने राजनीति में पारदर्शिता लाने के लिए 'इलेक्टरोल बॉन्ड' को चुनाव आयोग की वेबसाइट के जरिये सार्वजनिक कराया है। मसलन, देश में जितने भी मंत्रालय, विभाग एवं सरकारी कार्य करनेवाले संस्थान हैं और वह भी, जहां कि सूचना का अधिकार लागू होता है। उन सभी जगहों में आगे उच्चतम न्यायालय यह लागू कर सकता है कि उन्हें अपनी सभी खरीद एवं बचत के साथ आय की जानकारी भी सार्वजनिक कर देनी चाहिए। किसी प्रोजेक्ट पर कितने का निर्माण हुआ, कितना अधिरिक्त धनराशि का खर्च आया, वह कार्य समयावधि में पूर्ण हुआ या अधिक समय में इत्यादि सभी कुछ। यानी कि हर छोटी-बड़ी जानकारी और उसके साथ बिल, बाउचर भी आगे सार्वजनिक कर देने के लिए न्यायालय द्वारा निर्देश दे ही देना चाहिए।

**एक तरह से यह अच्छा ही हुआ कि उच्चतम न्यायालय ने राजनीति में पारदर्शिता लाने के लिए 'इलेक्टरोल बॉन्ड' को चुनाव आयोग की वेबसाइट के जरिये सार्वजनिक कराया है।**

## फेसबुक वॉल से




## X- से




# कर्नाटक में कांग्रेस के झूठे वादे



मनोहर यडवट्टि

**भारत** के दक्षिणी राज्य कर्नाटक में आज सत्तारूढ़ कांग्रेस (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस/ आईएनसी) अपने 2023 कर्नाटक विधानसभा चुनाव के समय किये गये चुनावी वादों और गारंटियों को लागू करने में विफल दिख रही है। ऐसा लगता है कि शायद, सत्ता में आने की जल्दी में पार्टी प्रबंधकों ने कभी भी ड्राइवर की सीट संभालने की स्थिति में बाद के परिणामों के बारे में नहीं सोचा था। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया जब यह कहते हैं कि सभी वादे पूरे करने के लिए नहीं होते हैं। चुनाव से पहले न जाने क्या-क्या आश्वासन जनता को दिये जाते हैं, उन्हें पूरा करने का वादा भी किया जाता है। किंतु इसका मतलब यह नहीं कि सभी वादे पूरे करने जरूरी हैं। वस्तुतः आज यह स्वीकार करके उन्होंने साबित कर दिया कि किसी भी चुनाव से पहले किये जाने वाले राजनीतिक पार्टियों के सभी वादे और बड़ी-बड़ी बातें केवल सार्वजनिक संवाद के लिए होती हैं, क्रियान्वयन के लिए नहीं। राज्य में सत्ता में आने के पूर्व कांग्रेस सरकार ने यहां आम आदमी से जिन पांच गारंटियों 200 यूनिट मुफ्त बिजली आपूर्ति। परिवार की महिला मुखिया को हर महीने 2,000 रुपये। बीपीएल परिवार के सभी सदस्यों को 10 किलो मुफ्त चावल। बेरोजगार डिग्री धारकों के लिए 3,000 रुपये प्रति माह और दो साल के लिए डिप्लोमा धारकों के लिए 1,500/ रुपये प्रति माह और राज्य सरकार की बसों में महिलाओं के लिए निःशुल्क बस यात्रा का वादा किया था। इसी तरह से अन्य प्रमुख वादों को याद करें तो कांग्रेस पार्टी ने एससी के लिए आरक्षण को 15% से बढ़ाकर 17%, एसटी के लिए 3% से 7%, अल्पसंख्यक आरक्षण को 4% तक बहाल करने और लिंगायत, वोक्कालिगा और अन्य समुदायों के लिए आरक्षण बढ़ाने और संविधान की 9वीं अनुसूची में इसे शामिल करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दशार्यी थी। किंतु इन सभी वादों को पूरा करने के मामले में पांच गारंटी को छोड़कर कर्नाटक कांग्रेस सरकार बहुत पीछे है। राज्य में आज खेती चौपट होती दिखती है। खेतों में तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता वाले कार्यों के लिए श्रमिकों को ढूंढना मुश्किल हो गया है, जिसके कारण से छोटे और मध्यम किसानों को फसलों की बुआई, रखरखाव और कटाई के बुरे दौर से गुजरना पड़ रहा है । दैनिक मजदूरी बहुत बढ़ गई है। जिस पर तुमकुरु जिले के मधुगिरि तालुक में श्रावणदान हल्ली के किसान एसजी गोविंदप्पा की तरह ही अनेकों का कहना रहा- 'अगर इस तरह की मुफ्तखोरी जारी रही तो जल्द ही एक दिन ऐसा आएगा जब खाद्यान्न उगाना तो दूर, एक सामान्य किसान को नियमित खेती को भी अलविदा कहना पड़ेगा।' शक्ति योजना के नाम से महिलाओं के लिए पूरे राज्य में फ्री बस सेवा की जो स्कीम लॉन्च की गई, आज उसने यहां कांग्रेस की अव्यवस्था को उजागर कर दिया है।

## बोधि वृक्ष

### हरमंदिर साहिब अमृतसर के स्वर्ण मंदिर का इतिहास

मंदिर को 1809 में संगमरमर और तांबे में पुनर्निर्मित किया गया था, और 1830 में रणजीत सिंह ने सोने की पर्त के साथ गर्भगृह को सुसज्जित करने के लिए सोना दान किया। **स्वर्ण मंदिर इतना पूजनीय क्यों है?** इसके निर्माण के बाद गुरु अर्जन ने सिख धर्म के पवित्र ग्रंथ आदि ग्रंथ को स्थापित किया था। आदि ग्रंथ, सिखों द्वारा दस मानव गुरुओं के वंश के बाद अंतिम, संप्रभु और अनंत जीवित गुरु का रूप माना जाता है। इसमें 1,430 पृष्ठ हैं, जिनमें से अधिकांश को 31 रागों में विभाजित किया गया है। मंदिर में अकाल तख्त भी मौजूद है जो 'छठे गुरु का सिंहासन कहा जाता है। छठे गुरु हरगोबिंद द्वारा इसे बनवाया गया था। यह सिखों के लिए - सत्ता की पांच सीटों में से एक है। अकाल तख्त राजनीतिक संप्रभुता का प्रतीक है और ऐसी जगह है जहां सिख लोगों के आध्यात्मिक और लौकिक सरोकारों को संबोधित किया जा सकता है।



**क्या होता है गुरुद्वारा?**

गुरुद्वारा का शाब्दिक अर्थ है 'गुरु का द्वार'- जहां सभी धर्मों के लोगों का स्वागत है। प्रत्येक गुरुद्वारे में एक दरबार साहिब होते हैं, जहां पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब, एक ऊंचे सिंहासन पर रखा गया है। सभी गुरुद्वारों में एक लंगर हॉल होता है, जहां लोग मुफ्त में शाकाहारी भोजन कर सकते हैं। गुरुद्वारे की पहचान दूर से इसके खास झंडे को देखकर की जा सकती है, जहां निशान साहिब का सिख ध्वज होता है। **(समाप्त)**

## टेक वर्ल्ड

### सरकार का नया ट्रूकॉलर ऐप

**बहुत** सारे लोगों को अपनी गोपनीयता की चिंता होती है जब वे अज्ञात नंबरों से कॉल प्राप्त करते हैं, इसलिए यह ऐप इस चिंता को दूर करने के लिए उपयोगी होगा। इस एप्लिकेशन का उपयोग करके, लोग अब अज्ञात कॉल्स को पहचानकर उन्हें अनुचित कार्रवाई से बचा सकते हैं। सरकारी ट्रू कॉलर ऐप का लॉन्च भारतीय समाज के लिए एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। यह न केवल लोगों को फर्जी कॉल्स से बचायेगा, बल्कि उन्हें गोपनीयता की सुरक्षा भी प्रदान करेगा। इससे लोगों का विश्वास बढ़ेगा कि वे उनकी सरकार उनकी सुरक्षा और गोपनीयता की देखभाल के लिए सक्रिय है। स नई ऐप के लॉन्च होने के बाद, लोगों को ध्यान में रखना होगा कि वे इसे उपयोग करें और अपने परिवार और मित्रों को भी इसके बारे में जागरूक करें। इससे फर्जी कॉल्स के खिलाफ एक सामूहिक लड़ाई आसान होगी और लोग सुरक्षित रहेंगे। इस समय, बाजार में कई ऐप्स उपलब्ध हैं जो फर्जी कॉल्स को पहचानने में मदद कर सकते हैं, लेकिन सरकारी ट्रू कॉलर का अलग असर हो सकता है। यह ऐप उन लोगों के लिए भी उपयुक्त होगा जो तकनीकी ज्ञान में पिछड़े हैं और जो अन्य ऐप्स का उपयोग नहीं कर सकते हैं। दी गई जानकारी के अनुसार, सरकार एक ऐसी सेवा शुरू करने के लिए तैयार है, जिसे ट्रू कॉलर ऐप फर्जी कॉल का पता चलने पर भेजता है। ट्राई (TRAI) की ओर से इस फीचर का ड्राफ्ट भी जारी कर दिया गया है। इस सुविधा के लॉन्च होने के तुरंत बाद, जब कोई कॉल करेगा, तो आप उसके फोन नंबर के अलावा उसका पूरा नाम देख पायेंगे।



(क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### बिहार विधान पार्षद के सीएए पर बयान को जदयू प्रवक्ता ने बताया 'निजी'

**पटना ।** बिहार में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लेकर जदयू के विधान पार्षद खालिद अनवर के बयान पर जदयू के प्रवक्ता और पूर्व मंत्री नीरज कुमार ने सफाई दी है। जदयू के विधान पार्षद खालिद अनवर ने कहा था कि बिहार में सीएए लागू नहीं होगा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के बिहार में रहते चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा था कि बिहार में सीएए और एनआरसी की जरूरत नहीं है। राष्ट्रीय प्रवक्ता के.सी. त्यागी ने पिछले दिनों साफ करते हुए कहा था कि इस कानून के तहत किसी की भी नागरिकता समाप्त नहीं की जाएगी। इस कानून में तीन देशों के अल्पसंख्यक हैं, जो 2014 से पहले यहां के नागरिक हैं सिर्फ उन्हीं को नागरिकता दी जाएगी।

### तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन ने दिया इस्तीफा

**हैदराबाद।** तमिलिसाई सौंदर्यराजन ने सोमवार को तेलंगाना के राज्यपाल पद से व पुडुचेरी की उपराज्यपाल पद से इस्तीफा दे दिया। वह पिछले तीन वर्षों से कार्यरत थीं। उन्होंने अपना इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेज दिया है। राष्ट्रपति ने इस्तीफे को मंजूरी दे दी है। इस बीच तेलंगाना सरकार की ओर से मुख्य सचिव के शांता कुमारी हैदराबाद में राज्यपाल से मिलीं और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### भारत मंडपम में तीन दिवसीय स्टार्टअप महाकुंभ आज से

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय राजधानी के प्रगति मैदान परिसर में स्थापित भारत मंडपम में मंगलवार से शुरू हो रहे तीन दिवसीय स्टार्टअप महाकुंभ में सफलता की कहानियां फलक पर आएंगी। दो हजार स्टार्टअप इसमें शामिल हो रहे हैं। इसमें 10 थीम पवेलियन हैं। यह जानकारी उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग के सचिव राजेश कुमार सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि 1000 से अधिक निवेशक, 300 इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर, 3000 प्रतिनिधि, 20 से अधिक देशों के प्रतिनिधिमंडल, भारत के 3000 भावी उद्यमी, 50 से अधिक यूनिकार्न और 50,000 से अधिक व्यावसायिक आगंतुक इसके साक्षी होंगे।

### कोलकाता में आधी रात पांच मंजिला इमारत ढही दो महिलाओं की मौत

**कोलकाता।** कोलकाता नगर निगम के वार्ड नंबर 134 गार्डेनरिच के फतेहपुर बनर्जी पाड़ा लेन में आधी रात एक पांच मंजिला इमारत ढह गई। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई। अधिकारियों के मुताबिक राहत और बचाव अभियान जारी है। अब तक 15 लोगों को बचाया जा चुका है। घायलों में से 10 को स्थानीय अस्पताल और पांच को एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाके के विधायक और मेयर फिरहाद हकीम, अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस और पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल सूचना पाते ही मौके पर पहुंचे । फिरहाद ने बताया कि हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। मृतकों के नाम सैम बेगम और हसीना खातून बताए गए हैं। राहत और बचाव कार्य में आपदा प्रतिक्रिया बल और अग्निशमन दल की टीमें अब तक (सोमवार सुबह) लगी हुई हैं।

# बिहार की बाल विवाह पीड़िता ने की कर्नाटक में खुदकुशी



**पीड़िता की इच्छा के विरुद्ध आरोपी उसके साथ शारीरिक संबंध बना रहा था**

**एजेंसी। बेंगलुरु।**

बिहार की बाल विवाह पीड़ित एक नाबालिग लड़की ने बेंगलुरु में आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि उसके पति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पीड़िता नीलम कुमारी ने 13 मार्च को बेंगलुरु के बाहरी इलाके हेब्बागोडी के पास अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। उसके पति विशाल कुमार साहनी को नाबालिग से शादी करने और उसे आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में जिला बाल कल्याण समिति से जुड़ी कार्यकर्ता श्रीदेवी ने शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी एक साल पहले बिहार से बेंगलुरु आया था और पेंटर का काम करता था। उसने पिछले साल फरवरी में नीलम कुमारी से शादी की और 20 दिन पहले उसे बेंगलुरु ले आया। वे तिरुपाल्या इलाके में किराए के मकान में रहते थे, जहां शव लटका हुआ मिला। पुलिस को संदेह है कि पीड़िता की इच्छा के विरुद्ध आरोपी उसके साथ शारीरिक संबंध बना रहा था, इससे वह तनाव में थी। सूत्रों ने बताया कि जिला बाल संरक्षण अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया और हेब्बागोडी पुलिस को रिपोर्ट सौंपी है।

# खगड़िया में सड़क हादसा, सात की मौत, चार घायल

**एजेंसी। पटना।**

बिहार के खगड़िया जिले में सोमवार सुबह हुए सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। यह हादसा खगड़िया जिले के पसराहा थाना क्षेत्र के एनएच 31 पर हुआ। हादसे में सात सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कार सवार सभी लोग बारात से लौट रहे थे। इस दौरान ट्रैक्टर से कार टकरा गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।




पुलिस के अनुसार कार सवार बाराती चौथम प्रखंड इलाके से शादी कार्यक्रम के बाद लौट रहे थे। जिले के मड़ैया थाना क्षेत्र के बिठला गांव के रहने वाले इंद्रदेव ठाकुर के मंझले बेटे की शादी में शामिल होने के लिए सभी लोग चौथम ठुठ्ठी मोहनपुर के धमहरा गए थे। वहां से लौटते वक्त पसराहा विधारतन पेट्रोल पंप के पास बारातियों से भरी कार सीमेंट लदे ट्रैक्टर से टकरा गई। चश्मदीदों के मुताबिक कार में कुल 11 लोग सवार थे। जिसमें चार घायल हो गए।

## बिहार लोकसभा चुनाव : एनडीए में तय हुआ सीट बंटवारा

# भाजपा 17 तो जदयू 16 पर लड़ेगी चिराग पासवान को मिली 5 सीट

### एनडीए में सीट बंटवारा




- **जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी के खाते में एक-एक सीट**
- **लोजपा (रामविलास) से राजू तिवारी और हम के रजनीश कुमार ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी**
- **बिहार की सभी 40 सीटों पर एनडीए का विजय पताका लहराने का रखा गया है लक्ष्य**

**एजेंसी। नई दिल्ली।**

बिहार में एनडीए गठबंधन के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर सहमति बन गई है। बिहार में भाजपा 17 और जेडीयू 16 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं, चिराग पासवान की पार्टी हाजीपुर सहित 5 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जबकि, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा के खाते में एक-एक सीट गई है।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव संजय झा, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) से राजू तिवारी और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा से रजनीश कुमार ने भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सीटों के बंटवारे का ऐलान किया।

भाजपा राष्ट्रीय महासचिव एवं बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने सीट बंटवारे की घोषणा करते हुए बताया कि भाजपा बिहार में 17 और जनता दल यूनाइटेड 16 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) 5 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं, जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी आरएलएम के खाते में एक-एक सीटें आई हैं।

जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव संजय झा ने कहा कि बिहार में जहां विपक्षी गठबंधन में अभी तक स्थिति साफ नहीं है, वहीं, एनडीए गठबंधन में सबकुछ तय हो गया है और हमारा गठबंधन इस बार बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटें जीतने जा रहा है।

बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि 2019 के पिछले चुनाव में बिहार में 3 दल एनडीए में शामिल थे और इस बार दो और दल हमारे साथ जुड़े हैं। एनडीए गठबंधन बिहार में सभी 40 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करने जा रहा है।

### बसपा ने घोषित किए कानपुर, मेरठ, अकबरपुर, बागपत सीट पर उम्मीदवार

**लखनऊ ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने लोकसभा चुनाव में कानपुर, मेरठ, अकबरपुर, बागपत लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। इसे लेकर बसपा अभी तक 14 उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। बसपा की ओर से कानपुर लोकसभा सीट से कुलदीप भदौरिया, अकबरपुर लोकसभा सीट से राजेश द्विवेदी, बागपत लोकसभा सीट से प्रवीण बैंसला और मेरठ लोकसभा सीट से देवव्रत त्यागी का नाम घोषित हुआ है। कानपुर से बसपा उम्मीदवार कुलदीप भदौरिया की व्यापारिक संगठनों में गहरी पैठ है, तो अकबरपुर से उम्मीदवार राजेश द्विवेदी को ब्राह्मण चेहरे के रुप में चुनाव मैदान में बसपा ने उतारा है। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर बसपा के उम्मीदवार उतारने की घोषणा के क्रम में अभी 14 उम्मीदवार चुनाव मैदान में आये हैं। अगले 24 घंटे में बसपा अध्यक्ष की अनुमति से उम्मीदवारों की एक और सूची आने की उम्मीद जतायी जा रही है।

### सीटों के बंटवारे के बाद अब कांग्रेस और सपा तालमेल बनाने में जुटीं

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) ने एक साझा रूपरेखा तैयार की है। चुनाव के लिए दोनों पार्टी के नेता एक-दूसरे के वॉर रूम में बैठकर सत्तारूढ़ दल भाजपा से निपटने की रणनीति बनाएंगे। कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) आपस में बेहतर तालमेल करके लोकसभा चुनाव में काम करेगी, ताकि, उत्तर प्रदेश से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को ज्यादा से ज्यादा जिताया जा सके। संवाद और समन्वय स्थापित करने के लिए रणनीति बनी है।

### पूर्व सांसद लवली आनंद जदयू में हुईं शामिल



**पटना ।** लोकसभा चुनाव की तिथियों की घोषणा के बाद सोमवार को राजद को बड़ा झटका लगा। पूर्व सांसद लवली आनंद अपने समर्थकों के साथ राजद को छोड़कर नीतीश कुमार की पार्टी जदयू में शामिल हो गईं। जदयू के प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक समारोह में पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने पूर्व सांसद लवली आनंद को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर ललन सिंह में पूर्व सांसद का स्वागत करते हुए कहा कि समता पार्टी के गठन के समय भी ये हमलोगों के साथ थीं और अब फिर से अच्छी जगह आ गई हैं। जदयू की सदस्यता ग्रहण करने के बाद लवली आनंद ने कहा कि पार्टी उन्हें जो जिम्मेदारी देगी, उसे पूरी ईमानदारी से निभाएंगी। उन्होंने राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि समाज पर कुठाराघात नहीं सहा जा सकता है। संभावना व्यक्त की जा21 रही है कि जदयू पूर्व सांसद लवली आनंद को शिवहर से उम्मीदवार बना सकती है। उल्लेखनीय है कि बिहार में एनडीए की सरकार बनने के बाद राजद के विधायक और उनके बेटे चेतन आनंद विश्वासमत के दौरान पाला बदलकर एनडीए के खेमे में चले गए थे।

# पुलिस ने गोली मारकर की शिक्षक की हत्या, गिरफ्तार



**एजेंसी। मुजफ्फरनगर।**

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में एक चौंकाने वाली घटना समाने आई है। वाराणसी से बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिका लेकर मुजफ्फरनगर के एसडी इंटर कॉलेज आए एक अध्यापक की यूपी पुलिस के एक हेड कांस्टेबल ने आपसी विवाद के बाद गोली मारकर हत्या कर दी।

शहर पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत ने सोमवार को बताया कि वाराणसी के शिक्षा विभाग की एक टीम पुलिस की सुरक्षा में मुजफ्फरनगर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में स्थित एसडी इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं लेकर आई थी।

शिक्षा विभाग की टीम में अध्यापक धर्मेंद्र कुमार, संतोष कुमार और चतुर्थ श्रेणी के दो कर्मचारी शामिल थे। कॉलेज का गेट बंद होने के कारण टीम के सभी सदस्य वाहन में ही बैठे हुए थे। उन्होंने बताया कि रविवार रात को कॉलेज के बाहर वाहन में सोते समय अध्यापक धर्मेंद्र और हेड कांस्टेबल चंद्र प्रकाश के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई।

# गुजरात विश्वविद्यालय हमले में तीन और उपद्रवी गिरफ्तार



**एजेंसी। अहमदाबाद।**

गुजरात विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को एक नए होस्टल में ट्रांसफर करने की तैयारी है। उनके हॉस्टल में प्रार्थना सत्र के दौरान हुए हमले के मामले में सोमवार को तीन और गिरफ्तारियां हुई। अंतरराष्ट्रीय छात्रों को ट्रांसफर करने का यह निर्णय तब लिया गया जब हमलावरों ने जबरदस्ती छात्रावास परिसर में प्रवेश किया और नमाज पढ़ रहे लोगों को निशाना बनाया। अहमदाबाद पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए सोमवार को तीन और संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया। हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान क्षितिज कमलेश पांडे, जितेंद्र घनश्याम पटेल और साहिल अरुणभाई दुधतिउवा के रूप में की गई है।

# केजरीवाल ईडी के समक्ष नहीं हुए पेश, समन को बताया गैरकानूनी



**एजेंसी। नई दिल्ली।**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली जल बोर्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की पूछताछ में शामिल नहीं होंगे। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की धारा 50 के तहत केजरीवाल को समन जारी किया था। आम आदमी पार्टी ने बयान में ईडी के समन को गैरकानूनी बताया है। दरअसल यह दूसरा मामला है जिसमें पार्टी संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर रिश्वत लेने का आरोप लगा है।

ईडी ने रविवार को केजरीवाल को पहली बार एक साथ दो समन भेजे। इसमें जल बोर्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में केजरीवाल को पहली बार समन भेज कर पूछताछ के लिए 18 मार्च को तलब किया। कथित दिल्ली शराब नीति घोटाला से जुड़े मामले में नौवां समन जारी कर उन्हें 21 मार्च को तलब किया है।

# पूछताछ के लिए 'ड्रग किंगपिन' जाफर सादिक दिल्ली से चेन्नई लाया गया



**एजेंसी। चेन्नई।**

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के अधिकारी सोमवार को ड्रग किंगपिन जाफर सादिक को दिल्ली से चेन्नई लेकर आए। जांचकताओं की टीम सुबह से ही एनसीबी जोनल कार्यालय में उससे पूछताछ कर रही है। उसे सैंथोम में अरुलानंदम स्ट्रीट स्थित उसके घर या पेरुंगुडी में उसके गोदाम में भी ले जाया जा सकता है। तमिल फिल्म निमार्ता और डीएमके से निष्कासित जाफर सादिक ने कथित तौर पर पिछले तीन वर्षों में मल्टी-ग्रेन मिक्स और कसा हुआ नारियल के साथ मिश्रित 2000 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थों को विदेशों में तस्करी करने में थिंक टैंक के रूप में काम किया था। एनसीबी ने जाफर को 9 मार्च को दिल्ली में गिरफ्तार किया था। वह लगभग तीन सप्ताह से भूमिगत था। एनसीबी के समक्ष प्रस्तुत न होने के कारण उसके सहयोगियों को फरवरी में दिल्ली में गिरफ्तार कर लिया गया था। जब सादिक भाग रहा था तो अदालत के आदेश से एनसीबी टीम ने सैंथोम में उसकी अनुपस्थिति में उसके घर का ताला तोड़ कर तलाशी ली थी।

## हिमाचल प्रदेश से झारखंड आ रहे कंटेनर से ढाई करोड़ की शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार



- **अहरौरा पुलिस ने सुकृत बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान कंटेनर से बरामद की 930 पेटी अंग्रेजी शराब**

**एजेंसी। मीरजापुर।**

अहरौरा पुलिस ने हिमाचल प्रदेश से झारखंड ले जायी जा रही 2.5 करोड की कंटेनर में लदी 930 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। कंटेनर में सवार पवन कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में अहरौरा थाने पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तार शराब तस्कर ने पूछताछ में बताया कि उनका गिरोह अंग्रेजी शराब को हिमाचल प्रदेश से झारखंड ले जाकर ऊंचे दामों पर बिक्री करते थे। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना पर सोमवार अहले सुबह यह कार्रवाई की गई।

# अजमेर के पास साबरमती एक्स. दुर्घटनाग्रस्त इंजन व कोच पटरी से उतरे, कोई घायल नहीं

**एजेंसी। अजमेर।**

अजमेर के मदार स्टेशन के नजदीक सुपरफास्ट साबरमती-आगरा कैंट एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12548) के इंजन और चार कोच रविवार रात करीब एक बजे पटरी से उतर गए। इस समय यात्री गहरी नींद में सो रहे थे। अचानक धमाका हुआ तो यात्री दहशत में आ गए। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई है। हादसे के बाद छह ट्रेनें रद्द की गई हैं और दो का रूट बदला गया है।

एडीआरएम बलदेवराम ने बताया कि हादसे के कारण की अभी जानकारी सामने नहीं आई है। अजमेर के मदार में होम सिग्नल के पास साबरमती रविवार रात एक बजकर चार मिनट पर डिरेल हुई।



इस कारण इंजन और चार जनरल कोच पटरी से उतर गए। रेलवे ने अजमेर जंक्शन पर हेल्प डेस्क बनाया है। हेल्पलाइन नंबर 0145-2429642 जारी किया गया है।

हादसे के बाद गाड़ी संख्या 12065 अजमेर-दिल्ली सराय रोहिल्ला, गाड़ी संख्या 22987 अजमेर-आगरा फोर्ट, गाड़ी संख्या 09605 अजमेर-गंगापुर सिटी, गाड़ी संख्या 09639 अजमेर-रेवाडी, गाड़ी संख्या 19735 जयपुर-मारवाड़ और गाड़ी संख्या 19736 मारवाड़-जयपुर को 18 मार्च के लिए रद्द किया गया है। जबकि, गाड़ी संख्या 12915 साबरमती-दिल्ली रेल सेवा परिवर्तित मार्ग वाया दोराई-मदार (अजमेर को छोड़कर), गाड़ी संख्या 17020, हैदराबाद-हिसार रेल सेवा परिवर्तित मार्ग वाया आदर्श नगर-मदार (अजमेर को छोड़कर) का मार्ग परिवर्तित किया गया है।

एडीआरएम बलदेवराम ने बताया कि ट्रेन अहमदाबाद के साबरमती से राइट टाइम निकली थी। संभवतः मालगाड़ी से कुछ हुआ है। लेकिन अभी कारण सामने नहीं आया है। जिस ट्रैक पर एक्सप्रेस ट्रेन डिरेल हुई है, बगल के ट्रैक पर मालगाड़ी थी। यात्रियों को अजमेर रेलवे स्टेशन भेजा गया है। इस हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

## आज का राशिफल

**मेष :** किसी से कहासुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**वृष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजनों के सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान रहेगा।

**मिथुन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कर्क :** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**सिंह :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**कन्या :** स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा।

**तुला :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**धनु :** शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**मकर :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**कुंभ :** माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव।

**मीन :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।


# भारत ने पोलिश ग्रां प्री में जीते छह पदक, अखिल, अनीश, नीरज चमके



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पेरिस ओलंपिक कोटा विजेता अखिल शेरोन और अनीश भानवाला के साथ-साथ नीरज कुमार ने भी पोलैंड में शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय राइफल और पिस्टल निशानेबाजों ने अपने पोलिश ग्रां प्री अभियान को दो स्वर्ण सहित छह पदकों के साथ समाप्त किया। भारत की 50 मीटर राइफल और 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल टीम के कुछ सदस्य पेरिस 2024 की तैयारी के लिए विभिन्न अंतरराष्ट्रीय शूटिंग स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने के लिए वर्तमान में यूरोप के एक्सपोजर टूर पर हैं। अखिल शेरोन ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) मैच के दूसरे मैच में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता, जब उन्होंने ग्रां प्री व्रोकलाविया और डोलनेगो स्लास्का में चेक गणराज्य के पैट्रिक जेनी को 2.2 से पीछे छोड़ते हुए 468.4 का स्कोर बनाया। हालांकि, ये दोनों स्कोर जेनी के हमवतन जिरी प्रिवरत्स्की के मौजूदा विश्व रिकॉर्ड 466.1 से अधिक थे। अनीश भानवाला ने 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल में भी स्वर्ण पदक जीता, साथ ही साथ आयोजित जोजेफ जापेड्स्की ग्रैंड प्रिक्स में स्वर्णिम प्रदर्शन जारी रखा। नौसेना के निशानेबाज नीरज कुमार ने भी पुरुषों के दोनों 3पी मुकाबलों में दो कांस्य पदक के साथ बेहद प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिससे वह दो पदकों के साथ समापन करने वाले एकमात्र भारतीय बने। नीरज ने दो क्वालिफिकेशन मैचों में 595 और 594 के प्रभावशाली स्कोर बनाए। पहले मैच में वह जेनी और रियो ओलंपिक के रजत पदक विजेता यूक्रेन के सेरही कुलिश के बाद तीसरे स्थान पर रहे। स्वप्निल कुसाले ने भी दूसरे मैच में 595 का ठोस स्कोर बनाकर क्वालिफिकेशन स्टैंडिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया, जो कि नीरज से अधिक सटीक था, लेकिन कुल मिलाकर चौथे स्थान पर रहा। दो ग्रैंड प्रिक्स में एक अन्य पेरिस कोटा विजेता श्रीयंका सदांगी ने महिलाओं की 3पी में कांस्य पदक जीता और आशी चौकसे ने दूसरी महिला 3पी में रजत पदक जीता।

# विराट के साथ बल्लेबाजी करना अविश्वसनीय : आरसीबी कप्तान डुप्लेसी



**एजेंसी। बेंगलुरु**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के कप्तान फाफ डुप्लेसी का कहना है कि विराट कोहली अपनी ऊर्जा से टीम के प्रत्येक सदस्य को स्फूर्ति से भर देते हैं जो मैदान पर उनके शानदार प्रदर्शन का राज है। डुप्लेसी मैदान के बाहर भी इस भारतीय सुपरस्टार से काफी प्रभावित हैं क्योंकि दोनों की पसंद मिलती जुलती है। कोहली ने 2021 सत्र के अंत में कप्तानी से हटने का फैसला किया था जिसके बाद डुप्लेसी को टीम की अगुआई की जिम्मेदारी सौंपी गयी। उन्होंने कहा कि कोहली के साथ बल्लेबाजी करने का अनुभव अविश्वसनीय होता है।

डुप्लेसी ने कहा, उनके साथ बल्लेबाजी करना अविश्वसनीय है। मैं जिनके साथ बल्लेबाजी करना पसंद करता हूं, वह मेरे पसंदीदा खिलाड़ियों में शामिल है। वह क्रीज पर मुझे काफी ऊर्जा से भर देते हैं।' उन्होंने कहा, वह जिस तरह से हमेशा ऊर्जा से भरा रहता है, वह शानदार है। पता नहीं मैदान पर कैच लपकते हुए वह इतनी ऊर्जा कैसे बरकरार रह पाता है। हम दोनों बहुत प्रतिस्पर्धी हैं और सुनिश्चित करते हैं कि हम टीम के लिए अच्छे कैच लपकें।'

कोहली भले ही अब कप्तान नहीं हों लेकिन उनकी सुझाव और क्षेत्ररक्षण करने वाली इकाई की ऊर्जा को बढ़ाने में उनकी भूमिका के डुप्लेसी मुरीद हैं। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने कहा, मुझे लगता है कि वह क्षेत्ररक्षकों का सजाने में मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण रहता है। जहां तक टीम का संबंध है तो वह काफी चीजों में अगुआई करता है लेकिन क्षेत्ररक्षण ऐसा विभाग है जहां वह मैदान में लय तय करता है और ऊर्जा भरता है।'

मैदान के बाहर भी कोहली से डुप्लेसी काफी प्रभावित होते है, उन्होंने कहा, हम दोनों खाना पसंद करते हैं और हम अपने फैशन पर भी काफी बातें करते हैं। हम जिस तरह के कपड़े पहनते हैं, उसके लिए एक दूसरे को फोटो भेजते हैं। लेकिन घड़ियों के मामले में तो वह शानदार है जिनके लिए वह जुनूनी है।'

## बेंगलुरु पहुंचे कोहली

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सीजन पहले सोमवार को बेंगलुरु पहुंचे। आरसीबी ने इंस्टाग्राम पर कोहली के आगमन की घोषणा की।**

# मेरे कंधों पर उनका हाथ रहेगा : हार्दिक पांड्या



**एजेंसी। मुंबई**

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने सोमवार को कहा कि फ्रेंचाइजी द्वारा आगामी सत्र से पहले घोषित अप्रत्याशित नेतृत्व परिवर्तन के बावजूद उनके पूर्ववर्ती रोहित शर्मा आईपीएल के दौरान उनके लिए मार्गदर्शक बने रहेंगे। पिछले दो सीजन में गुजरात टाइटन्स का नेतृत्व करने वाले पांड्या 2024 संस्करण के लिए कप्तान के रूप में मुंबई इंडियंस में वापस आ गए हैं। मुंबई इंडियंस को 5 बार खिताब दिलाने के बाद 2024 संस्करण में आश्चर्यजनक रूप से रोहित की जगह पांड्या को कप्तान चुना गया। पांड्या ने कहा, 'यह कुछ अलग नहीं होगा, वह मेरी मदद के लिए हमेशा मौजूद रहेंगे।

इस टीम ने जो हासिल किया है, वह उनके नेतृत्व में हासिल किया है और मुझे बस इसे आगे बढ़ाना है। मेरे कंधों पर उनका हाथ रहेगा।' जब उनसे रोहित को हटाए जाने पर प्रशंसकों की नाराजगी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'हम प्रशंसकों का सम्मान करते हैं लेकिन हम खेल पर ध्यान केंद्रित करते हैं और जो जरूरी है उस पर ध्यान केंद्रित करते हैं। मैं नियंत्रणीय चीजों पर ध्यान केंद्रित करता हूं, प्रशंसकों को हर अधिकार है और मैं उनकी राय का सम्मान करता हूं।' स्टार ऑलराउंडर आईपीएल के साथ शीर्ष स्तर के क्रिकेट में वापसी करेंगे।

## गुजरात टाइटंस के प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए कप्तान शुभमन गिल

**नई दिल्ली।** आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से पहले, गुजरात टाइटंस (जीटी) के कप्तान शुभमन गिल सोमवार को फ्रेंचाइजी के प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे। गुजरात स्थित फ्रेंचाइजी के आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल ने आईपीएल 2024 से पहले टीम में शामिल होने पर 24 वर्षीय खिलाड़ी के भव्य स्वागत की तस्वीरें साझा कीं। जीटी ने एक्स पर लिखा, घर में आपका स्वागत है कैप्टन गिल! हमारा कप्तान आधिकारिक तौर पर मैदान पर उतर गया है। पिछले साल की उपविजेता गुजरात टाइटंस की टीम 24 मार्च को पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ अहमदाबाद में अपने अभियान की शुरूआत करेगी। गुजरात के साथ दो शानदार सीजन के बाद स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अपनी पूर्व फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस में वापस लौट आए हैं। पांड्या इस बार रोहित शर्मा की जगह मुंबई का नेतृत्व करेंगे, जबकि शुभमन गिल ने गुजरात की कप्तानी संभाली है। उसी दिन, राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स जयपुर भी अपने अभियान की शुरूआत करेंगे।

## भारतीय कप्तानों का ट्रॉफी उठाना शानदार : मंधाना

**नई दिल्ली।** स्मृति मंधाना की कप्तानी वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने डब्ल्यूपीएल 2024 का खिताब अपने नाम किया। पिछले 16 सालों से फ्रेंचाइजी टी20 लीग में एक ट्रॉफी के लिए जूझ रही बैंगलोर का इंतजार आखिरकार महिला प्रीमियर लीग में खत्म हो गया। ट्रॉफी जीतने के बाद, कप्तान स्मृति मंधाना को लगता है कि भारतीय कप्तानों का अपनी-अपनी टीमों को खिताब दिलाने का चलन नेतृत्व के दृष्टिकोण से भारतीय महिला क्रिकेट के लिए अच्छा संकेत है। पिछले साल, मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ब्रेबॉर्न स्टेडियम में पहली डब्ल्यूपीएल विजेता कप्तान बनी थी। जब आरसीबी ने अरुण जेटली स्टेडियम में 29,131 प्रशंसकों के सामने दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हराया, तो डब्ल्यूपीएल विजेता कप्तान के रूप में स्मृति ने अपना नाम इतिहास में दर्ज कर लिया। मैच के बाद स्मृति ने कहा, पिछले साल जब मुंबई इंडियंस ने फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेला था, कहीं न कहीं मैं चाहती थी कि हरमन ट्रॉफी उठाए। डब्ल्यूपीएल के पहले संस्करण में, अगर किसी भारतीय कप्तान को जीतना था, तो अगर मैं नहीं, तो वह हरमन ही थी। मैं उस समय मुंबई के लिए वास्तव में खुश थी। मुझे नहीं पता था कि मैं डब्ल्यूपीएल जीतने वाली दूसरी भारतीय कप्तान बनूंगी। मैं सच में इस जीत से बहुत खुश हूं और यह दिखाता है कि भारतीय क्रिकेट में कितनी गहराई है। यह तो सिर्फ शुरूआत है, भारतीय कप्तानों के नजरिए से हमें अभी भी लंबा रास्ता तय करना है। उनका मानना है कि डब्ल्यूपीएल 2023 के बाद अब 2024 में खिताब जीतना, उनके लिए खुद पर भरोसा करने और मुश्किल मैच के दौरान शांत रहने के मामले में सीखने का एक बड़ा दौर रहा है।

# वाराणसी में हुआ प्रथम कोबुडो प्रतियोगिता का आयोजन

## विभिन्न राज्यों के 100 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा



**एजेंसी। वाराणसी**

कोबुडो इंडियन एसोसिएशन द्वारा रविवार को वाराणसी में प्रथम कोबुडो प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें उत्तर प्रदेश के अलावा असम, गुजरात, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, केरल, और बिहार के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कोबुडो एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के महासचिव अरविंद कुमार यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में 100 खिलाड़ियों ने 5 से 40 वर्ष आयु वर्ग में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि यह कोबुडो इंडियन एसोसिएशन की पहली प्रतियोगिता है जिसकी शुरूआत काशी नगरी से हुई है। प्रतियोगिता में अतिथी के रूप में कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव, देव भट्टाचार्य, अमित राय, डॉ कर्मराज सिंह, सुमा सिंह इत्यादी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि सौरभ श्रीवास्तव और क्योशी परमजीत सिंह, प्रभाकर शर्मा और अधिवक्ता नमिता झा ने विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और निर्णायक की भूमिका तीर्थनाथ शर्मा, हंसमुख, जिगनेश, विश्वजीत, निमेष सिंह, आशुतोष सिंह एवं विमलेश यादव ने निभाई।

**स्वर्ण पदक :** शिवेश शर्मा, वेदांत मिश्रा, सीमंतनी, अविघ्नं केशरी, धृति भूषण, अदिनाथ अहेरवार, लक्ष्य वर्मा, अरिंदम उपाध्याय, विष्णु रावत, अविघ्नं राय, प्रतीक।

**रजत पदक :** सूर्याश सहगल, सक्षम मिश्रा, अमृतांश, अद्रिजा, अयोनिज, गोविंद मेहरोत्रा, ऋषि कैलास, एस्ट्रोव सिंह, आदित्य कुमार सिंह, राज पांडे

**कांस्य पदक :** दिवित भूषण, आर्याहि सहगल, हिमांशु, देवेंद्र राय, युवराज, निमित, आरुष देव, सानवी साहू, सानवी गुप्ता।

## दिल्ली ने केरल को 4-1 से हराया

**नई दिल्ली।** दिल्ली ने हॉकी इंडिया 14वी सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप 2024 में केरल को 4-1 से हराया। यह चैंपियनशिप पुणे में आयोजित हो रही है। विजेता टीम दिल्ली के लिए सोनाली ने दो, मानसी और तान्या ने एक-एक गोल किए, जबकि केरल के लिए एकमात्र गोल श्वेता ने किया। दिल्ली के कोच सुबोध नौड़ियाल ने बताया कि दिल्ली की टीम की खिलाड़ी दिव्या को वूमेन ऑफ द मैच आंका गया। इससे पहले रविवार को पांचवें दिन प्रतियोगिता में हॉकी हरियाणा और हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। हॉकी हरियाणा ने पूल डी मुकाबले में ले पुडुचेरी हॉकी को 22-0 से हराकर टूर्नामेंट में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की। वहीं, पूल ई मुकाबले में, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने हॉकी चंडीगढ़ के खिलाफ 6-1 की जीत के बाद अपनी लगातार दूसरी जीत हासिल की।

# अफगानिस्तान ने रोमांचक मुकाबले में आयरलैंड को हराया



**एजेंसी। शारजाह**

मोहम्मद नबी 59 रन की शानदार अर्धशतकीय पारी और कप्तान राशिद खान के बल्ले और गेंद से हरफनमौल प्रदर्शन के दम पर अफगानिस्तान ने दूसरे टी-20 मुकाबले में आयरलैंड को 10 रनों से हरा दिया है। 153 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की शुरूआत ठीक रही और एंडी बालबर्नी और पॉल स्टर्लिंग की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट 49 रन जोड़े। एंडी बालबर्नी ने टीम के लिए सर्वाधिक 44गेंदों में 45 रनों की पारी खेली। गैरेथ डेलानी ने 18 गेंदों में 39 रन बनाए। कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने 25 रन बनाए। लोकर्न टकर 10 रन बनाकर आउट हुए। 12वें ओवर में कटिर्स कैम्फर छह रन बनाकर आउट हुए। आयरलैंड टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 142 रन ही बना सकी और 10 रनों से मुकाबला हार गई। अफगानिस्तान की ओर से राशिद खान ने चार विकेट लिए। नांगेयालिया खरोटे को दो विकेट मिले। फजलहक फारूकी और मोहम्मद नबी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

## ऑस्ट्रेलिया के कई खिलाड़ी दिखेंगे आईपीएल में

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 की शुरूआत 22 मार्च से हो रही है और कई खिलाड़ियों के लिए, यह कैरेबियन और यूएसए में जून में होने विश्व कप के लिए तैयारी के रूप में काम करेगा। हमेशा की तरह आईपीएल 2024 में ऑस्ट्रेलिया का मजबूत प्रतिनिधित्व है जिसमें कुछ बड़े नाम भी लौट रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों में कैमरून ग्रीन (आरसीबी), ग्लेन मैक्सवेल (आरसीबी), मिशेल स्टार्क (केकेआर), नाथन एलिस (पंजाब किंग्स), मिशेल मार्श (दिल्ली कैपिटल्स), डेविड वार्नर (दिल्ली कैपिटल्स), जेक फ्रेजर-मैकगर्क (दिल्ली कैपिटल्स), झाय रिचर्डसन (दिल्ली कैपिटल्स), एडम जम्पा (राजस्थान रॉयल्स), टिम डेविड (मुंबई इंडियंस), जेसन बेहरेनडॉर्फ (मुंबई इंडियंस), पैट कमिंस (सनराइजर्स हैदराबाद) सहित ऑस्ट्रेलिया के कई खिलाड़ी शामिल है।

# लगातार दूसरी बार चैंपियन बने अल्कराज

**इंडियन वेल्स ओपन फाइनल में कार्लोस अल्कराज ने डेनियल मेदवेदेव को 7-6(5), 6-1 से हराकर अपनी ट्रॉफी का बचाव किया, जबकि इगा स्वीयाटेक ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी सेट गंवाए बिना मारिया सक्कारी को 6-4, 6-0 से हराकर अपने करियर का 20वां खिताब जीता।**



**एजेंसी। कैलिफोर्निया**

कार्लोस अल्कराज के लिए, अपने खिताब की रक्षा करने की यात्रा चुनौतियों से भरी थी। टखने की समस्या से जूझ रहे युवा स्पैनियार्ड को फाइनल में डेनियल मेदवेदेव के खिलाफ एक कठिन लड़ाई का सामना करना पड़ा।

फाइनल मैच में एक मुश्किल शुरूआती सेट के बाद अल्कराज ने शानदार कमबैक किया। इस सेट में मेदवेदेव 6-5 से आगे थे। हालांकि, अल्कराज ने टाई-ब्रेक के जरिए वापसी करते हुए 7-5 से बढ़त हासिल की।

दूसरे सेट में मैच की कहानी अलग दिखी और अल्कराज ने विश्व नंबर 4 को हराते हुए वर्ष का अपना पहला खिताब जीता। साथ ही ये उनका पिछली गर्मियों में विंबलडन के बाद पहला खिताबी जीत भी है।

अल्कराज इंडियन वेल्स ताज का सफलतापूर्वक बचाव करने वाले केवल छठे खिलाड़ी हैं। साथ ही 2016 में नोवाक जोकोविच के बाद इंडियन वेल्स में लगातार दो बार जीतने वाले पहले खिलाड़ी हैं। अपनी शानदारक जीत पर अल्कराज ने हर चुनौतियों पर डटे रहने और इंडियन वेल्स के भव्य मंच पर इस क्षण का लाभ उठाने के लिए सबका आभार व्यक्त किया। उनकी जीत न केवल टेनिस जगत में एक उभरते सितारे के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत करती है, बल्कि दृढ़ता और आत्म-विश्वास की शक्ति के प्रमाण को भी दर्शाती है। अल्कराज ने कहा, मैं अभी बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं, यह टूर्नामेंट मेरे लिए बहुत मायने रखता है। यहां खेलना मेरे लिए बहुत खास है लेकिन मुझे लगता है कि यह साल कुछ ज्यादा ही खास है क्योंकि टूर्नामेंट से पहले मैं सोच रहा था कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ खेल पाऊंगा या नहीं।

मैं टखने की चोट के कारण अच्छा महसूस नहीं कर रहा था। इसलिए मेरे मन में बहुत संदेह था, लेकिन मैं उन समस्याओं से उबरने में सक्षम होने और अंत में बेहतर महसूस करने से वास्तव में खुश था। महिलाओं के फाइनल में, इगा स्वीयाटेक ने मारिया सक्कारी पर दो सीधे सेटों में शानदार जीत के साथ महिला सर्किट पर अपना दबदबा दिखाया। युवा खिलाड़ी स्वीयाटेक ने शुरूआत में ही 3-0 की बढ़त बना ली, लेकिन सक्कारी ने अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए वापसी की और अपने प्रतिद्वंद्वी के लिए खतरा पैदा करना शुरू कर दिया। इसके बाद ग्रीक खिलाड़ी ने स्वीयाटेक के साथ स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया और फिर मैच यहां से बढ़कर 4-4 की बराबरी पर गया।

## सूर्यकुमार की फिटनेस का इंतजार कर रही है मुंबई इंडियंस की टीम

**मुंबई ।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने सोमवार को कहा कि उन्हें टीम के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की फिटनेस की स्थिति को लेकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से ह्यअपडेट' का इंतजार है। टी20 में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज सूर्यकुमार अभी हर्निया के ऑपरेशन से उबर रहे हैं तथा वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरूआती मैचों से बाहर रह सकते हैं। बाउचर ने कहा, ह्यहमें सूर्यकुमार की फिटनेस को लेकर बीसीसीआई से अपडेट का इंतजार है। हम हमेशा फिटनेस संबंधी समस्याओं से जूझते रहे हैं लेकिन हमारे पास विश्वस्तरीय चिकित्सा दल है। हम फिटनेस मामलों के कारण एक या दो खिलाड़ियों को गंवा सकते हैं लेकिन हमें आगे बढ़ना होगा क्योंकि यह खेल का हिस्सा है।'

# खबरें व्यापार जगत की

## देश के कुछ शहरों में ई-बसें शुरू करेगी सरकार : गडकरी



**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि सरकार की अगले पांच साल में सभी भारतीय शहरों में और दिल्ली-शिमला, दिल्ली-चंडीगढ़ तथा मुंबई-पुणे जैसे कुछ लंबे मार्गों पर इलेक्ट्रिक बसें शुरू करने की योजना है। मंत्री ने एनडीटीवी के प्रधान संपादक संजय पुगलिया के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि बैटरी की कीमतों में गिरावट से यात्रियों के लिए बसों का किराया 30 प्रतिशत कम हो जाएगा। साथ ही प्रदूषण कम करने में भी मदद मिलेगी। मंत्री ने बताया कि लिथियम-आयन बैटरी की लागत 150 डॉलर से घटकर 112 डॉलर प्रति किलोवाट प्रति घंटे हो गई है। ऐसा देश में इस सेगमेंट में 350 प्रतिशत की वृद्धि के कारण हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ₹जब यह घटकर 100 डॉलर हो जाएगा, तो परिचालन लागत पेट्रोल और डीजल वाहनों के समान होगी। अगर आप एक महीने में पेट्रोल वाहनों पर 20-25 हजार रुपये खर्च करते हैं, तो इलेक्ट्रिक वाहनों पर आपको केवल दो हजार रुपये खर्च करने होंगे। देश में ईवी विनिर्माण में तेजी आई है, सभी सिगमेंट में उत्पादन बढ़ रहा है। गडकरी ने कहा, (देश में) 400 इलेक्ट्रिक स्कूटर निमार्ता हैं। हमारे पास 60 किमी की रेंज वाले इलेक्ट्रिक स्कूटर बनाने वाले निमार्ता हैं। मंत्री की टिप्पणियाँ देश को ई-वाहनों (ईवी) के विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने की योजना के लिए सरकार की मंजूरी की पृष्ठभूमि में आई हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा था कि यह नीति प्रतिष्ठित वैश्विक ईवी निमार्ताओं द्वारा ई-वाहन क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए बनाई गई है। यह नीति उन विदेशी कंपनियों के लिए न्यूनतम 4,150 करोड़ रुपये (लगभग 50 करोड़ डॉलर) का निवेश तय करती है जो देश में इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण सुविधाएँ स्थापित करना चाहती हैं। इस योजना का उद्देश्य एलन मस्क के नेतृत्व वाली टेस्ला जैसे प्रमुख ईवी निमार्ताओं से निवेश आकर्षित करना है। इसमें निवेश पर कोई ऊपरी सीमा तय नहीं की गई है।

## क्रिप्टो करेंसी मार्केट में देखी दो प्रतिशत की तेजी

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से 7 क्रिप्टो करेंसी बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं, जबकि 3 क्रिप्टो करेंसी गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं। आज के कारोबार में दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन ने रिकवरी का रुख दिखाया है, जिसके कारण ये आभासी मुद्रा आज 68 हजार डॉलर के स्तर को पार करने में सफल रही है। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम में भी तेजी दर्ज की गई है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 6 बजे तक बिटकॉइन 2 प्रतिशत की मजबूती के साथ 68,196.47 डॉलर यानी 56.54 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 0.47 प्रतिशत की तेजी के साथ उछल कर 3,596.52 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.01 प्रतिशत, सोलाना 8.39 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत, काडार्नो 0.58 प्रतिशत और एवालांचे 14.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर बीएनबी 0.76 प्रतिशत, एक्सआरपी 0.52 प्रतिशत और डोजेकॉइन 0.65 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

## नारायणमूर्ति ने पोते रोहन मूर्ति को गिफ्ट किए 240 करोड़ रुपये के शेयर



**नई दिल्ली।** देश की दूसरी सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इंफोसिस के संस्थापक एन. आर. नारायण मूर्ति ने अपने चार महीने के पोते एकाग्र रोहन मूर्ति को 240 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर उपहार में दिए हैं। अपने पोते को शेयर देने के बाद इंफोसिस में नारायणमूर्ति की हिस्सेदारी अब 0.40 फीसदी से घटकर 0.36 फीसदी रह गई है। उनके पास अब कंपनी के करीब 1.51 करोड़ शेयर रह गए हैं। रेगुलेटरी फाइललिंग में दी गई जानकारी के मुताबिक सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी में एकाग्र रोहन मूर्ति की 15,00,000 शेयर यानी 0.04 फीसदी हिस्सेदारी है। दरअसल, अपने पोते एकाग्र रोहन मूर्ति के 10 नवंबर, 2023 को पैदा होने के बाद इंफोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति ने अपने हिस्से के 240 करोड़ रुपये वैल्यू के शेयर गिफ्ट में दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इस तरह नारायण मूर्ति का पोता संभवतः देश का सबसे छोटा करोड़पति बन गया है। उल्लेखनीय है कि शेयर बाजार में रेगुलेटरी फाइलिंग के मुताबिक शेयरों को यह लेन-देन 'ऑफ-मार्केट' तरीके से किया गया हे। नारायण मूर्ति और सुधा मूर्ति नवंबर में दादा-दादी बने जब उनके बेटे रोहन मूर्ति और पत्नी अपर्णा कृष्णन को एक बेटा हुआ। नारायण मूर्ति और सुधा मूर्ति ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक और अक्षता मूर्ति की दो बेटियों के नाना-नानी भी हैं।

## एयर इंडिया एक्सप्रेस की अप्रैल में कोलकाता से कोच्चि और इंफाल के लिए सीधी उड़ानें

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की सहायक कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस अप्रैल में कोलकाता से इंफाल और कोच्चि के लिए अपनी सीधी उड़ानें शुरू करेगी। एयरलाइन की ये सभी उड़ानें इंफाल के लिए रोजाना और कोच्चि के लिए हफ़्ते में छह दिन होंगी। एयरलाइन के एक अधिकारी ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि एयर इंडिया एक्सप्रेस की ये नई उड़ानें इंफाल के लिए रोजाना और कोच्चि के लिए हफ्ते में छह दिन संचालित होंगी। कंपनी के मुताबिक कोलकाता से इंफाल के लिए विमान सुबह सात बजे उड़ान भरेगा और सुबह 8:05 बजे मणिपुर की राजधानी इंफाल पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि वापसी की उड़ान सुबह 8:35 बजे रवाना होगी और 10:20 बजे कोलकाता पहुंचेगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस की कोलकाता से कोच्चि के लिए विमान पूर्वाह्न 11:25 बजे उड़ान भरेगा और वापसी की उड़ान अपराह्न 3:05 बजे रवाना होगी। कंपनी ने कहा कि मार्ग एकीकरण के जरिए एयरलाइन कई घरेलू मार्गों पर अधिक उड़ानों का संचालन करेंगी। कि एयर इंडिया एक्सप्रेस, भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय एयरलाइन सेवा है।

## ई स्पोर्ट्स, गेम डेवलपमेंट में अधिक अवसरों की संभावना : सीआईआई

**पुणे।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे समय में जब देश का गेमिंग क्षेत्र उल्लेखनीय छलाँग के लिए तैयार है, ईस्पोर्ट्स और गेम डेवलपमेंट उद्योग में अधिक नौकरियाँ पैदा की जा सकती हैं। पुणे में हाल ही में संपन्न इंडिया गेमिंग शो में सीआईआई के अध्यक्ष आर. दिनेश ने कहा, ₹भारत में बौद्धिक संपदा के क्षेत्र में नए रास्ते बनाने की अपार क्षमता है, जिससे ईस्पोर्ट्स और गेम डेवलपमेंट में अधिक नौकरियों के सृजन का रास्ता खुलेगा। दिनेश ने आने वाले वर्षों में तेजी से विकास का अनुमान लगाते हुए इस उभरते क्षेत्र के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों मोर्चों पर इनकी बढ़ती प्रमुखता पर जोर देते हुए वीडियो गेम और ईस्पोर्ट्स क्षेत्र की परिवर्तनकारी यात्रा को रेखांकित किया। इंडिया गेमिंग शो के छठे संस्करण में 10 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 70 से अधिक प्रदर्शकों ने भाग लिया, जिसमें इंडोनेशिया ने अतिथि देश के रूप में शुरूआत की। वर्तमान में एक प्रतिशत से कम की बाजार हिस्सेदारी के साथ, देश के गेमिंग क्षेत्र में विस्तार की अपार संभावनाएँ हैं, जो पीसी, मोबाइल और कंसोल गेमिंग में प्रचलित रुझानों से प्रेरित है। दिनेश ने कहा कि भारत के पास विशेष रूप से निर्मित खेलों के विकास का नेतृत्व करने का अनूठा अवसर है, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि वैश्विक और घरेलू दोनों उत्पादों को वैश्विक पहचान मिले।

## एक नजर

### पुलिस निरीक्षक ने पदभार ग्रहण किया



**हुसैनाबाद।** अनुमण्डल क्षेत्र में नवपदस्थापित पुलिस निरीक्षक आशुतोष प्रसाद नारायण ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने योगदान देते ही अपने ऑफिस कर्मियों को साफ सफाई समेत कई आवश्यक जानकारी प्राप्त किया,साथ उन्होंने मीडिया से बताया कि पब्लिक और पुलिस की सहयोग से हैदरनगर मोहम्मद गंज,हुसैनाबाद के विभिन्न थाना और ओपी,चौकियों में बेहतर कार्य होगी आम जनता और पीड़ित को न्याय दिलाना ही पुलिस का पुरूषार्थ हैं मेरा बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था ही प्रथम लक्ष्य हैं।

### नर में नारायण की हो रही सेवा, 'समृद्धि की रोटी' अभियान जारी

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था द्वारा संचालित समृद्धि की रोटी अभियान निरंतर चल रहा है। जब आस्था हो नर में नारायण की तो निश्चित रूप से जरूरतमंदों के लिए भोजन से झोली भर ही जाता है। वास्तव में सालों साल से संस्था के सदस्य बहुत ही निष्ठा के साथ जरूरतमंदों की सेवा में अपना बहुमूल्य समय परिश्रम के साथ प्रदान करते हैं जिसमें मेदिनीनगर के नागरिकों तथा मीडिया भाईयों का भी सहयोग प्राप्त होता है। काम करने वाले व्यक्ति जिनकी आय बहुत ही कम है ऐसे लोगों के सहायतार्थ कुछ करना हमारा दायित्व भी है और ऐसे लोगों में ही दोना पत्तल दातून बेचने वाले आते है।

### रुद्र महायज्ञ से पूरे विस क्षेत्र को मिलेगी अपार शक्ति : रुद्र शुक्ला

**पांकी।** पांकी विधान सभा क्षेत्र के नीलांबर पीताम्बरपुर प्रखण्ड के झरकटिया ग्राम में सती पोखर रामानंद डबरा में भव्य रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया। रुद्र महायज्ञ में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक प्रत्याशी पांकी विधान सभा कांग्रेस नेता रुद्र शुक्ला शामिल हुऐ झरकटिया यज्ञ कमिटी ने युवा नेता को माला पहना कर स्वागत किया । युवा नेता रुद्र शुक्ला ने कहा कि झरकटीया ग्राम में हो रहे रुद्र महायज्ञ में मुझे आने का सौभाग्य प्राप्त हुवा यज्ञ कमिटी को दिल से धन्यबाद आभार व्यक्त करता हूं।

### भालू के हमले में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**डुमरी ।** डुमरी प्रखंड छेत्र अंतर्गत टाटी ग्राम के एक व्यक्ति सतीश बखला को एक भालू ने हमला कर व्यक्ति को बुरी तरह से घायल कर दिया। युवक के सर और पैर पर काफी चोट लगी हुई हैं। युवक को परिजनों के सहायता से सीएचसी डुमरी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिकी उपचार किया। भालू के हमले के बाद छेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ हैं लोग डरे हुए हैं।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों संग बैठक

# 23 मार्च तक लाइसेंसी हथियार थाने में जमा करें, नहीं तो लाइसेंस होगा रद्द : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोस चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने संयुक्त रूप से सोमवार को समाहरणालय के सभागार में लोकसभा निर्वाचन सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचल अधिकारी व सभी थाना प्रभारियों के साथ बैठक की ।बैठक में उपयुक्त ने कहा कि लोस चुनाव की घोषणा हो चुकी है,मतदान के दिन तय हो गये हैं, ऐसे में सभी आवश्यक तैयारियों को ससमय पूरा करें एवं निर्वाचन से संबंधित सभी रिपोर्ट जल्द से जल्द समर्पित करें।उन्होंने कहा कि प्राप्त निदेश के आलोक में सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधा होना अनिवार्य है।जिले के सभी 1796 मतदान केंद्रों पर बिजली,पानी,शौचालय,रैंप तथा पर्याप्त संख्या में फर्नीचर उपलब्ध रहे, इसे सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनिश्चित करें।मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर न्यूनतम मूलभूत सुविधा सुनिश्चित करें,ताकि मतदाताओं तथा मतदान दल को मतदान केंद्र में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो।मतदान केंद्र पर बिजली से चलने वाले सभी उपकरण यथा पंखा,बल्ब विशेष रूप से चार्जिंग पॉइंट चालू अवस्था मे रहे,इसे सुनिश्चित करें।किसी प्रकार की कोई कमी दिखे तो तुरंत दुरुस्त कर लें।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निदेश दिया कि अगर किसी भी मतदान केंद्र का नाम बदलने की आवश्यकता है तो संबंधित प्रस्ताव जल्द से जल्द समर्पित करें।



### वीएमएस व एमएमएस के माध्यम से ही निर्वाचन कार्यों को संपादित करने का निर्देश

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने वाहनों की उपलब्धता,उसमें ईंधन की व्यवस्था व भुगतान से जुड़े सारे कार्यों को व्हीकल मैनेजमेंट सिस्टम के जरिये ही निष्पादन कराने की बात कही।इसी तरह सामग्री आपुर्ति से जुड़े कार्यों को मैटेरियल मैनेजमेंट सिस्टम के जरिये निष्पादन करने का निर्देश दिया।उन्होंने सभी को निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित गाड़ी के अलावा किसी भी परिस्थिति में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की गाड़ी न बदले यह सुनिश्चित होना चाहिए।इसके अलावे उन्होंने कहा कि किसी कोषांग में प्रतिनियुक्त कोई कर्मी गलत तरीके से किसी प्रत्याशी या राजनीतिक दल को कोई गोपनीय सूचना देते पाया गया तो संबंधित कर्मी को सीधे बर्खास्त करने की कार्रवाई की जाएगी। कहा कि ऐसा नहीं करने वाले लाइसेंसधारियों के लाइसेंस को शस्त्र नियमावली के सुसंगत धाराओं के तहत रद्द/ निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति के वाहनों का काफिला पर रोक रहेगी। इसी तरह उन्होंने कम्युनिकेशन प्लान,वोटर स्लिप का ससमय वितरण,एफएसटी,एसएसटी बॉर्डर चेक पोस्ट पर सीसीटीवी सहित अन्य सुविधाएं,सहित अन्य विषयों पर समीक्षा कर कई निर्देश दिये।

## सांसद ने देर रात किया रेहला फोरलेन बाईपास निर्माण कार्य का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद वीडी राम ने रेहला में बन रहे फोर लेन बाईपास के निर्माण कार्य का रविवार की देर रात निरीक्षण किया। इस दौरान कार्य की धीमी गति देख नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। सांसद श्री राम ने कहा कि उक्त फोरलेन का निर्माण कार्य लगभग 95 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। शेष 5 प्रतिशत कार्य ग्राम अचला में कब्रिस्तान के पास बचा हुआ है जो कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है। उल्लेखनीय है कि गढ़वा बाईपास फोरलेन निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने से गढ़वा वासियों को आये दिन जाम की समस्या से जुझना पड़ रहा है। सांसद श्री राम ने एन0एच0आई0 के पदाधिकारियों एवं फोरलेन निर्माण का कार्य कर रही शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी को अविलंब शेष कार्य को पूर्ण करने को कहा, ताकि जल्द गढ़वा रेहला फोरलेन बाईपास से आवागमन प्रारंभ हो सके और गढ़वा वासियों की मांग पूर्ण हो सके।यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी सोमेश सिंहने दी है।

# भारी मात्रा में फेंकी हुई मिली सरकारी दवा, डीसी ने कार्रवाई के दिए निर्देश

**एलआरडीसी एवं सिविल सर्जन से मामले की कराई गई जांच दोषियों पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा ।** जिले में 16 मार्च शनिवार को को कांडी प्रखंड अंतर्गत राजा घटुहआ गांव के रास्ते के पास गड्ढे में बड़ी मात्रा में सरकारी दवा फेंके जाने की सूचना प्राप्त हुई। उपायुक्त शेखर जमुआर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए। भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, गढ़वा और असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा को संयुक्त रूप से जांच की जिम्मेदारी दी गयी। असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा ने जांच के बाद संयुक्त जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया.



जांच रिपोर्ट के अनुसार अनुसार कांडी प्रखण्ड अंतर्गत सतबहिनी से राजा घटुहआ गांव के रास्ते के पास गड्ढे में बड़ी मात्रा में फेंकी गयी सरकारी दवा मिली. इसे गंभीर कृत्य माना गया। बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए उक्त दवाओं को सेवन कराना था. लेकिन सेवन नहीं कराते हुए उपयोगी दवाओं को गड्ढे में फेका जाना अमानवीय कृत्य है।

**दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश ;** दवाओं को एकत्रित कर कांडी थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। जो उपयोगी दवा हैं उसे विधिवत सूची तैयार कराकर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मझिऑव के भंडार पंजी में नियमानुसार प्रविष्टि कराया जायेगा। दवाओं को बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए उपयोग में लाने की बात कही गई। उपायुक्त ने असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा को निर्देश दिया है कि उक्त मामलें में दोषी के विरूद्ध अविलंब प्राथमिकी दर्ज करायें। 24 घंटे के अंदर अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करें।

### सभी राजनीतिक दल 24 घंटों के अंदर हटाएं पोस्टर बैनर : एलआरडीसी

**हुसैनाबाद।** लोकसभा चुनाव की डुगडुगी बजते ही हुसैनाबाद के सभी विभागों में पदाधिकारी हो रहे है पदस्थापित, रविवार को हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय में नवपदस्थापित एलआरडीसी के रूप में गौरांग महतों ने अपना योगदान दिया। इस दौरान मीडिया से बाते करते हुए उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन हर तरह से चुस्त दुरुस्त हैं। उन्होंने बीडीओ रौशन कुमार,व कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत के विपुल सन्नी को निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र का मुआयना कर 24 घण्टो के अंदर सभी राजनीतिक दल के पोस्टर- बैनर वैसे सार्वजनिक व सरकारी भवनों या स्थानों पर लगाया गया हैं, उसे हटवाया जाएँ कि आपके द्वारा किसी भी सार्वजनिक स्थल या सरकारी भवन तथा स्थान पर पूर्व से पोस्टर बैनर,पेन्टिंग लिखावट या पार्टी दल के प्रचार प्रसार जैसी कोई होडिंग लगया गया हैं तो कृपया आप उसे हटवा ले।

# कृष्ण गोपाल, सीआर मुकुंद, सहित 6 संघ के सह-सरकार्यवाह बनाये गये

■ ये सरसंघचालक व सरकार्यवाह को कार्य में मदद करते हैं

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह (महासचिव) दत्तात्रेय होसबाले ने अपने छह सहयोगियों को चुना, जिनको सह-सरकार्यवाह (संयुक्त महासचिव) कहा जाता है। इनके नाम हैं- कृष्ण गोपाल, सीआर मुकुंद, अरुण कुमार, रामदत्त चक्रधर, अतुल लिमये व आलोक कुमार। संघ की पकड़ व फैलाव उन राज्यों में भी करने की पूरी कोशिश हो रही है, जिनमें उसकी पहुंच नहीं बनी है, जड़ नहीं जमी है। इनमें दक्षिण के राज्य ज्यादे हैं। प.बंगाल व झारखंड के कुछ इलाकों में भी पूरी पकड़ नहीं बनी है। संघ में पदाधिकारियों का क्रम किस तरह होता है इसको इस तरह समझें। आरएसएस में पदाधिकारियों को दो वर्गों में बांटा जा सकता है। एक केंद्रीय नेतृत्व जो पूरे संगठन की जिम्मेदारी निभाता है। दूसरा- स्थानीय स्तर के पदाधिकारी जो जमीनी स्तर पर गतिविधियों का प्रबंधन करते हैं। संघ के सबसे बड़ा नेता सरसंघचालक मोहन भागवत हैं। सरसंघचालक को उनके पहले वाले सरसंघचालक मनोनीत करते हैं और सरसंघचालक जीवन भर इस पद पर रहते हैं। इस पद के बाद दूसरे नंबर पर सरकार्यवाह पद है। जो संघ का सीईओ या मुख्य कार्यकारी अधिकारी जैसा होता है। जिनको अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के सदस्यों द्वारा चुना जाता है। इसके बाद सह-सरकार्यवाह (संयुक्त महासचिव) का पद है, जो सरसंघचालक की सहायता करते हैं। सह-सरकार्यवाह के छह पद हैं। इसके बाद आता है सात प्रभागों के प्रमुख का नंबर। ये प्रभाग निम्न हैं- सेवा प्रमुख, बौद्धिक प्रमुख, प्रचारक प्रमुख, संपर्क प्रमुख, शारीरिक प्रमुख, प्रचारक प्रमुख, व्यवस्था प्रमुख। इस सभी प्रमुखों के साथ एक-एक सह-प्रमुख भी होता है। इसके बाद स्थानीय स्तर के पदाधिकारी का नंबर आता है। जो लोकल लेवल पर गतिविधियों का प्रबंधन करते हैं। ये हैं- क्षेत्र संघचालकः एक क्षेत्र का नेतृत्व करता है। प्रांत संघचालकः एक राज्य का नेतृत्व करता है। जिला संघचालकः एक जिले का नेतृत्व करता है। शाखा संघचालकः स्थानीय शाखा का नेतृत्व करता है, जो संघ की सबसे बुनियादी इकाई है।

**संघ की शाखा की जिम्मेदारी वाली भूमिकाएं**

मुख्य शिक्षकः शाखा में मुख्य प्रशिक्षक। कार्यवाहः स्वयंसेवक जो शाखा स्तर पर विभिन्न कार्यों को संभालते हैं।

**कौन होते हैं कार्यकर्ता और कौन प्रचारक :** संघ के सिद्धांत पर काम करने वाले विचारक होते हैं। हर कार्यकर्ता को संघ शिक्षा शिविरों में चार स्तर के वैचारिक और शारीरिक अभ्यास से गुजरना होता है। आरएसएस में 95 प्रतिशत प्रचारक गृहस्थ कार्यकर्ता होते हैं। जो शादी -शुदा व बाल-बच्चे वाले होते हैं । जो समय-समय पर संघ की जिम्मेदारी निभाते हैं। संघ के लगभग पाँच प्रतिशत कार्यकर्ता पूर्ण प्रचारक होते हैं, जो अपना पूरा जीवन संघ को समर्पित कर देते हैं। मोहन भागवत, होसबाले व अन्य तमाम संघ पदाधिकारी इस तरह के पूर्ण कालिक ही हैं। जो अपना जीवन संघ के लिए व संघ में लगा दिये हैं। जिसके अधीन संघ के कई दर्जन अनुषांगिक संगठन चलते हैं, भले ही सीधे नहीं , लेकिन जुड़ाव है। जिसमें से एक राजनीतिक दल भाजपा भी है। जिसके लिए लोक सभा व विधान सभा चुनावों में संघ व उसके अन्य सभी अनुषांगिक संगठनों के कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ लग जाते हैं।

# निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए टीमवर्क जरूरी : डीसी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को समाहरणालय सभागार में लोकसभा निर्वाचन को लेकर सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी के साथ बैठक की. मौके पर एसपी रिष्मा रमेशन भी मौजद थीं. बैठक में शशि रंजन ने कहा कि चुनाव का ऐलान हो चुका है. मतदान के दिन तय हो गये हैं, ऐसे में आप सभी आवश्यक तैयारियों को समय पर पूरा करें. निर्वाचन से संबंधित सभी संबंधित रिपोर्ट जल्द से जल्द समर्पित करें. उन्होंने कहा कि प्राप्त निर्देश के आलोक में सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधा होना अनिवार्य है. जिले के सभी 1796 मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, शौचालय, रैंप तथा पर्याप्त सांख्य में फर्नीचर उपलब्ध रहे. इसे सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनिश्चित करें. मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर न्यूनतम मूलभूत सुविधा सुनिश्चित करें ताकि मतदाताओं तथा मतदान दल को मतदान केंद्र में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो. मतदान केंद्र पर बिजली से चलने वाले सभी उपकरण यथा पंखा, बल्ब विशेष रूप से चार्जिंग पॉइंट चालू अवस्था मे रहे, इसे सुनिश्चित करें. किसी प्रकार की कोई कमी दिखे तो तुरंत दुरुस्त कर लें. जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि अगर किसी भी मतदान केंद्र का नाम बदलने की आवश्यकता है तो संबंधित प्रस्ताव जल्द से जल्द समर्पित करें।



**वीएमएस-एमएमएस के माध्यम से ही करें निर्वाचन कार्य : डीसी :** बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने वाहनों की उपलब्धता, उसमें ईंधन की व्यवस्था व भुगतान से जुड़े सारे कार्यों को व्हीकल मैनेजमेंट सिस्टम के जरिये ही निष्पादन कराने को कहा. इसी तरह सामग्री आपूर्ति से जुड़े कार्यों को मैटेरियल मैनेजमेंट सिस्टम के जरिये निष्पादन करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि निर्धारित गाड़ी के अलावा किसी भी परिस्थिति में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की गाड़ी न बदलें, यह सुनिश्चित होना चाहिए. इसके अलावे किसी कोषांग में प्रतिनियुक्ति कोई कर्मी गलत तरीके से किसी प्रत्याशी या राजनीतिक दल को कोई गोपनीय सूचना देते पाया गया तो संबंधित कर्मी को सीधे बर्खास्त करने की कार्रवाई की जाएगी.

**23 मार्च तक सभी आर्म्स लाइसेंसधारी आर्म्स जमा करायें : डीसी :** उपायुक्त शशि रंजन ने जिले के सभी आर्म्स लाइसेंसधारियों को आगामी 23 मार्च तक अपने-अपने स्थानीय थाने में शस्त्र जमा करने के निर्देश दिये. ऐसा नहीं करने वाले लाइसेंसधारियों के लाइसेंस को शास्त्र नियमावली के धाराओं के तहत रद्द/निलंबन की कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि बिना अनुमति के वाहनों के काफिला पर रोक रहेगी. इसी तरह उन्होंने कम्युनिकेशन प्लान, वोटर स्लिप का ससमय वितरण, एफएसटी, एसएसटी बॉर्डर चेक पोस्ट पर सीसीटीवी सहित अन्य सुविधा सहित अन्य विषयों पर समीक्षा कर कई निर्देश दिये. मौके पर सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, सभी बीडीओ-सीओ समेत सभी दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष कारावास की सजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के अपर जिला और सत्र न्यायाधीश चतुर्थ व स्पेशल जज पोक्सो एक्ट के न्यायाधीश प्रेमनाथ पांडेय की अदालत ने नाबालिक से दुष्कर्म के आरोपी बच्चन यादव को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। वहीं 20 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थ दंड की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। इस मामले में सोनम देवी बदला हुआ नाम हुसैनाबाद थाना अंतर्गत लंगरकोट निवासी ने हुसैनाबाद थाना अंतर्गत बंसी बीघा नहर मोड निवासी बच्चन यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराई थी जो हुसैनाबाद थाना कांड संख्या 8 का भारतीय दंड विधान की धारा 363, 376, एवं 4 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम अनुसूचित जाति और जनजाति निरसंसता निवारण अधिनियम के तहत दर्ज किया गया था । अभियुक्त पर आरोप था कि पीड़िता को साइकिल से गांव के पोखरा तरफ ले गया और उसका अंडर गारमेंट्स खोलकर गलत काम किया ।पीड़िता के साथ दुष्कर्म और प्रवेशन लैंगिक हमला किया । पीड़िता का ईलाज हुसैनाबाद व सदर अस्पताल डाल्टनगंज में हुआ। जिस समय घटनाकारित हुई थी पीड़िता 6 साल की थी । पुलिस ने साइकिल और मोबाइल जप्त किया था । घटना के वक्त पीड़िता के चिल्लाने के बाद भी अभियुक्त ने पीड़िता के साथ गलत काम करते रहा। जिससे पीड़िता दांत से उसे काटी भी थी । इसके बाद आरोपी ने पीड़िता को घर लाकर छोड़कर भाग गया ।पीड़िता के कपड़ों से खून लगा हुआ था। सोनम देवी का बयान शहर थाना के एस आई प्रमोद कुमार सिंह ने लिया था। अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए बंसीबीघा नहर मोड हुसैनाबाद निवासी बच्चन यादव को भारतीय दंड विधान की धारा 363 में 5 वर्ष सश्रम कारावास की सजा व 366 में आठ वर्ष सश्रम कारावास की सजा व 10 हजार रुपया जुमार्ना लगाया है।

# पलामू टाइगर रिजर्व के आसपास के गांव के लोग अब मिर्चा केक बनाने की कला सीखेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मिर्चा केक एक ही मिर्च है जो लाल रंग की है और इस तीखे लाल मिर्च में गाय का गोबर कुछ पुआल, खास भूसा डालकर बांस की छोटी-छोटी लकड़ीयों आ रुप दे दिया जाता है। इसके सूख जाने पर जब इसे जलाया जाता है तो इस लाल मिर्च के कारण धुआ निकलता और यह धुआ हाथियों को बर्दाश नहीं है। मिर्च के का उपयोग हाथियों के झुंड को खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचाने या फिर घरों की दीवार या छत को नुकसान पहुंचाने से रोकने में किया जा रहा है। मिर्च केक का उपयोग और प्रयोग कई वर्षों से देश के असम राज्य में हो रहा है वहां एक खास की तरह के लाल मिर्च मिलती है जिससे नागा लाल मिर्च या बुलेट लाल मिर्च कहा जाता है। उस मिर्च का प्रयोग वहा हाथियों को भगाने में इस्तेमाल किया जाता है। यह एक घरेलू उपाय हैं इसमें खर्च नहीं के बराबर होता है और बहुत ही आसानी से घर की औरतें इसे बना सकती है। पलामू टाइगर रिजर्व के उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पीके जैना ने इस बात की पुष्टि की के असम में उपयोग की जाने वाली मिर्चा केक अब पलामू टाइगर रिजर्व में भी इसका प्रयोग किया जाएगा प्रयोग ही नहीं उपयोग भी किया जाएगा क्योंकि यहां भी उच्चतम क्वालिटी की लाल मिर्च होती है उस लाल मिर्च को पाउडर बनाकर गाय के गोबर , पुआल, कुछ खास पुस देखकर एक केक का रूप दे दिया जाता है, और फिर इसे जलने पर इसके धुएं से हाथी लौट जाता है। यह बात पीके जैना ने बताया कि असम में वहां के ग्रामीण अपने फसलों और घरों के इसी उपाय से बचा रहे हैं। यह बात बहुत ही आवश्यक है कि अब तक हाथियों के झुंड को भगाने के लिए लोकरी और बम पटाखा का इस्तेमाल होता रहा है लेकिन हाथी भी मनुष्य के इन तत्काल को जान चुका है और वह पटाखों से या लोकारी से अब उतना तेजी से पीछे नहीं हटा। उपनिदेशक पीके जैना ने बताया के इसी रविवार को असम गुवाहाटी के एक देश प्रसिद्ध हाथी विशेषज्ञ केके सरमा आए हुए थे। उन्होंने रविवार की शाम को एक बहुत ही उपयोगी कार्यशाला को संबोधित भी किया और रविवार को रात को ही वह रांची के लिए रवाना हो गया। केके सरमा नेवी मिर्चा केक के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी दी और यह बताया कि यह मिर्चा के एक वन प्राणियों को किसी भी रूप से कोई नुकसान या छाती नहीं पहुंचता है। इसलिए इसको बनाना आसान है घर के महिलाएं आसानी से इसे बना सकती है 1 किलो लाल मिर्च में कई मिर्च केक बहुत ही आसानी से बनाई जा सकती है इसलिए बम पटाखों की जगह मिर्च के का उपयोग ज्यादा लाभकारी होगा। पलामू टाइगर रिजर्व के उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पीके जैना ने बताया कि हाथियों को रोकने यानी फसलों को रोंदने के कई उपाय किए गए जैसे खाई खोदी जाती है लेकिन हाथी बहुत ही होशियार जानवर है। वह कोई ना कोई रास्ता ढूंढ लेता है खड़ी फसलों तक पहुंचाने के लिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि पलामू टाइगर रिजर्व के आसपास के गांव के लोग अपने मुख्य अनाज लगे थे तो की आजू-बाजू में नींबू ,अदरक की खेती शुरू कर दे तो वैसे फैसले हाथियों के रन जाने से बच जाएंगे।



### आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन, पंसस मीना, मुन्ना व अज्ञात पर एफआइआर

**पलामू।** लोकसभा चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी होने के बाद सभी तरह के निर्माण कार्य पर रोक लगा दी गई है। बावजूद रविवार को पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड के रबदा गांव में 15वीं वित्त आयोग से पीसीसी सड़क निर्माण की आधारशिला रखी गई। मामले में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन को लेकर चैनपुर के बीडीओ नीतीश कुमार भास्कर ने मामला दर्ज कराया है। रबदा पंचायत समिति सदस्य मीना कुमारी एवं कंकारी के पंचायत समिति सदस्य मुन्ना कुमार सहित कई अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया है। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने सोमवार को बताया कि दिए गए आवेदन के आलोक में मामला दर्ज कर लिया गया है। आवेदन के अनुसार आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद रविवार सुबह में रबदा पंचायत में पंचायत समिति सदस्य मीना कुमारी ने मनोज चौधरी के घर से रामजी चौधरी के घर तक पीसीसी पथ का शिलान्यास किया था।

## पेज एक के शेष

### 21 तक बॉन्ड संबंधी...

एसबीआई की तरफ से पेश हुए वकील हरीश साल्वे, फिक्की व भारतीय वाणिज्य एंव उद्योग मंडल (एसोचैम) की तरफ से पेश हुए मुकुल रोहतगी ने तरह-तरह के तर्क दिये। लेकिन संवैधानिक पीठ ने इनके हर तर्क की काट करते हुए इलेक्टोरल बॉन्ड के यूनिक नंबर सहित हर जानकारी 21 मार्च की शाम 5 बजे तक उपलब्ध कराने का आदेश दे दिया। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आदिल अग्रवाल तथा एक अन्य वकील मैथ्यूज जे नेंदुमपारा ने भी कुछ तर्क दिये जिस पर सीजेआई ने कड़ा रुख अपनाया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- 21 मार्च की शाम 5 बजे तक एसबीआई के चेयरमैन एक एफिडेविट भी दाखिल करें कि उन्होंने सारी जानकारी दे दी है। सीजेआई चंद्रचूड़ की बेंच ने कहा कि सीबीआई जानकारियों का खुलासा करते वक्त सिलेक्टिव नहीं हो सकता। इसके लिए आप हमारे आदेश का इंतजार न करें। सीजेआई ने कहा- एसबीआई चाहती है हम ही उसे बताएं किसका खुलासा करना है, तब वे बताएंगे। ये रवैया सही नहीं है। बॉन्ड के यूनिक नंबर्स न होने पर कोर्ट ने 16 मार्च को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को नोटिस देकर 18 मार्च तक जवाब मांगा था। कोर्ट ने चुनाव आयोग को भी एसबीआई से मिली जानकारी तुरंत अपलोड करने निर्देश दिया है। मालूम हो कि इस संविधान पीठ ने बीते 11 मार्च के फैसले में एसबीआई को बॉन्ड की पूरी डिटेल देने का निर्देश दिया था। लेकिन, एसबीआई ने केवल बॉन्ड खरीदने और कैश कराने वालों की जानकारी दी। यह खुलासा नहीं किया गया था कि किस डोनर ने किस राजनीतिक पार्टी को कितना चंदा दिया।

### तेज हवाओं के साथ बारिश ने...

का मिजाज बदल गया था। करीब तीन बजे घुप अंधेरा छा गया। तेज हवाएं चलने लगीं, बिजली चमकने लगी। इसके साथ बारिश का दौर शुरू हो गया। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि कई जगहों पर राज्य में 21 मार्च तक बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने बारिश, वज्रपात व ओलावृष्टि को लेकर अलर्ट जारी किया है। 19 मार्च को रांची समेत कई जिलों में भारी बारिश, वज्रपात व ओलावृष्टि को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने अपने पूवार्नुमान में बताया है कि 22 से 24 मार्च तक मौसम मुख्यतः साफ रहेगा। राज्य के दक्षिणी, मध्य और उत्तरी हिस्से में इस दौरान बारिश के साथ तेज हवाएं चलेंग। हवा की रफ्तार 40 किमी प्रति घंटा होगी जबकि इन हिस्सों में थंडरिंग भी होगी। केंद्र के अनुसार गुमला, सिमडेगा, रांची, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम में तेज बारिश की और थंडरिंग को लेकर चेतावनी जारी की गयी है। इसके साथ 20 मार्च तक राज्य के उत्तरी पूर्वी, दक्षिणी और मध्य हिस्से में बारिश होगी। इसमें रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो, खूंटी, पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां, उत्तर पूर्वी हिस्से में धनबाद, देवघर, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा में बारिश की संभावना है। आने वाले 21 मार्च तक राज्य के मौसम में बारिश और थंडरिंग का असर देखा जायेगा। मौसम विभाग की ओर से 19 मार्च के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जिसमें बताया गया है कि राज्य के दक्षिणी, मध्य और उत्तरी हिस्से में इस दौरान बारिश के साथ तेज हवाएं चलेंगी।

**KASHYAP'S DENTAL CLINIC**

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का इलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का इलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा इलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### नायब सैनी की सीएम पद पर नियुक्ति को चुनौती

**चंडीगढ़।** हरियाणा में मुख्यमंत्री पद पर नायब सिंह सैनी की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने मामले में हरियाणा सरकार, केंद्र सरकार, विधानसभा अध्यक्ष और चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। एडवोकेट जगमोहन सिंह भट्टी ने याचिका में आरोप लगाया था कि नायब सिंह की मुख्यमंत्री के तौर पर नियुक्त नियमों के खिलाफ जाकर की गई है।

### हथियार के लाइसेंस से जुड़े मामले में अब्बास अंसारी को मिली राहत

**नई दिल्ली।** गैंगस्टर मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। हथियार के लाइसेंस से जुड़े मामले में अदालत ने उसे जमानत दे दी है। गौरतलब है कि अब्बास अंसारी ने इस मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी।

### सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने सीएम योगी से की मुलाकात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने सोमवार को अपने बेटे के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इसकी जानकारी उन्होंने एक्स पर देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके लखनऊ स्थित आवास पर भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी से लोकसभा चुनाव की तैयारी पर विस्तार से चर्चा की। इसके साथ ही पंचायती राज और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के कार्यों की चर्चा कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# मेरे लिए हर मां, बेटी और बहन 'शक्ति' का रूप : पीएम

■ मोदी ने कहा, शक्ति को खत्म करने की इंडी गठबंधन की चुनौती को मैं स्वीकार करता हूं

**एजेंसी। जगतियाल/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को तेलंगाना के जगतियाल में पार्टी की जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का उत्सव प्रारंभ हो चुका है। 13 मई को तेलंगाना के लोग नया इतिहास रचने वाले हैं। तेलंगाना में होने वाला मतदान 'विकसित भारत' के लिए होगा और जब भारत विकसित होगा तो तेलंगाना भी विकसित होगा। इधर, तेलंगाना में भाजपा के लिए समर्थन लगातार बढ़ रहा है। जगतियाल में आज की रैली में भारी भीड़ इसका प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में 4 जून को 400 पार की गूंज है। तेलंगाना भी अबकी बार 400 पार कह रहा है। इंडी गठबंधन के घोषणा पत्र में शक्ति को लेकर टिप्पणी पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, इंडी गठबंधन के नेताओं ने शिवाजी पार्क से कहा कि इंडी अलायंस की लड़ाई शक्ति के साथ है। इंडी गठबंधन का घोषणापत्र शक्ति को लक्षित करता है, जो हर मां, बेटी और बहन का प्रतिनिधित्व करता है। मैं उन्हें शक्ति के रूप में सम्मान देता हूं और भारत माता की पूजा करता हूं। शक्ति को खत्म करने का उनका उद्देश्य एक चुनौती है जिसे मैं स्वीकार करता हूं। मैं आगे की लड़ाई के लिए तैयार हूं।



### एक ओर शक्ति के पूजक, तो दूसरी ओर शक्ति के विनाशक

इस पृथ्वी पर कोई भी शक्ति को नष्ट करने की बात कैसे कर सकता है जब हर कोई इसकी पूजा करता है? उन्होंने कहा कि एक ओर शक्ति के विनाश की बात करने वाले लोग हैं, दूसरी ओर शक्ति की पूजा करने वाले लोग हैं। मुकाबला 4 जून को हो जाएगा कि कौन शक्ति का विनाश कर सकता है और कौन शक्ति का आशीर्वाद प्राप्त कर सकता है। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, तेलंगाना गठन के पहले 10 वर्षों में, बीआरएस ने राज्य को जमकर लूटा। अब, कांग्रेस ने तेलंगाना को अपने एटीएम राज्य में बदल दिया है। तेलंगाना से लूटा गया पैसा दिल्ली पहुंचता है और वंशवादी परिवारों की तिजोरी में समा जाता है। फिर, इस पैसे का इस्तेमाल देश के भीतर झूठ और विभाजन की साजिशों को वित्तपोषित करने के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा कि परिवार वादियों का पूरा इतिहास उठाकर देख लीजिये, देश में जितने भी बड़े घोटाले हुए हैं, उनके पीछे कोई न कोई परिवार वादी पार्टी ही मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, चाहे बीआरएस और कांग्रेस एक-दूसरे के लिए कितनी भी कवर फायर कर लें, इनकी एक-एक लूट का हिसाब होकर रहेगा। मोदी तेलंगाना के लोगों को लूटने वालों को छोड़ेगा नहीं। ये मोदी की गारंटी है।

## जिस शक्ति के बारे में मैंने कहा, वह अधर्म भ्रष्टाचार और असत्य की शक्ति : राहुल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के शक्ति पर दिए बयान पर मचे घमासान के बीच अब एक तरफ उनकी पार्टी उनके बचाव में उतर आई है। वहीं, राहुल गांधी की तरफ से इसको लेकर प्रतिक्रिया दी गई है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि जिस शक्ति का मैंने उल्लेख किया, जिस शक्ति से हम लड़ रहे हैं, उस शक्ति का मुखौटा नरेंद्र मोदी हैं। उनका मतलब साफ था कि उनके बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया।



दरअसल, राहुल गांधी ने अपने बयान पर सफाई देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, नरेंद्र मोदी को मेरी बातें अच्छी नहीं लगतीं, किसी न किसी तरह उन्हें घुमाकर वह उनका अर्थ हमेशा बदलने की कोशिश करते हैं क्योंकि वह जानते हैं कि मैंने एक गहरी सच्चाई बोली है। जिस शक्ति का मैंने उल्लेख किया, जिस शक्ति से हम लड़ रहे हैं, उस शक्ति का मुखौटा नरेंद्र मोदी हैं।

वह एक ऐसी शक्ति है, जिसने आज, भारत की आवाज को, भारत की संस्थाओं को, सीबीआई, आईटी, ईडी को, चुनाव आयोग को, मीडिया को, भारत के उद्योग जगत को, और भारत के समूचे संवैधानिक ढांचे को ही अपने चंगुल में दबोच लिया है। उसी शक्ति के लिए नरेंद्र मोदी भारत के बैंकों से हजारों करोड़ के कर्ज माफ कराते हैं, जबकि, भारत का किसान कुछ हजार रुपयों का कर्ज न चुका पाने पर आत्महत्या करता है।

बसपा को उत्तर प्रदेश में लगा बड़ा झटका

## भाजपा में शामिल हुईं सांसद संगीता आजाद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में मायावती की बहुजन समाज पार्टी (बसपा) को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। उत्तर प्रदेश के लालगंज संसदीय क्षेत्र से बसपा की लोकसभा सांसद संगीता आजाद, उनके पति और बसपा से विधायक रह चुके अरिमर्दन आजाद ने सोमवार को भाजपा का दामन थाम लिया। संगीता आजाद के ससुर स्वर्गीय गांधी आजाद बसपा के



संस्थापक सदस्य रहे हैं और बसपा के राष्ट्रीय महासचिव भी रह चुके हैं। प्रसिद्ध महिला अधिवक्ता सीमा कुशवाहा ने भी इन दोनों नेताओं के साथ सोमवार को भाजपा का दामन थाम लिया।

### मानव तस्करी रोकने के लिए एनसीडब्ल्यू करेगा आरपीएफ के साथ समझौता

**नई दिल्ली।** मानव तस्करी को रोकने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग मंगलवार को आरपीएफ के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेगा। आयोग के मुताबिक यह एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय रेल देश के लिए प्राथमिक ट्रांसपोर्टर है और इसका सबसे बड़ा नेटवर्क है, इसलिए मानव तस्करों के लिए परिवहन का एक प्रमुख रूट है। रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में तैनात आरपीएफ कर्मियों को पीड़ित के गंतव्य तक पहुंचने और शोषण शुरू होने से पहले तस्करी को रोकने के लिए रणनीतिक रूप से तैनात किया जाता है।

## कमल नाथ के करीबी सैयद जाफर सहित कई कांग्रेसी नेता भाजपा में हुए शामिल

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमल नाथ को बड़ा झटका लगा है। उनके करीबी और कांग्रेस के मीडिया विभाग के पूर्व उपाध्यक्ष व वर्तमान प्रवक्ता सैयद जाफर सहित छिंदवाड़ा के कई कार्यकताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सैयद जाफर ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मौजूदगी में भाजपा की



सदस्यता ग्रहण की। सैयद जाफर की गिनती पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के करीबियों में होती रही है और वह पिछले कुछ दिनों से भाजपा की नीतियों का समर्थन करते आ रहे हैं। उन्होंने अभी हाल ही में सीएए का खुलकर समर्थन किया था। सैयद जाफर के साथ छिंदवाड़ा क्षेत्र के कई पदाधिकारी और नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इसके अलावा कई अन्य क्षेत्रों के कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो गए हैं।

### आजम खां को 7 साल की सजा, अन्य 3 दोषी 5 साल जेल में रहेंगे

**रामपुर।** डूंगरपुर प्रकरण के एक मामले में सपा नेता आजम खां को कोर्ट ने सोमवार को सात साल की सजा सुनाई है। इसके अलावा तीन दोषियों को पांच-पांच साल कारावास की सजा सुनाई गई है। आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, रिटायर्ड सीओ आले हसन, ठेकेदार बरकत अली पर अदालत शनिवार को दोष सिद्ध कर चुकी थी। डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने के दौरान वर्ष 2019 में 12 मुकदमे दर्ज हुए थे। इनमें से एक केस इसी बस्ती के रहने वाले एहतेशाम ने दर्ज कराया था। आजम खां को आपराधिक षड़यंत्र का आरोपी बनाया था।

## तमिलनाडु में कांग्रेस 9 सीटों पर लड़ेगी चुनाव, हुआ समझौता

**एजेंसी। चेन्नई**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने सोमवार को चेन्नई में डीएमके मुख्यालय में लोकसभा चुनाव के लिए तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी (टीएनसीसी) के अध्यक्ष के. सेल्वापेरुन्थागई के साथ सीट समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते के अनुसार, कांग्रेस तमिलनाडु में इंडिया ब्लॉक से नौ सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इतनी ही सीटों पर उसने 2019 में डीएमके के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा था। ये नौ सीटें हैं - तिरुवल्लूर, मायलादुथुराई, शिवगंगा, कुड्डालोर, करूर, विरुधुनगर, तिरुनेलवेली, कृष्णागिरी और कन्याकुमारी। कांग्रेस ने इस बार कुड्डालोर, तिरुनेलवेली और मायलादुथुराई से अरणी, तिरुचि और थेनी सीटें बदली हैं। कांग्रेस पुडुचेरी केंद्र शासित प्रदेश की एकमात्र सीट पर भी चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस की सीटों की घोषणा के साथ, डीएमके जल्द ही उन सीटों की घोषणा करेगी जिन पर वह चुनाव लड़ना चाहती है।

### चुनावी गठबंधन को लेकर संकट में पीएमके

तमिलनाडु के शक्तिशाली वन्नियार समुदाय की राजनीतिक शाखा पीएमके राज्य में गठबंधन के सवाल पर बंटी हुई है। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व दो भागों में बंटा हुआ है। एक समूह जो पार्टी के संस्थापक डॉ. एस रामदास के प्रति निष्ठा रखता है और एआईएडीएमके के साथ चुनावी समझौता चाहता है, तो दूसरा समूह उनके बेटे और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अंबुमणि रामदास के साथ हैं, जो चाहते हैं बीजेपी के साथ गठबंधन हो। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और विधायक जी.के. मणि सहित नेताओं का एक बड़ा समूह एआईएडीएमके के साथ गठबंधन के पक्ष में है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, अंबुमणि रामदॉस बीजेपी के पक्ष में हैं, क्योंकि ऐसी चर्चा है कि उन्हें अगली केंद्र सरकार में कैबिनेट में जगह दी जाएगी। गौरतलब है कि डॉ. अंबुमणि रामदास अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में स्वास्थ्य मंत्री थे। 2019 के लोकसभा चुनाव और 2021 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी और पीएमके तमिलनाडु में एआईएडीएमके के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन में साथ थे।

## हम आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने से पीछे नहीं हटेंगे : जरदारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने सोमवार को कहा कि हम आतंकवादियों पर पलटवार करने से संकोच नहीं करेंगे। हम अपने सैनिकों की मौत का बदला किसी भी कीमत पर लेकर रहेंगे। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के बयान का हवाला देते हुए कहा, यह महान बलिदान हमारे वीर सपूतों के दृढ़ संकल्प का एक और गौरवशाली प्रमाण है, जिन्होंने हमारी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने में कभी कोई संकोच नहीं किया। हमारी मातृभूमि अपनी एकजुटता को प्रदर्शित करने के लिए सशस्त्र बलों के साथ खड़ी है। शनिवार को सात पाकिस्तानी सैनिक सहित दो अधिकारी उत्तरी वजीरिस्तान के मीर अली इलाके में मारे गए। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि मोहमंद



जिले में आतंकवादियों ने पुलिस चेकपोस्ट को निशाना बनाया। उन्होंने इसे निशाना बनाने के लिए हैंड ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। राष्ट्रपति जरदारी लेफ्टिनेंट कर्नल सैयद काशिफ अली और कैप्टन मुहम्मद अहमद बदर के अंतिम संस्कार में भी शामिल हुए थे। पाकिस्तानी राष्ट्रपति ने कहा, अगर कोई आतंकवादी हमारे सैनिकों पर हमला करेगा, तो हम उसे मुंहतोड़ जवाब देने में किसी भी प्रकार से संकोच नहीं करेंगे। हमारी आवाम और सेना दोनों ही आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## गढ़वाल से कांग्रेस के 3 और नेताओं ने दिया इस्तीफा

**एजेसी। देहरादून/श्रीनगर**

लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है। कांग्रेस पार्टी ने उत्तराखंड की 5 लोकसभा सीटों में से सिर्फ 3 पर ही प्रत्याशी घोषित किए हैं। अभी हरिद्वार और नैनीताल सीट पर प्रत्याशी घोषित होना बाकी है। उससे पहले सोमवार को कांग्रेस के तीन और नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस के गढ़वाल मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष केसर सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नवल किशोर



और पौड़ी ब्लॉक प्रमुख दीपक ने कांग्रेस पार्टी छोड़ दी है। ये तीनों मनीष खंडूरी के करीबी थे। इन तीनों के पार्टी छोड़ने पर जिला अध्यक्ष विनोद नेगी ने कहा कि तीनों पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप था, जिसके बाद पार्टी ने इन्हें 6 साल के लिए निष्कासित करने के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा को पत्र लिखा था। इनके पार्टी छोड़ने की सूचना सोशल मीडिया के जरिए दी गई। आपको बता दें कि केसर सिंह नेगी कांग्रेस पार्टी के उपाध्यक्ष पद पर चुके हैं। वहीं, नवल किशोर ने 2017 और 2022 में कांग्रेस के टिकट पर पौड़ी विधानसभा चुनाव लड़ा था और दीपक भी कांग्रेस से पौड़ी ब्लॉक प्रमुख के पद पर थे।

### सोना तस्करी मामले में पूर्व स्पीकर कृष्ण बहादुर महरा गिरफ्तार

**नेपाल।** एक क्विंटल सोने की तस्करी मामले में केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने पूर्व स्पीकर व माओवादी पार्टी के उपाध्यक्ष कृष्ण बहादुर महरा को गिरफ्तार कर लिया है। सीआईबी ने महरा को सोमवार सुबह उनके निवास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद महरा को सीआईबी हेडक्वार्टर लाया गया, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। महरा को आज ही काठमांडू की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा जहां से उनकी रिमांड मांगी जाएगी। सीआईबी प्रमुख एआईजी श्याम ज्ञवाली ने बताया कि सोना तस्करी मामले में जांच समिति की रिपोर्ट में कृष्ण बहादुर महरा की भूमिका की बात कही गई है। इस रिपोर्ट के आधार पर महरा को गिरफ्तार किया गया है। महरा नेपाल की प्रतिनिधि सभा के स्पीकर रह चुके हैं। इस समय वे माओवादी पार्टी के उपाध्यक्ष हैं। महरा की गिरफ्तारी प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड की हरी झंडी के बाद हुई है।

फिल्म जगत

## अरबाज ने कहा- सलमान खान की दबंग-4 का आना तय



**बॉलीवुड** के भाईजान सलमान खान की फैन फॉलोइंग जबरदस्त है। फैंस अपने पसंदीदा एक्टर को टीवी पर देखने के लिए हमेशा उत्सुक रहते हैं। फैंस सलमान की आने वाली फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। इस बारे में सलमान खान के भाई अरबाज खान ने एक बड़ा अपडेट दिया है। इस फिल्म के तीन पार्ट के बाद अब फैंस को फिल्म के चौथे पार्ट का इंतजार है। सलमान खान के छोटे भाई अरबाज खान ने 'दबंग 4' को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने इस खबर की पुष्टि की है कि फिल्म का चौथा पार्ट आ रहा है। यानी कि "दबंग-4" का आना तय है। 'दबंग 4' में एक बार फिर "चुलबुल पांडे" यानी सलमान खान का दमदार अंदाज देखने के लिए फैंस बेताब हैं। इस फिल्म के अलावा उनके दूसरे प्रोजेक्ट्स की बात करें तो एक्टर के पास करण जौहर की "द बुल" है। इसके अलावा "टाइगर वर्सेस पठान" भी लाइन में है। सलमान की ये फिल्म शाहरुख खान के साथ होगी। आखिरी बार उन्हें कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी के साथ "टाइगर 3" में देखा गया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई।


### मेरी तरह अनिल व पद्मजा को भी कांग्रेस में लौटना होगा : चेरियन फिलिप

**तिरुवनंतपुरम।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता चेरियन फिलिप ने कहा है कि पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी और कांग्रेस के चार बार के मुख्यमंत्री दिवंगतके करुणाकरण की बेटी पद्मजा वेणुगोपाल को मेरी तरह ही कांग्रेस पार्टी में लौटना होगा। फिलिप लंबे समय तक वरिष्ठ कांग्रेसी एके एंटनी के सबसे करीबी सहयोगियों में से एक थे। 2001 में उन्होंने पार्टी छोड़ दी और सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वामपंथ के सहयात्री बन गए।

## रूस की जनता ने पुतिन पर जताया भरोसा

**एजेंसी। मॉस्को**

रूस में राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव में जनता ने निवर्तमान राष्ट्रपति व्लादिमीर वी पुतिन पर अपना भरोसा जताया है। रूस के चुनाव आयोग ने कहा है कि प्रारंभिक परिणामों में पुतिन सबसे आगे हैं। उन्हें 88 प्रतिशत वोट मिले हैं। अमेरिकी समाचार पत्र द न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, चुनाव में भारी बढ़त मिलने के बाद पांचवीं बार राष्ट्रपति बनने जा रहे व्लादिमीर वी. पुतिन ने रविवार को राष्ट्रीय टेलीविजन पर अपने



समर्थकों को संबोधित किया।

पुतिन ने अपने चुनाव मुख्यालय से राष्ट्रीय टेलीविजन पर जनता को भी संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान विपक्षी नेता अलेक्सी नवलनी की मौत पर भी अपनी चुप्पी तोड़ी और इसे दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताया। उन्होंने कहा, चुनाव में उन्हें किसी तरह की प्रतिस्पर्धा का सामना नहीं करना पड़ा। इससे पहले रूस के चुनाव आयोग ने घोषणा की कि पुतिन को 88 प्रतिशत वोट मिले हैं। इस बीच मॉस्को में पुतिन समर्थक जीत का जश्न मना रहे हैं। राजनीतिक पंडितों का कहना है कि पुतिन पश्चिमी दुनिया के अधिकांश हिस्सों में भले ही अछूत बन गए हों पर चुनाव ने यह साबित कर दिया है कि रूस की जनता उन्हें बेइंतहा प्यार करती है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन को फिर से रूस का राष्ट्रपति चुने जाने पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को व्लादिमीर पुतिन को फिर से रूस का राष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत और रूस रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं।